आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

दिल्ली/एनसीआर ◆ वर्ष/VOL : 3 अंक : 331 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ मार्गशीर्ष 16 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | रविवार, 1 दिसंबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com

A PROJECT BY MOTIA GROUP

PBRERA-SAS79-PC0102

LAUNCHING

THE REGION'S MOST PROMISING COMMERCIAL DEVELOPMENT

ON PR-7, AIRPORT ROAD, ZIRAKPUR (CHANDIGARH)

MOTIA'Z GUILDFORD SQUARE

Today's Investment, Tomorrow's Pride

- LOCATED ON 200 FEET WIDE PR-7 AIRPORT ROAD
- WELL CONNECTED TO CHANDIGARH-DELHI NATIONAL HIGHWAY
- 1st LOW RISE COMMERCIAL DEVELOPMENT WITH HIGH RISE AMENITIES
- HIGHWAY FACING BUSINESS ARCADE WITH LARGE FRONTAGE
- STRATEGICALLY LOCATED AT THE ENTRY POINT OF CHANDIGARH, HARYANA, PUNJAB & HP

Avail LAUNCH Offer!!

- SHOWROOMS • RETAIL SPACES
- FINE DINING • OFFICES

*Terms & Conditions apply

INVESTMENT RANGING FROM ₹26.90 LACS TO ₹3.25 CRORE

- Ground + 2 low rise arcade with basement & ground level parking
- 23.5 feet double height ground floor showrooms
- Open to sky fine dining restaurants
- Landscaped Terrace

FLEXI PAYMENT PLANS WITH ATTRACTIVE RETURNS

Download Brochure

*Terms & Conditions apply

MOTIA GROUP

Developers: CHANDIGARH BUILDERS & PROMOTERS
Site/Sales Office: PR-7, Airport Road, Zirakpur (Chandigarh)
E: info@motiagroup.com

www.motiagroup.com

Call: 88600-95959

TURN OVER TO HAVE A GLIMPSE OF OUR RECENTLY DELIVERED COMMERCIAL PROJECT

epaper.dainiktribuneonline.com

www.motiagroup.com

PBRERA-SAS79PC0001

ELEVATE YOUR BRAND TO NEWER HEIGHTS

100+ BRANDS ALREADY OPERATIONAL

OFFICE | RETAIL | FOOD COURT | HYPERMARKET

Spaces ranging from 680 Sqft to 50,000 Sqft

BEST LEASING

OPTION for MNCs & Corporates

NO RENTAL FOR FIRST YEAR

INVEST & GET ASSURED RENTAL FOR 3 YEARS

NO GST

SPACES LEASED TO LEADING BRANDS ALSO AVAILABLE

*Terms & Conditions apply

24/7 OPERATIONAL POWER BACK-UP SECURITY

MORE THAN **50,000** FAMILIES RESIDING IN CLOSE PROXIMITY

Maintained by: JLL

Download Brochure

MOTIA'Z Royal Business Park

CHANDIGARH-DELHI HIGHWAY, ZIRAKPUR

MOTIA GROUP

MOTIA DEVELOPERS PVT. LTD. Corporate Office: 4th Floor, Royal Business Park, Chandigarh-Delhi Highway, Zirakpur Email: info@motiagroup.com

Call: 88600 95959

epaper.daniktribuneonline.com

लहरें में आज पढ़े
एंटरटेनमेंट का नया प्लेटफॉर्म

आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

दिल्ली/एनसीआर ◆ वर्ष/VOL : 3 अंक : 331 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ मार्गशीर्ष 16 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com

रविवार, 1 दिसंबर, 2019

www.dainiktribuneonline.com

हैदराबाद की वारदात के खिलाफ प्रदर्शन -पेज 10

284 एनडीए कैडेट का प्रशिक्षण हुआ पूरा

पुणे (एजेंसी) : राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के कुल 284 कैडेट ने शनिवार को पासिंग आउट परेड के साथ यहां प्रशिक्षण पूरा किया। पासिंग आउट परेड में शामिल होने वाले अधिकारियों में थल सेना के 188 कैडेट, नौसेना के 38 कैडेट, वायुसेना के 37 कैडेट और मित्रवत विदेशी देशों के 20 कैडेट शामिल हैं। राष्ट्रपति का स्पर्ण पदक कैप्टन मज्जी गिरिधर को दिया गया। रजत पदक बटालियन कैडेट कैप्टन कुशाग्र मिश्रा और कांस्य पदक बटालियन कैडेट कैप्टन एन के विश्वकर्मा को मिला। 'माइक' स्क्वाड्रन को विजेता स्क्वाड्रन रहने के लिए प्रतिष्ठित चीफ ऑफ स्टाफ बैनर प्रदान किया गया।

पाक ने छेड़ रखा है छद्म युद्ध पेज 10

पुंछ में लगातार दूसरे दिन पाक ने तोड़ा संघर्ष विराम

जम्मू (एजेंसी) : पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को लगातार दूसरे दिन संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगी अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, भारतीय सेना पाकिस्तान को माकूल जवाब दे रही है। प्रवक्ता ने बताया, 'पाकिस्तान ने अपराह्न लगभग साढ़े 3 बजे नियंत्रण रेखा से लगे पुंछ के शाहपुर और किरनी सेक्टरों में अकारण संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार दागे।' पाकिस्तान ने शुक्रवार को भी बालाकोट सेक्टर के निकट नियंत्रण रेखा पर सीमा से लगे इलाकों में गोलीबारी की थी।

'बाजवा का आइडिया था करतारपुर गलियारा'

लाहौर (एजेंसी): पाक के रेल मंत्री शेख राशिद ने शनिवार को दावा किया कि करतारपुर गलियारा शुरू करने का आइडिया सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का था और यह बात भारत को हमेशा आहत करती रहेगी। मंत्री का यह बयान इमरान सरकार के उस दावे के विपरीत है, जिसमें इसे पीएम इमरान खान का विचार बताया गया था। शेख राशिद ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर खोलकर जनरल बाजवा ने जो घाव दिया है, भारत उसे हमेशा याद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से पाक ने शांति का नया माहौल बनाया है और सिख समुदाय का प्यार हासिल किया है।

आज के अंक के साथ 4 पेज का साप्ताहिक 'लहरें' भी शामिल है।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

चुनाव आयोग ने जजपा को मान्यता दी

कोई माने चै ना माने पर चाबी तो इसी कै हाथ में सै।

बेटी डीएसपी, छलकी मां की खुशी

यह तस्वीर भोपाल की है। डीएसपी नियुक्त एक महिला पासिंग आउट परेड के दौरान अपनी मां को पुलिस कैप पहनाती हुईं। - प्रेट्र

सियाचिन में हिमस्खलन से 2 सैनिक शहीद

श्रीनगर, 30 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में दक्षिणी सियाचिन ग्लेशियर में लगभग 18 हजार फुट की ऊंचाई पर गश्त कर रहा सेना का एक दल शनिवार को हिमस्खलन की चपेट में आ गया। इसमें 2 जवानों की मौत हो गई।

रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने बताया कि सेना का गश्ती दल हिमस्खलन की चपेट में आ गया। हिमस्खलन बचाव दल (एआरटी) तुरंत वहां पहुंचा और टीम के सभी सदस्यों का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने में कामयाब रहा। इसके साथ ही जवानों को बचाने के लिए सेना के हेलीकॉप्टरों की सेवा ली गई। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि चिकित्सा टीमों के प्रयासों के बावजूद, सेना के 2 जवानों की जान चली गई। 2 सप्ताह में सियाचिन में हिमस्खलन की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 18 नवंबर को सियाचिन ग्लेशियर के उत्तरी हिस्से में हुए हिमस्खलन में भारतीय सेना के 4 जवान और 2 कुलियों की जान चली गई थी। कारकोरम रेंज में लगभग 20 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया में सर्वाधिक ऊंचाई वाला सैन्यीकृत क्षेत्र माना जाता है। यहां प्रायः हिमस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र

उद्धव सरकार ने जीता विश्वास

पक्ष में पड़े 169 वोट, भाजपा के सभी 105 विधायकों ने किया वाकआउट

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (शिवसेना-राकांपा और कांग्रेस) सरकार ने शनिवार को विधानसभा के विशेष सत्र में 169 वोटों से विश्वास मत हासिल कर लिया। कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने सदन में प्रस्ताव पेश किया, जिसका राकांपा और शिवसेना के सदस्यों ने समर्थन किया। भाजपा ने सत्र पर आपत्ति जताई और विश्वास मत से पहले उसके 105 विधायकों ने सदन का वाकआउट किया। 4 विधायकों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। सरकार के विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा। गठबंधन में शामिल तीनों दलों के पास 154 विधायक हैं, सरकार को इससे 15 वोट ज्यादा मिले। बहुजन विकास अघाड़ी और सपा ने सरकार का समर्थन किया।

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने बहुमत साबित करने के लिए उद्धव ठाकरे को 3 दिसंबर तक का समय दिया था, लेकिन ठाकरे ने 3 दिन पहले ही बहुमत साबित कर दिया।

इससे पहले भाजपा ने दावा किया कि शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा में कामकाज किया जाना संवैधानिक नियमों का उल्लंघन है और पार्टी ने सदन से वाकआउट किया। पार्टी ने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे को राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के सामने उठाएगी। भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी के विधायक कालिदास कोलाम्बकर को हटा कर राकांपा के दिलीप वाल्से पाटिल को प्रोटेम स्पीकर बनाये जाने पर भी आपत्ति जताई। उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि नयी सरकार ने सभी कानूनों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि प्रोटेम स्पीकर बदलने के मामले को लेकर वे सुप्रीमकोर्ट जाएंगे।

मुंबई में शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद विधायकों के साथ मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे। -प्रेट्र

ऐसे किया बहुमत साबित

- विधानसभा की कुल सीटें : 288
- समर्थन में पड़े : 169 वोट
- एआईएमआईएम के 2, माकपा और मनसे के एक-एक विधायक ने वोट नहीं किया और तटस्थ रहे
- भाजपा के 105 विधायकों ने किया वॉकआउट

माता-पिता का नाम लेना अपराध नहीं : उद्धव

विश्वासमत हासिल करने के बाद उद्धव ने सदन के सदस्यों और जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं अब तक मैदान में लड़ने वाला आदमी रहा हूं, लेकिन यहां जो व्यवहार देखा, उससे लगा कि मैदान ही सही था।

राज ठाकरे ने चौंकाया, नहीं दिया सरकार को वोट

उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई राज ठाकरे की पार्टी मनसे सदन में तटस्थ रही। राज ठाकरे उद्धव के शपथग्रहण समारोह में पहुंचे थे। इसके बाद सबकी नजरें इस बात पर टिकी थीं कि बहुमत परीक्षण में एमएनएस किसका साथ देगी।

आज चुना जाएगा स्पीकर

स्पीकर के पद के लिए कांग्रेस की तरफ से नाना पटोले और भाजपा के किसन कठोरे उम्मीदवार होंगे। रविवार को चुनाव होगा।

सरकार के 180 दिन : मोदी का ट्वीट

देश की एकता, विकास से जुड़े फैसले किए

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 180 दिन पूरे होने पर शनिवार को कहा कि सरकार ने देश के विकास, सामाजिक सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देने के लिए अनेक निर्णय किये।

मोदी ने ट्वीट किया- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय से प्रेरित होकर और 130 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद से राजग सरकार नये उत्साह से भारत के विकास और 130 करोड़ भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने के लिए काम करना जारी रखे हुए है।

उन्होंने कि पिछले 6 महीने में हमने अनेक ऐसे फैसले किये जो विकास, सामजिक सशक्तीकरण और देश की एकता को मजबूत बनाने वाले थे।

अर्थव्यवस्था की गति बरकरार : जावड़ेकर

सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण, अयोध्या मामले में सुप्रीमकोर्ट के फैसले को देश में शांतिपूर्वक स्वीकार किये जाने और वैश्विक आर्थिक मंदी के भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभावों को न्यूनतम करने को बड़ी उपलब्धि बताया है। जावड़ेकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इन छह महीनों में देश तरक्की की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम इस कार्यकाल में 'देश हित प्रथम' की नीति पर आगे बढ़ रहे हैं।' जावड़ेकर ने कहा कि वैश्विक मंदी का थोड़ा असर भारत पर भी होना स्वाभाविक है, लेकिन मोदी सरकार के बड़े फैसलों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की गति बरकरार है।

गुरु के दर पर...

अमृतसर (एजेंसी) : बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने शनिवार को स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। एसजीपीसी के एक अधिकारी ने बताया कि स्वर्ण मंदिर में बैठ कर आमिर लगभग 50 मिनट तक शबद कीर्तन सुनते रहे। वे अपनी आने वाली फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की शूटिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्म में एक सिख की भूमिका निभाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

भारत-जापान में टू प्लस टू वार्ता बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)

भारत एवं जापान ने विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गति प्रदान करने के लिये शनिवार को विदेश और रक्षा मंत्री स्तर की पहली बैठक की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर नीत भारतीय शिष्टमंडल ने भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किया, जबकि जापान का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्री तोशीमित्शु मोतेगी और रक्षा मंत्री तारो कोनो ने किया। इस वार्ता को 'टू प्लस टू' नाम दिया गया है।

पिछले साल 13वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिंजो आबे द्वारा लिये गये एक फैसले के बाद नयी रूपरेखा के तहत वार्ता हो रही है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा एवं रक्षा सहयोग को और मजबूत करने तथा दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिये नया तंत्र गठित करने का फैसला किया। वार्ता में दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति पर विचारों का आदान प्रदान किया और शांति, समृद्धि एवं प्रगति के साझा लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया। बैठक में भारत-जापान के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न महत्वपूर्ण आयामों पर भी चर्चा की गई।

इस बीच, मोदी ने जापान के दोनों मंत्रियों से कहा कि वह अगले महीने भारत आ रहे जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के स्वागत को लेकर उत्सुक हैं।

नागरिकता संशोधन विधेयक पर शाह के साथ बैठक

आदिवासियों को लेकर पूर्वोत्तर के नेताओं ने जताई चिंता

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के राजनीतिक दलों, छात्र निकायों और नागरिक समाज समूहों के नेताओं के साथ प्रस्तावित नागरिकता संशोधन (सीएबी) विधेयक की रूप-रेखा पर चर्चा की। ज्यादातर क्षेत्रीय दलों और नागरिक समाज समूहों ने इस बात पर चिंता जताई कि सीएबी से आदिवासी प्रभावित हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ऐसा पता चला है कि गृह मंत्री ने उन्हें संकेत दिया कि आंतरिक रेखा परमिट (आईएलपी) व्यवस्था द्वारा संरक्षित आदिवासी क्षेत्र और संविधान की छठी अनुसूची के तहत प्रशासित क्षेत्र सीएबी से प्रभावित नहीं होंगे। सूत्रों ने बताया कि इन क्षेत्रों को प्रस्तावित विधेयक के दायरे से छूट दी जा सकती है।

बैठक में असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघायल के मुख्यमंत्री क्रमशः सर्बानंद सोनोवाल, पेमा खांडू और कोनराड संगमा, केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू और विभिन्न सांसदों ने शिरकत की।

गौर हो कि नागरिकता अधिनियम 1955 में प्रस्तावित संशोधन पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसियों और ईसाइयों को भारत की नागरिकता देने की बात कहता है, भले ही उनके पास उचित दस्तावेज न हों। पूर्वोत्तर राज्यों में इसका विरोध हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को भी बैठक की थी।

श्रम मंत्रालय ने शुरू किया पेंशन सप्ताह

हर महीने महज 55 रुपये देकर पा सकते हैं पेंशन

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)

व्यापारियों और स्वरोजगार वाले लोगों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना के साथ जुड़ने को प्रोत्साहित करने के लिए श्रम मंत्रालय ने शनिवार से पेंशन सप्ताह की शुरुआत की। मंत्रालय ने एक बयान के अनुसार श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन के तहत एक करोड़ लाभार्थियों और राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत 50 लाख लोगों को पंजीकृत करने के लिए एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गंगवार ने कहा कि दोनों योजनाएं आसान हैं और इनके तहत पंजीयन के लिए महज आधार कार्ड और बचत खाता या जनधन खाते की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं में पंजीयन कराने में महज 2 से 3 मिनट लगते हैं। पंजीयन कराने वाले की उम्र के हिसाब से मासिक किस्त 55 से 200 रुपये के बीच रखी गयी है। यदि एक व्यक्ति की उम्र 30 वर्ष है तो उसे प्रति माह करीब 100 रुपये का अंशदान देना होगा। इस तरह ऐसा व्यक्ति एक साल में 1200 रुपये और पूरे पात्र उम्र में 36 हजार रुपये का योगदान देगा। जब वह 60 साल का हो जाएगा, उसे सालाना 30 हजार रुपये मिलेंगे। व्यक्ति के निधन के बाद उसके जीवनसाथी को 50 फीसदी पेंशन मिलेगी। बयान के अनुसार, यदि पति और पत्नी दोनों योजना के लिए पात्र हैं तो दोनों इसे चुन सकते हैं। ऐसे में 60 साल का होने के बाद उन्हें संयुक्त तौर पर प्रति माह 6 हजार रुपये मिलेंगे।

गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में शनिवार को फाइटर प्लेन के कॉकपिट में बैठने से पहले हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते जापान के रक्षा मंत्री तारो कोनो। - प्रेट्र

जापानी रक्षा मंत्री को दिखाई वायुसेना की ताकत

जापानी रक्षा मंत्री तारो कोनो ने शनिवार को हिंडन स्थित भारतीय वायुसेना अड्डे का दौरा किया। उन्हें वायुसेना की संगठनात्मक संरचना और इसकी संचालन क्षमताओं का संक्षिप्त विवरण दिया गया।

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी का फैसला

15 साल का होने पर आधार अपडेट नहीं तो योजनाओं का लाभ भी नहीं

अजय मल्होत्रा/हप्र
भिवानी, 30 नवंबर

अभिभावकों को पूरी जानकारी नहीं होने के कारण प्रदेश में लाखों बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ हासिल करने में दिक्कत आने लगी है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ (यूआईडीएआई) द्वारा निःशुल्क बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन के निर्देश के बावजूद लाखों बच्चे अभी भी इससे वंचित हैं।

■ 5 साल की उम्र के बाद नए सिरे से बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन

■ बढ़ती उम्र के साथ बच्चों में आते हैं शारीरिक बदलाव

गौरतलब है कि यूआईडीएआई द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिन बच्चों के बाल आधार बनते हैं, उन्हें 5 साल की उम्र पूरी करने के बाद नए सिरे से बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन करवानी होती है। इसी प्रकार ऐसे बच्चे जिनका आधार 5 से 15 वर्ष की आयु के बीच बना होता है, उन्हें भी 15 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन करवाना जरूरी होता है। अगर इन दोनों कैटेगरी के बच्चे बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन 2 वर्ष तक नहीं कराते हैं तो यूआईडीएआई उनका न केवल आधार ब्लॉक कर सकती है, बल्कि सरकार से मिलने वाली लाभकारी योजनाओं से भी बच्चे वंचित हो सकते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार 0 से 5 वर्ष व 5 से 15 वर्ष के बाद बच्चों के अंगूठों के निशान व रेटिना का रंग बदलता है। इसलिए इन्हें अपना आयु वर्ग पूरा करने के बाद नए सिरे से बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन कराना जरूरी होता है, लेकिन जानकारी के अभाव में लाखों परिजनों द्वारा अपने बच्चों के बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन नहीं करवाए गए। हाल ही में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं को आधार से लिंक करने के बाद अपग्रेडेशन न करवाने वाले बच्चों को दिक्कतें सामने आने लगी हैं। खासतौर पर सरकारी वजीफे व सबसिडी का लाभ लेने वालों के लिए तो यह समस्या और भी गंभीर हो गई है।

आशंका जताई जा रही है कि आने वाले समय में ऐसे लोग जोकि भविष्य में बुढ़ापा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन, अनुसूचित जाति पेंशन के पात्र बनेंगे उनके लिए भी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

खासतौर पर हरियाणा में अनुसूचित जाति स्कॉलरशिप व राशन डिपो से राशन लेने वालों के लिए तो समस्याएं बढ़ने लगी हैं, क्योंकि दोनों के लिए बायोमीट्रिक आधार से लिंक जरूरी है। ऐसे में उम्र के साथ अपग्रेडेशन न होने पर इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता।

क्योंकि हर योजना में अहम है आधार

"सरकार की हिदायतों के अनुरूप जिले के सभी ब्लाक में दो-दो स्कूलों में आधार व बायोमीट्रिक मशीनें स्थापित की गई हैं ताकि सभी बच्चों के आधार अपडेट हो सकें।"
-नरेश मेहता, उपजिला शिक्षा अधिकारी भिवानी

हरियाणा में 40 लाख बच्चों का अपग्रेडेशन होगा

यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ की उपमहानिदेशक भावना गर्ग ने इस मामले को बीते दिनों हरियाणा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में उठाया था। उन्होंने कहा था कि आधार को हर योजना में जरूरी माना गया है। हरियाणा में आधार के साथ 40 लाख बच्चों के बायोमीट्रिक को अपडेट किया जाना है। बैंक इस काम को गंभीरता से लेते हुए ध्यान से करें, चूंकि इसके जरिए ही सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अगर कोई गड़बड़ी हुई तो पात्र लाभ से वंचित हो जाएंगे।

नीट परीक्षा के लिए बायोमीट्रिक योजना लाजिमी

गौरतलब है कि आने वाले दिनों में नीट परीक्षा के लिए बायोमीट्रिक हाजिरी योजना लाजिमी है। ऐसे में परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षा विभाग द्वारा कुछ स्कूलों में बायोमीट्रिक अपग्रेडेशन के लिए आधार मशीनें तो लगा दी गई हैं, लेकिन इसका प्रचार प्रसार नहीं किया गया जिससे बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। अधिकांश अभिभावकों व शिक्षकों को ही नहीं पता कि यह पूरी प्रक्रिया क्या है।

कैग की रिपोर्ट को कांग्रेस ने बनाया आधार, प्रदेश अध्यक्ष सैलजा ने कहा

हरियाणा में हजारों करोड़ का खनन घोटाला, सिटिंग जज से कराएं जांच

चंडीगढ़ में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा एवं वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पत्रकार वार्ता के दौरान। -एजेंसी

चंडीगढ़, 30 नवंबर (ट्रिन्यू)

कैग रिपोर्ट में हरियाणा में खनन घोटाले को उजागर किए जाने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस आक्रामक हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी शैलजा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को यहां संयुक्त पत्रकार वार्ता में हरियाणा सरकार पर खनन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में 5 हजार करोड़ से अधिक का खनन घोटाला हुआ है और सरकार चुप है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कैग की रिपोर्ट में साफ है कि प्रदेश में 95 खदान ऐसी हैं, जिनके बारे में सरकार को नहीं पता है कि वहां कितना खनिज भंडार है। कैग जांच में पता चला है कि इन खदानों के बारे में सरकार को यह भी नहीं पता चला कि संबंधित ठेकेदारों ने इन खदानों से कितना खनिज निकाला है। ठेकेदारों द्वारा निकाले गए खनिज का वजन कितना है। सरकार के पास ढुलाई तथा परमिट के संबंध में भी कोई रिकार्ड नहीं है। खनन माफिया के प्रति सरकार की मेहरबानी का आलम यह रहा है कि सरकार के पास जांच व निरीक्षण का भी कोई रिकार्ड नहीं है।

आरोप सरकार ने ठेकेदारों से नहीं वसूले 1476 करोड़

सैलजा व सुरजेवाला ने कैग की रिपोर्ट पत्रकारों के समक्ष पेश करते हुए कहा कि 31 मार्च 2018 तक ठेकेदारों से 1476 करोड़ की वसूली नहीं की गई है। 69 ठेकेदारों से ब्याज व अन्य मदों के तहत 1155 करोड़ रुपये नहीं वसूले गए हैं। उन्होंने बताया कि खनन को लेकर जहां सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार के खिलाफ कई तरह की टिप्पणियां की जा चुकी हैं वहीं सरकार द्वारा कराए गए जीओ सर्वे में भी ढेरों खामियां कैग द्वारा उजागर की गई हैं। कुमारी सैलजा ने बताया कि कैग रिपोर्ट आने के बाद उन्होंने यह मुद्दा राज्यसभा में भी सूचीबद्ध किया है। अगले सप्ताह के दौरान वह इस मुद्दे को राज्यसभा में उठाएंगी।

सुरजेवाला का जजपा पर निशाना

बताएं बुजुर्गों को कब मिलेगी 5100 रुपये पेंशन

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को घेरते हुए कहा है कि जजपा नेता बताएं कि हरियाणा के बुजुर्गों को 5100 रुपए मासिक पेंशन कब मिलेगी। सुरजेवाला ने कहा कि यह गठबंधन निजी स्वार्थों से प्रेरित होकर बनाया गया है। एक माह बाद भी कॉमन मिनिमम प्रोग्राम का कोई अता-पता नहीं है।

■ डिप्टी सीएम दुष्यंत पर ली चुटकी, कहा दादा गौतम कब बनेंगे मंत्री

सुरजेवाला ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन ने शपथ ग्रहण से पहले प्रदेश की जनता के सामने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम रखा है। जबकि हरियाणा में एक माह बाद भी बैठकों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने जजपा नेता डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का नाम लिए बगैर चुटकी लेते हुए कहा कि सरकार के साझीदार बताएं कि दादा गौतम (नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम) सरकार में मंत्री कब बनेंगे। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के इस गठबंधन को प्रदेश की जनता से कोई सरोकार नहीं है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा यूपी, राजस्थान व पंजाब के कुछ हिस्सों को हरियाणा में शामिल कर विशाल हरियाणा बनाए जाने की वकालत पर सुरजेवाला ने कहा कि हुड्डा ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया है। यह उनके निजी विचार हो सकते हैं। जब तक वे इसे एआईसीसी के पटल पर नहीं लेकर आते तब तक एआईसीसी इस बारे में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दे सकती।

सोनीपत में सीएम ने किया कन्या छात्रावास का उद्घाटन, बोले

निःशक्त बच्चों का जीवन सामान्य बनाने के लिए मिलकर करें काम

सोनीपत, 30 नवंबर (हप्र)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हमारे समाज में अनेक ऐसे बच्चे और नागरिक हैं, जो निःशक्त हैं। ये सभी समाज की मुख्यधारा में कैसे शामिल हों और इनका जीवन सामान्य कैसे बने, इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इस दिशा में पहले भी सरकार व संस्थाएं कार्य कर रही हैं और भविष्य में इस कार्य में सरकार, सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ, उद्योगपतियों को मिलकर सहयोग करना होगा।

खट्टर शनिवार को श्रवण वाणी निःशक्तजन कल्याण केंद्र सोनीपत में कन्या छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। कुल 32 छात्राओं के लिए एक करोड़ रुपये की लागत से बने छात्रावास का निर्माण ब्रेक पार्ट इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया है। खट्टर ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में इस तरह के 8 केंद्र चलाए जा रहे हैं और सैकड़ों बच्चे इनमें शिक्षा व कौशल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पलवल में बनाए गए विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कौशल शिक्षा से जुड़े 800 कोर्स तैयार किए गए हैं। ये कोर्स इस बात को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ व्यवसाय करें और फिर उन्हें नौकरी भी मिले। इस उन्होंने श्रवण वाणी निःशक्तजन कल्याण केंद्र सोनीपत के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

इस दौरान हरियाणा श्रवण एवं वाणी निःशक्तजन कल्याण समिति पंचकूला की उपाध्यक्ष कम चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने सोसायटी द्वारा किए गए कार्यों की रूपरेखा पेश की। इस मौके पर विधायक मोहन लाल बड़ौली, विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन, ललित बत्रा, उमेश शर्मा, राजेंद्र कौशिक मौजूद रहे।

सोनीपत में शनिवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मूक बधिर स्कूल में छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर पार्टी नेताओं के साथ। -हप्र

जीडीपी के नाम पर आंकड़ों से खेल रहा विपक्ष

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस जीडीपी के नाम पर आंकड़ों के साथ खेल रही है। आंकड़ों को हमेशा ऊपर-नीचे बताकर वह आम जनता को बहकाने का काम करती है। हमारा विकास का मापदंड है कि समाज के अंदर अच्छी व्यवस्थाएं खड़ी हों, लोगों की आर्थिक व्यवस्था अच्छी हो और लोग अपने पैरों पर खड़े हों। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो यह भी आंकड़े निकाल कर दे दिए थे कि हरियाणा में बेरोजगारी की दर 2 प्रतिशत से 28 प्रतिशत हो गई है।

पुलिस डिपार्टमेंट की सफाई में जुटे गृहमंत्री

मौजूदा ही नहीं, पूर्व अधिकारियों से भी समझ रहे विभाग की कमियां

चंडीगढ़, 30 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों से निपटने के लिये नया फार्मूला निकाला है। वे मौजूदा डीजीपी व अन्य वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ही नहीं पूर्व पुलिस महानिदेशकों से भी फीडबैक ले रहे हैं। एक-एक करके पुराने पुलिस अफसरों से विज मुलाकात कर उनसे विभाग की कार्यशैली व आंतरिक कमियों को समझने में जुटे हैं।

गृह विभाग मिलने के बाद विज के पास आ रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह तरीका निकाला है। दरअसल, विज के अम्बाला कैंट स्थित आवास पर रोजाना 300 के करीब लोग शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें 200 के करीब शिकायत अकेले पुलिस महकमे से जुड़ी होती हैं। इसी तरह से चंडीगढ़ कार्यालय में भी वे रोजाना 300 से अधिक लोगों की शिकायतों को सुनते हैं। इनमें भी पुलिस से जुड़ी शिकायतों का आंकड़ा 200 पार होता है।

हालांकि इनमें कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो दोनों जगह भी शिकायत कर रहे हैं और कई की बार-बार शिकायत आ रही है। शिकायतों को देखते हुये विज ने सभी पुराने मामलों की फाइल तलब कर ली है। उन्होंने डीजीपी को अगले एक माह में सभी पुराने केस निपटाने और शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। विज ने गृह सचिव नवराज संधू के साथ भी इस मुद्दे पर बैठक की है। विज ने सभी पुलिस थानों-चौकियों में पिछले कई वर्षों से जमे पुलिस जवानों का भी रिकार्ड तलब किया है। हैड कांस्टेबल से लेकर एएसआई, एसआई और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी है। माना जा रहा है कि एक ही पुलिस चौकी और थाने में जमे पुलिस अधिकारियों व जवानों को बदलना लगभग तय है। बताया गया है कि वे सभी थानों-चौकी प्रभारियों की 'गुप्त' तरीके से 'कुंडली' तैयार करा रहे हैं।

"फिलहाल मैं पूरे विभाग की स्टडी करने में जुटा हूं। मौजूदा ही नहीं, पुलिस के पूर्व आला अफसरों से भी बात कर रहा हूं। माइंड मेकिंग में जुटा हूं। किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हूं। यह बात गारंटी के साथ कह सकता हूं कि किसी भी पीड़ित के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। हर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाएगा और इंसाफ मिलेगा।"
-अनिल विज, गृहमंत्री हरियाणा

दो तरह की सूची बनेंगी

गृह मंत्री ने पुलिस थानों और चौकियों के अलावा पुलिस में अहम पदों पर कार्यरत एएसआई, एसआई और इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारियों की दो अलग-अलग सूचियां बनाने पर भी काम शुरू कर दिया है। खुफिया तरीके से वे सभी की रिपोर्ट हासिल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर पहली सूची में उन पुलिस जवानों को रखा जाएगा, जो काम करने में तेज हैं और उनकी छवि भी अच्छी है। वहीं दूसरी सूची में लापरवाह अधिकारियों व जवानों को रखा जाएगा।

अम्बाला छावनी में वर्करों का सम्मान, विज ने कहा

पार्टी ने मुझसे जीत का नुस्खा पूछा मैंने बोल दिया, ऐसे ही कैसे बता दूं

अम्बाला छावनी में शनिवार को गृहमंत्री अनिल विज भाजपा कार्यकर्ताओं पर फूल बिखेर कर उनका सम्मान करते हुए। -प्रदीप मैनी

अम्बाला, 30 नवंबर (निस)

मेरी जीत का श्रेय आप लोगों को जाता है। अम्बाला छावनी की जनता ने हमेशा मेरा साथ दिया है। पार्टी भी मेरे 6 बार जीतने से काफी प्रभावित है। पिछले दिनों गुरुग्राम में बैठक के दौरान पार्टी के नेताओं ने मुझसे जीत का नुस्खा पूछा था, लेकिन मैंने भी हंस कर बोल दिया- ऐसे ही कैसे बता दूं।

■ अपने समर्थकों और वर्करों पर विज ने बरसाए फूल

गृहमंत्री अनिल विज ने शनिवार को अम्बाला छावनी के बीपीएस प्लेनेटोरियम हॉल में कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर फूल बिखेर कर उनका सम्मान किया। विज ने कहा कि इस बार पार्टी ने उन्हें काफी अहम जिम्मेदारी दी है। ऐसे में अम्बाला छावनी की जनता का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्हें अपने शहर का विकास खुद कराना है, मैं तो काम को मंजूरी और उसके लिये बजट का इंतजाम करूंगा, लेकिन काम में किसी तरह की गड़बड़ न हो इसका ध्यान वे रखें। विज ने चुटकी लेते हुये कहा कि कुछ लोग चुनाव में तनाव में रहते हैं, लेकिन वे तो आराम से अपना प्रचार करते हैं क्योंकि वे हमेशा जनता के बीच रहकर सेवा करते हैं। ऐसे में चुनाव के समय उन्हें ज्यादा गिड़गिड़ाना नहीं पड़ता।

समारोह में विज ने सभी मंडलों के उन बूथ प्रधानों को पुरस्कार दिए, जिनके बूथ से भाजपा को ज्यादा वोट मिले। प्रथम आने वाले बूथ को 21 हजार, दूसरे स्थान पर रहे बूथ को 11 हजार और तीसरे स्थान पर आये बूथ को 5100 रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान जगमोहन लाल, सोम चोपड़ा, जसबीर जस्सी, किरणपाल चौहान, मदनलाल शर्मा, बलविंद्र शाहपुर, विजय गुप्ता, शीशपाल भोला, बलकेश वत्स, विजेंद्र चौहान मौजूद रहे।

चर्चा में रहने के लिए हुड्डा करते हैं अनाप-शनाप बयानबाजी : अरविंद शर्मा

रोहतक, 30 नवंबर (निस)

रोहतक से भाजपा सांसद डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीति पूरे देश में बेहतरीन है और इसका कोई मुकाबला नहीं है। सांसद ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। सांसद ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशाना साधा और कहा कि चर्चा में रहने के लिए पूर्व सीएम हुड्डा अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं। सांसद शनिवार को मॉडर्न स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया और खेल क्रांति फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। सांसद ने कहा प्रदेश सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है।

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

हैवान्नी रै कार सै, इंसान्नी बस भेस।
स्कूटी पिंचर ना हुयी, पिंचर होग्या देस।
पिंचर होग्या देस, लोक की लाज मिटायी।
फूंक दिया ईमान, न बेट्टी एक जलायी।
लूट लिया बिसवास, लुटी ना वा मरदान्नी।
टाक्को उननै ईब, करी जिननै हैवान्नी।।

केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह की सीख

किसान परंपरागत खेती का मोह छोड़ पशुपालन पर दें ध्यान

सोनीपत, 30 नवंबर (हप्र)

केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेरी उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह ने यहां कहा कि अब समय आ गया है कि गांवों के उत्थान को बढ़ावा दिया जाए ताकि देश विकास पथ पर तीव्रता से अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि गांवों को आगे बढ़ाने के लिए किसानों का विकास करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि खेती का विकास हो, खेती विकसित होगी तो उपज बढ़ेगी।

■ बोले– गांवों का उत्थान देश को आगे ले जाएगा

गिरिराज सिंह दीपालपुर गांव में एक पिग (सुअर) फार्म का जायजा लेने के बाद किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेतों से पैदा होने वाले कच्चे माल से उद्योग-धंधे लगेंगे जिससे रोजगार पैदा होगा। रोजगार से चीजों की मांग बढ़ेगी, इससे उचित दाम मिलेंगे और दाम से पूंजी निर्माण होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती का मोह त्याग कर पशुपालन की ओर कदम बढ़ाने चाहिएं। वैज्ञानिक तरीके से खेती को पशुपालन से जोड़ा जाए, तो यह अत्याधिक लाभकारी है। कम होती जा रही जमीन से लाभ लेने के लिए पशुपालन बेहतरीन व्यवसाय है। केंद्रीय मंत्री ने पशुपालन से होने वाले मुनाफे को उदाहरण देकर समझाया।

उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में एक योजना शुरू की गई है, जिसके तहत जो व्यक्ति दूध न देने वाले चार पशुओं को पालेगा तो उसे प्रति पशु 30 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे। इसी तर्ज पर केंद्र भी पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए योजना तैयार कर रहा है। दुधारू पशुओं को पालने वाले पशुपालक किसानों को लाखों रुपये की बचत होगी। पशुपालन किसानों की रीढ़ है, जिसे और मजबूत करना होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 में सरकार को गेहूं-चावल की तुलना में पशुपालन से अधिक मुनाफा मिला। इस मौके पर मछली पालकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डा. धर्मबीर नांदल, चेयरमैन अनिल झरोठी आदि मौजूद रहे।

सोनीपत में शनिवार को केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेरी मंत्री गिरिराज सिंह किसानों को संबोधित करते हुए। -हप्र

पशुओं की नस्ल सुधारने पर दे रहे जोर

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद कृषि व पशुपालन के लिए नीति बनाने की आवश्यकता थी। लेकिन इस पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्यान दिया है। नीतियों के अभाव में गांव पिछड़ते गए हैं, जबकि शहर विकसित होते गए हैं। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में मथुरा में पशुपालन विभाग के एक कार्यक्रम में ऐसे पशु सीमन को जारी किया है, जिससे गाय केवल बछिया को ही जन्म देगी। ऐसे ही भैंस भी केवल कटिया को जन्म दे, इस पर शोध जारी है।

चरखी दादरी के गांव बलाली में शनिवार को मेहंदी रस्म के बाद परिजनों संग डांस करती बबीता फौगाट। -निस

बाबुल के घर से आज विदा हो जाएंगी बबीता

हाथों में रचाई जोधपुरी मेहंदी जमकर थिरकीं फौगाट बहनें

प्रदीप साहू/निस
चरखी दादरी, 30 नवंबर

दंगल गर्ल पहलवान बबीता फौगाट रविवार को बाबुल के घर से विदा होकर पीहर जाएंगी। गांव बलाली में बबीता के घर पर विवाह की तैयारी पूरे जोरों पर है। शादी से पहले की सभी रस्में निभाई जा रही हैं। बबीता एक दिसंबर को झज्जर जिले के रहने वाले पहलवान विवेक सुहाग के साथ फेरे लेंगी।

बबीता के घर पर जहां परिजन शादी की तैयारियों में व्यस्त रहे। बबीता की बहन अंतर्राष्ट्रीय पहलवान गीता, संगीता, रीतू व चचेरी बहन विनेश भी गांव पहुंच गई। शादी का पूरा कार्यक्रम गांव बलाली में ही रखा गया है। दो दिसंबर को दिल्ली में रिशेप्सन कार्यक्रम होगा, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, सीएम सहित फिल्मी हस्तियां और पहलवान शामिल होंगे। शादी से पूर्व मेहंदी रस्म पूरी की गई। इस दौरान बबीता ने अपनी बहनों व परिजनों के साथ डांस किया। बताया जा रहा है कि बबीता की शादी से पहले ही परिजनों द्वारा रिश्तेदारों और कुछ वीआईपी लोगों को निमंत्रण दिए जा चुके हैं। इनमें ओलंपिक में सिल्वर मेडलिस्ट सुशील कुमार, पहलवान साक्षी मलिक के अलावा पूजा ढांडा, ललिता सहरावत सहित विदेशी खिलाड़ियों व कोच को भी न्योता दिया गया है। बारातियों और मेहमानों को परोसे जाने वाले देसी व्यंजन विशेष होंगे। सामान्य व देशी खाना परोसा जाएगा। बबीता ने मेहंदी रस्म के दौरान जोधपुरी मेहंदी का डिजाइन अपने हाथों पर लिखवाया है। मेहंदी रस्म कार्यक्रम में बबीता के साथ-साथ गीता, संगीता व रीतू ने भी मेहंदी लगवाई। इस दौरान उन्होंने हाउस फूल गानों की धून पर डांस भी किया।

चरखी दादरी के गांव बलाली में शनिवार को शादी के लिए मेहंदी लगवाती बबीता फौगाट। -निस

चर्चाओं में रहा है बलाली

दादरी जिले का बलाली गांव फौगाट बहनों की उपलब्धियों को लेकर चर्चाओं में रहा है। करीब तीन वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान गीता फौगाट के विवाह में बालीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के साथ-साथ देश व विदेश की नामी हस्तियों के शरीक होने से यह विवाह भी देशभर में चर्चित रहा था। पिछले वर्ष पहलवान विनेश फौगाट भी शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। वहीं संगीता की विश्व के नंबर वन पहलवान बजरंग पूनिया के साथ सगाई हो चुकी है।

5 साल से बाइक के नंबर पर दौड़ रही थी ऑडी

फरीदाबाद, 30 नवंबर (हप्र)

पिछले पांच साल से 75 लाख रुपए की ऑडी क्यू.7 कार मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट पर चल रही थी। क्राइम ब्रांच ने इस कार को कब्जे में लिया है। एनआईटी-5 थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

क्राइम ब्रांच प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मुखबिर ने उन्हें सूचना दी थी कि एनआईटी 5 में पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी ऑडी पर मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट है। उन्होंने टीम के साथ मौके पर छापा मारा। कार में दो युवक बैठे मिले। उनसे आरसी लेकर जांच कराई। पता चला कि कार पर लिखा गया नंबर किसी मोटरसाइकिल का है। उन्होंने तुरंत कार कब्जे में ले ली। दोनों युवकों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। तब दोनों ने बताया कि सेक्टर- 21 ए में रहने वाले एक पड़ोसी ने उनके पिता से कर्ज लिया था। कर्ज के चुकाने की एवज में पड़ोसी ने उनके पिता को यह कार दी थी। अब उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। उन्हें नहीं मालूम था कि था कि कार का नंबर और आरसी फर्जी है।

बल्लभगढ़ के मौजपुर टोल प्लाजा का मामला

कश्मीरी ट्रक चालक को अर्धनग्न कर पीटा, एएसआई गिरफ्तार

4 पुलिस वाले सस्पेंड, 3 होमगार्डों पर भी गिरी गाज

बल्लभगढ़, 30 नवंबर (निस)

मौजपुर टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार रात को कश्मीर के रहने वाले एक ट्रक चालक को अर्धनग्न कर पिटाई के मामले में आरोपी एएसआई को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में 2 हेड कांस्टेबल, 2 कांस्टेबल व 3 होमगार्ड को सस्पेंड कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार कश्मीर के काजीगुंड चंदेन का रहने वाला ट्रक चालक मकबूल कश्मीर से सेब लेकर पश्चिम बंगाल गया था। वहां से लौटते समय दिल्ली के लिए पाइप लोड कर लौट रहा था। इसी दौरान बल्लभगढ़ के छांयसा थाना क्षेत्र में मौजपुर टोल प्लाजा के समीप एएसआई धर्मवीर सिंह ने उसका 18 हजार रुपये का चालान काट दिया। आरोप है कि चालान काटने से नाराज चालक मकबूल ने पुलिसकर्मियों का गला पकड़ लिया था। इससे नाराज होकर सभी पुलिसकर्मियों ने एकजुट होकर ट्रक चालक को चौकी में बंद कर अर्धनग्न कर पिटाई कर दी। हालांकि ट्रक चालक ने आरोप लगाया है कि वह टोल प्लाजा के समीप सहायक चालक से अपनी सीट बदल रहा था। इससे नाराज एएसआई ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर 30 हजार रुपए लूट लिए। चालक को अर्धनग्न कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही फरीदाबाद पुलिस ने मामले को पलवल क्षेत्र का बता कर पल्ला झाड़ लिया।

- मामले का वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में आए पुलिस अधिकारी
- पीड़ित ने 30 हजार रुपए लूटने का भी लगाया आरोप

हालांकि शनिवार को फरीदाबाद पुलिस ने छांयसा थाने में ट्रक चालक की शिकायत पर एएसआई धर्मवीर के खिलाफ मारपीट करने व रुपए लूटने के आरोप में करप्शन का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो हेड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल व 3 होमगार्ड को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड किए गए अन्य पुलिसकर्मियों की पहचान हेड कास्टेबल चरन सिंह, सत्यवान, सिपाही राम निवास और नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जबकि होमगार्डों की पहचान सीताराम, संदीप और वासुदेव के रूप में हुई है।

कस्टम इंस्पेक्टर को पीटने वाले 7 पुलिसकर्मियों पर केस

गुरुग्राम (हप्र) : मॉल घूमने आए कस्टम इंस्पेक्टर की पिटाई के मामले में अदालत के आदेश पर सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस पर कस्टम इंस्पेक्टर को अवैध हिरासत में रखने का भी आरोप है। कोर्ट ने पुलिस को आदेश देते हुए कहा कि अब इस मामले की जांच सहायक पुलिस अधिकारी द्वारा करवाई जाए और 16 दिसंबर तक मामला दर्ज कर स्थिति रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए। कस्टम इंस्पेक्टर अमित राय ने बताया कि 31 दिसंबर 2017 वह अपने अंकल बीएसएफ के संब-इंस्पेक्टर आलोक राय के साथ आए थे। सहारा मॉल में प्रवेश के दौरान पहचान पत्र दिखाना पड़ रहा था। वहां से दिखाने के बाद सहारा मॉल में जैसे ही अंदर प्रवेश किया तभी बिना किसी कारण हवलदार कपिल ने उनका कॉलर पकड़ा और मॉल से बाहर लेकर आया। उसके बाद उन्होने बताया कि वह भी वित्त-मंत्रालय में इंस्पेक्टर (निवारक अधिकारी) के पद पर है, लेकिन हवलदार कपिल ने सुनवाई नहीं की बल्कि और भी ज्यादा बदसलूकी पर उतर आया।

> 'कोर्ट के आदेश पर सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। अभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।अभी मामले की जांच चल रही।'
> -करण गोयल, एसीपी डीएलएफ

पुलिसकर्मियों ने उनका मोबाइल छीन लिया और उसको बंद कर दिया। फिर पीसीआर बुलाई गई और एमजी रोड की पुलिस चौकी में रात को अवैध तरीके से साढ़े दस बजे से रात को दो बजे तक बैठाए रखा। सभी पुलिसकर्मियों ने बातचीत कर सेक्टर-29 थाने में काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया। सुबह पुलिसकर्मी सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाने के लिए लेकर गए। उस दौरान उनके साथ एएसआई सुरेंद्र सिंह और हवलदार कपिल भी गए। तो वहां पर डॉक्टर युद्धवीर ने मेडिकल किया, लेकिन डॉक्टर ने मेडिकल में कोई भी चोट नहीं दिखाई गई, लेकिन जब इंस्पेक्टर अमित जेल में पहुंचे,तो जेल के डॉक्टर द्वारा उनका मेडिकल किया गया और सात चोटें मिली। इसके बाद पीड़ित कोर्ट चला गया।

8 जनवरी की हड़ताल के लिए कर्मचारी तैयार

पंचकूला, 30 नवंबर (ट्रिब्यू)

श्रम कानूनों में पूंजीपतियों के हकों में किए जा रहे मजदूर विरोधी संशोधनों और सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाओं एवं उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ 8 को लाखों कर्मचारी और मजदूर राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, महासचिव सतीश सेठी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि हड़ताल में सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों, पंचायती राज संस्थाओं, केन्द्रीय परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारी एवं वर्करों के अलावा ट्रेड यूनियनों के जुड़े कारखानों व क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूर भी शामिल होंगे। इस हड़ताल का आह्वान देश की दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संघों की अखिल भारतीय फेडरेशनों ने संयुक्त तौर पर किया है।

लांबा ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारी व मजदूर संगठनों ने कमर कस ली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6 जोनों में मजदूर कर्मचारी सम्मेलन किए जाएंगे। एक दिसंबर को गुरुग्राम और अम्बाला, 8 दिसंबर को फरीदाबाद व हिसार और 15 दिसंबर को पानीपत व भिवानी में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इनमें मजदूर संगठन सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस, एआईयूटीयूसी और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आदि शामिल होंगे।

5 को करेंगे प्रदर्शन, देंगे ज्ञापन

रोहतक (हप्र) : ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने चेतावनी दी है कि सरकार व बिजली निगमों की मैनेजमेंट की मनमानी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन, संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की रोहतक कर्मचारी संघ भवन में हुई बैठक में राज्य प्रधान सुरेश राठी ने बताया कि 5 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सभी कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करके निगम मैनेजमेंट के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव

जिम्बाब्वे-भारत के बीच होगा सांस्कृतिक आदान-प्रदान

कुरुक्षेत्र, 30 नवंबर (एस/हप्र)

जिम्बाब्वे अम्बेसी के मुख्य अधिकारी काउंसलर लवमोरे नेबू ने कहा कि जिम्बाव्वे और भारत के बीच संस्कृति का आदान-प्रदान होगा। इस योजना के तहत जिम्बाव्वे के सांस्कृतिक ग्रुप भारत में आएंगे और भारत के ग्रुप जिम्बाव्वे में जाएंगे। दोनों देशों के बीच संस्कृति के आदान-प्रदान के साथ एग्रोबेस प्रोडक्ट्स और सिमेंट जैसे व्यवसाय करने के प्रस्ताव पर भी विचार विमर्श किया जा रहा है। इतना ही नहीं दोनों देशों के बीच पर्यटन की संभावनाओं की भी तालाश की जाएगी। जिम्बाब्वे एम्बेसी के चीफ आफिसर कांउसलर लव मोरे नेबू व राजनैतिक कांउसलर ब्राईट जिंवा को पवित्र ग्रंथ गीता भेंट कर सम्मनित किया। इसके उपरांत जिम्बाव्वे के दोनों अधिकारियों ने सरस, शिल्प, ब्रह्मांसरोवर की परिक्रमा, श्रीकृष्ण संग्रहालय सहित अन्य पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पर्यटन स्थली कुरुक्षेत्र के साथ-साथ भारत में पर्यटन को लेकर आपार सम्भावनाएं हैं। कुरुक्षेत्र और भारत की भूमि के कण-कण में इतिहास छिपा है। इस इतिहास को दुनिया के बीच ले जाने के लिए जिम्बाव्वे अपनी अहम भूमिका निभाएंगा। इतना ही नहीं जिम्बाव्वे में दुनिया के 7 अजूबों में से एक अजूबा वाटरफॉल का भी है। इस अजूबे के साथ-साथ जिम्बाव्वे के अन्य पर्यटन स्थलों को भी दुनिया को दिखाने की जरूरत है।

कुरुक्षेत्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। -हप्र

छपेली ने महोत्सव में बांधा समां

उत्तराखंड के लोक नृत्य छपेली पर कलाकारों ने ऐसा लोक नृत्य प्रस्तुत किया कि क्राफ्ट और सरस मेले में खरीददारी करने वाले लोग भी मंच के आस-पास जमा हो गए। इस लोक नृत्य ने खूब समा बांधा। जब तक उत्तराखंउ लोक नृत्य पर कलाकार नृत्य करते रहे, तब तक कोई भी पर्यटक इधर से उधर नहीं हुआ और पर्यटकों ने भी कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया। अहम पहलू यह है कि खिली धूप में पर्यटकों ने क्राफ्ट और सरस मेले में खूब खरीददारी की और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद भी चखा। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2019 में क्राफ्ट मेले में शनिवार को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की तरफ से पर्यटकों के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से आमंत्रित उतराखंड के लोक कलाकारों ने खूब रंगा जमाया।

क्लासीफाइड

विवाह संबंधी

वर चाहिए

खत्री/अरोड़ा

सुन्दर डाक्टर एमडीएस (एंडोडांटिक्स) हिन्दू खत्री 27 वर्ष/ 5'-6'' लड़की हेतु प्रोफेशनल वर चाहिए। माता -पिता डाक्टर, भाई एमडी कर रहा। संपर्क : 9417436342. (CL19120934)

28 वर्षीया, एम.ए., ब्यूटीशियन, सुंदर सुशील लड़की के लिए वर चाहिए। फोन : 07898414413, 06232867558. (CL19123249)

सुंदर 29/5'-6'', एमबीबीएस, एमडी, लड़की हेतु 5'-11'' या अधिक, एमबीए (प्रीमियर कालेज) डॉक्टर, प्रोफेशनल योग्यता प्राप्त वर चाहिए। 94079-83473. (CL19123716)

खत्री

हिन्दू पंजाबी खत्री अत्यंत गोरी सुन्दर बीएससी (आईटी) वैब डिजाइनिंग में डिप्लोमा 5'-3''/ 29.4.1994, प्रातः 1.19 बजे, कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़ में रह रही लड़की हेतु वर चाहिए। बिजनेसमैन को वरीयता। 98888-56209. (CL19120653)

सैनी

B.Tech., PGDM, नौकरीशुदा 27/5'-4'', लड़की के लिए सैनी वर चाहिए। कैनेडियन/आस्ट्रेलियन PR लड़के को वरीयता/ सम्पर्क/ व्हाट्सएप करें : 096460-60889. (CL19123703)

राजपूत

सुन्दर राजपूत (सेन) 16.05.87/ 5'-2'', बतौर काउंसलिंग सायकालोजिस्ट कार्यरत, पिता क्लास-I ऑफिसर, लड़की हेतु सुपात्र वर चाहिए। सम्पर्क करें : 94183-87829, WhatsApp 85808-91290. (CL19120818)

अनुसूचित जाति

चमार आद्-धर्मी 1985/5'-5'', पोस्टग्रेजुएट, संदर, गोरी लड़की के लिए वर चाहिए। मोहाली में स्थापित, उच्चमध्यम वर्गीय, सुशिक्षित परिवार, पिता ज्वायंट सेक्रेटरी स्तर के रिटा. अफसर। सम्पर्क करें : 99888-68000. (CL19116263)

हिन्दू चमार मंगलीक 28 मार्च 1986/प्रातः 3.20 बजे/अंबाला छावनी, एमए, बीएड, एलएलएम, लड़की। शीघ्र विवाह। Whatsapp : 9896820292. (CL19123634)

फुटकर

दिसंबर 1983, SBI में बतौर मैनेजर, अविवाहित लड़की के लिए चंडीगढ़/ पंजाब/हि.प्र. से अफसर/ मैनेजर, शराब -सिगरेट न पीने वाला, शुद्ध शाकाहारी वर चाहिए। फोन : 8146093871. (CL19123147)

एनआरआई

वर चाहिए : 25/5'-4'', लड़की एमबीए, एनआरआई गुप्ता संपर्क करें : 9753581976. (CL19123707)

मंगलीक

अरोड़ा 27, गोरी, 5'-7'', सुन्दर, एलएलएम (एनएलयू) पीएचडी (एनयूजेएस) कर रही। 9812467450. (CL19123712)

ब्राह्मण

02 जनवरी, 1994/रात्रि 11:46 बजे, पालमपुर, शिक्षित, सुन्दर, हिमाचली लड़की हेतु डिफेंस ऑफिसर चाहिए। बढ़िया परिवार माता- पिता साइंटिस्ट/प्रोफेसर। (94180-21524)। (CL19119910)

26 अक्तूबर, 1992/5'-6'', (अप. 2.57 बजे, कांगड़ा), MCA, प्राइवेट कालेज में लेक्चरर, गेहुएं रंग की लड़की के लिए वर चाहिए। कुंडली अनिवार्य। उच्च मध्यम वर्गीय परिवार। फोन : 70186-53110. (CL19120760)

ब्राह्मण, जून 88/5'-5'', दिल्ली से B.Tech., एमएनसी में नौकरीशुदा लड़की के लिए सुशिक्षित वर चाहिए। फोन : 95559-66324, Email: ptkuldeep@yahoo. (CL19123155)

सुन्दर सारस्वत ब्राह्मण 31 अगस्त, 1989 (रात्रि 11.25 बजे) मानसा 5'-5'', एमबीए, बीएड, झांसी, लड़की। 7617090924. (CL19123232)

सिख

गुरसिख प्रजापत (कुम्हार) 23/ 5'-5'', बी.एससी. (नॉन-मेडिकल), सुंदर लड़की के लिए अमृतधारी वर चाहिए। फोन : 9803838436. (CL19123654)

अग्रवाल

सुंदर, स्मार्ट, हिंदू लड़की 29/ 5'-4'', M.Sc., 09 जनवरी, 1990 सुनाम। फोन : 62808-36855. (CL19123154)

गैर-मंगलीक मित्तल मार्च 1988/ 5'-3'', NIT/MBA IIML नौकरीशुदा, 22 लाख सालाना, गोरी लड़की के लिए प्रोफैशनल योग्यता प्राप्त वर चाहिए। फरीदाबाद आधारित परिवार। Mail : scmittal4@gmail.com, 9891770473, NIT/IIM/MNC में नौकरीशुदा को वरीयता। (CL19119908)

गैर-मंगलीक गर्ग 30.03.89, दिल्ली, 5'-2'', कैनेडा PR Holder, Toronto लड़की के लिए सुयोग्य वर चाहिए। कैनेडा स्थापित लड़के को वरीयता # 86890-09000, akr6064@gmail.com (CL19119964)

इमीग्रेशन कंसल्टेंसी

जर्मनी इमीग्रेशन के इच्छुक हैं। हम मुकम्मल कंसल्टेंसी प्रदान करते हैं। संपर्क करें : +9197795-98060, +4917152-88452. (CL19121458)

प्रापर्टी बिकाऊ

सर्राफा बाजार अंबाला कैंट में 7'-9''x 25' साइज की दुकान बिकाऊ है। ज्वेलरी/होलसेल/रिटेल बिजनेस के लिए उत्तम। संपर्क करें : 98966-21175. (CL19123557)

मोहाली

कमर्शियल एवं रिहायशी निर्मित/ प्लाट 22'x78', 37'x85'', मेन हाईवे NH-21 पर फ्रंट, बलौंगी से TDI/VR पंजाब माल, प्रमुख लोकेशन, एसएएस नगर, मोहाली। सम्पर्क करें : 98150-50585, 77938-00001, जीएस प्रॉपर्टी कन्सलटेंट, NH-21,ग्रीन एनक्लेव, एसएएस नगर, मोहाली। (CL19123575)

प्लाट बिकाऊ

जीरकपुर लाजपत नगर 250 वर्ग गज रिहायशी प्लाट, मैरीलैण्ड होटल के पीछे। सीधी डील। फोन : 98781-39908. (CL19123258)

खोया एवं पाया

सूचित किया जाता है कि मैं, अनु चौधरी पुत्री एस.सी. रामपाल निवासी 28/29, प्रीत नगर, अंबाला छावनी से एलांते माल, चंडीगढ़ में मेरा हैंडबैग गुम हो गया है, जिसमें त्रिशला सिटी फ्लैट # 2311 जी-टावर 23, हाई ग्राउंड रोड, जीरकपुर द्वारा मेरे भाई करुण रामपाल पुत्र एस.सी. चौधरी को जारी प्रापर्टी के कागजात थे। प्रापर्टी के मूल दस्तावेज हमसे गुम हो गए हैं। यदि किसी को मिलें तो कृपया संपर्क करें : 9728223222, 8196030303. (CL19098450)

विज्ञापन के लिए आपकी सही पसंद दैनिक ट्रिब्यून क्लासीफाइड

सार्वजनिक सूचना

मैं, बलजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी # 415/1, गांव खुड्डा अली शेर, चंडीगढ़, ने अपने पुत्र मान सिंह उर्फ बब्बू तथा उसकी पत्नी सुखविंदर कौर उर्फ सिम्मी को अपनी तमाम चल/अचल प्रॉपर्टी से बेदखल कर दिया है क्योंकि वे मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार का लेन -देन अपने जोखिम पर किया जाए इस सम्बंध में मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। (CL19121626)

मैं, सुरेश पुत्र दर्शन निवासी म. नं. 787ए /24, नेताजी नगर, निकट ओल्ड आईटीआई ग्राउंड, रोहतक-124001 (हरियाणा) ने अपना नाम बदलकर सुरेश अरोड़ा रख लिया है। (CL19123683)

मैं, बलदेव सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी गांव अमूपुर, तहसील निसिंग, जिला करनाल सूचित करता हूं मेरा लड़का परमजीत सिंह व इसकी पत्नी अमनदीप कौर मेरे कहने -सुनने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन -देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई संबंध नहीं रहा। (CL19123709)

मैं, मनजीत कौर बेटी 15102555F स्व. जीएनआर गुरदेव सिंह वासी मियाल कलां, तहसील समाना, जिला पटियाला ने अपना नाम बदलकर संदीप कौर रख लिया है। (CL19123731)

हम, कुलदीप पुत्र जस्सा सिंह व कविता पत्नी कुलदीप सिंह निवासी लुहारी जाटू, बवानीखेड़ा, भिवानी। हमारा पुत्र विकास व पुत्रवधू रिनू हमारे कहने से बाहर हैं। हम उनको अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उनके किसी कार्य के हम परिवार सहित जिम्मेवार नहीं होंगे। (CL19123781)

सार्वजनिक सूचना

मैं, ममता पत्नी रमेश चन्द निवासी 25, अमरपुरी बस्ती, काकु जिम के पास, यमुनानगर अपने पुत्र राजेश शर्मा, पुत्रवधू प्रियंका को मेरे कहने -सुनने से बाहर होने पर अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन -देन करने पर मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19123786)

मैं, मनन पुत्र बलबीर सिंह श्योकंद निवासी सिरसा ने नाम बदलकर मनन श्योकंद रख लिया है। (CL19123831)

मैं, नीना पत्नी सुदर्शन सिंह रतन निवासी मकान नं. A-403, कुरुक्षेत्र को-ऑप. हाउसिंग सोसाइटी फ्लैट्स, हूडा ऑफिस के पास, सेक्टर-4, कुरुक्षेत्र, ने शादी के बाद अपना नाम बदलकर नीता रतन रख लिया है। (CL19123850)

मैं, Amin पुत्र हंसबीर निवासी गांव व डाकघर सोरखी, हांसी, हिसार-125033 (हरियाणा) ने अपना नाम बदलकर Amin Berwal रख लिया है। (CL19123678)

मैं, किरण बाला पत्नी हितेश चांदना निवासी 87/8, कृष्णा कालोनी, भिवानी ने अपना नाम बदलकर किरण रख लिया है। (CL19123523)

मैं, देवी दयाल पुत्र बंत राम निवासी गांव लंडा, उप तहसील साहा, जिला अम्बाला, ने अपने पुत्र निर्मल सिंह को अपनी तमाम चल -अचल प्रापर्टी से बेदखल कर दिया है क्योंकि वह मेरे नियंत्रण से बाहर है। उसके साथ कोई भी लेन -देन अपने जोखिम पर किया जाए। सम्बद्ध नोट करें। (CL19123870)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

जेपी दलाल ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का लिया जायजा/बोले

किसानों को जल्द होगी नुकसान की भरपाई

अधिकारियों को निर्देश, प्रत्येक खेत का मुआयना कर भेजें रिपोर्ट

लोहारू, 30 नवंबर (निस)

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन व डेयरी, मत्स्य पालन व कानून एवं विधायी विभाग के मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि गत दिनों क्षेत्र और प्रदेश में ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करवाकर उसकी भरपाई करवाई जाएगी। किसान को कोई नुकसान नहीं होने दिया जायेगा जो भी नुकसान हुआ है, वह सरकार का हुआ है। सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गम्भीर है और उनके समाधान के लिए प्रयास कर रही है।

कृषि मंत्री ने शनिवार को अधिकारियों व किसानों के साथ ओलावृष्टि से नुकसान का जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को नुकसान के आकलन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसानों व गरीबों की खुशहाली के लिए वचनबद्ध हैं। राजस्व अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे ओलावृष्टि से हुए नुकसान का प्रत्येक किसान के खेत में जाकर जायजा लें और प्रदेश सरकार को नुकसान की रिपोर्ट जल्द भिजवायें। कृषि मंत्री ने पातवान, सिरसी, बुढ़ेड़ी, बड़दू चैना, गोठड़ा, ढ़ाणी टोडा तथा लोहारू का दौरा किया और किसानों व लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर रामकिशन शर्मा, राजीव श्योराण, विजय शेखावत, मांगेराम शर्मा मौजूद थे।

लोहारू के गांव ढाणी टोडा में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का जायजा लेते कृषि मंत्री जेपी दलाल। - निस

विशेष गिरदावरी कर दिया जाये मुआवजाः किरण चौधरी

भिवानी (हप्र) : पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने मांग की है कि हाल ही में तोशाम क्षेत्र में ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाये। चौधरी ने कहा कि 27 नवंबर को ओलावृष्टि से गांव खानक, किरावड़, ढाणी किरावड़, बिडोला, बादलवाला मिरान, रतेरा, साहलेवाला, भारीवास, अलखपुरा सहित 12 गांवों में सरसों, गेहूं और चना की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। किसान पहले ही फसलों के उचित दाम न मिलने से परेशान हैं और उस पर फसलों की बर्बादी ने उनकी कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते किसानों को राहत नहीं दी तो उनकी परेशानियां और अधिक बढ़ जाएंगी। किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखकर ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों में तुरंत विशेष गिरदावरी करवाने और किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

इंटक की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा

हिसार, 30 नवंबर (हप्र)

भवन निर्माण मजदूर संघ (इंटक) की एक बैठक में प्रदेश भर के सभी जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव सहित महिला विंग की अन्य पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान ने की। मंच संचालन प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन ने किया। बैठक के दौरान मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं व मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी रणनीति तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भवन निर्माण से जुड़े मजदूरों के पंजीकरण व पंजीकृत मजदूरों को मिलने वाली कल्याणी योजनाओं के आवेदन को लेकर भारी परेशानी सामने आ रही है। अधिकारी वर्ग मजदूरों से पंजीकरण फार्म पर पटवारी, सचिव, जेई आदि से कार्य करने का 90 दिनों का प्रमाण पत्र देने की मांग करते हैं, जिसको लेकर मजदूर वर्ग को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को असंगठित निर्माण श्रमिकों का कार्य पर लगे होने की कोई जानकारी नहीं होती, जिससे वे प्रमाण पत्र जारी करने में आना कानी करते हैं। इससे पहले केवल यूनियन की ओर से यह प्रमाण पत्र जारी किया जाता था। उन्होंने कहा कि सरकार को एक बार फिर यह प्रमाण पत्र जारी करने के लिए यूनियन को ही अधिकृत किया जाए।

इसके साथ ही बीओसी डब्ल्यू बोर्ड को सुचारू रूप से चलाने के लिए असंगठित निर्माण श्रमिकों का वेलफेयर बोर्ड में ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के रूप में लिया जाए ताकि निर्माण श्रमिकों को आ रही समस्याएं बातचीत के माध्यम से हल कराई जा सकें।

दुष्यंत से मिलने के लिए कमेटी गठित

उक्त मुद्दों को श्रम मंत्री दुष्यंत चौटाला से मिलने को लेकर यूनियन की एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष अमित यादव, प्रदेश महामंत्री धर्मवीर सिंह लोहान, उपप्रधान रामअवतार कोरड़ा, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार नैन को शामिल किया गया। इस मौके पर जोरा सिंह भुक्कल, जयप्रकाश मिस्त्री, सीताराम, प्रदीप बांडाहेड़ी, राणा सिसाय, चतर सिंह सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बढ़ते दाम का विरोध

प्याज की माला पहनकर कांग्रेसियों ने जताया रोष

सिरसा, 30 नवंबर (निस)

प्याज के बढ़ रहे रेट के विरोध में शनिवार को कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता होशियारीलाल शर्मा के नेतृत्व में रोष मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्याज की मालाएं गले में पहनकर अपनी नाराजगी जताई।

इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता सुभाष चौक पर एकत्रित हुए और वहां से पैदल मार्च निकालते हुए भगत सिंह चौक पर पहुंचे और वहां भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। होशियारी लाल शर्मा ने कहा कि पहले से ही परेशान आम जनता को महंगाई ने करारा झटका दिया है।

लगातार बढ़ रहे प्याज के दाम ने आम जनता का आंसू निकाल दिया है। देश-प्रदेश की भाजपा सरकार ने जिस तरह से लोगों पर महंगाई का अंबार लादा है। उसको देखते हुए चारों तरफ हाहाकार है। इस मौके पर डॉ. सुशील इंदौरा, आनंद बियानी, गजानंद सोनी, संजय चावरिया, कपिल सरावगी, मनमोहन मिढ़ा मौजूद थे।

रानियां रोड पर बाइक सवार 2 युवकों की करतूत

सैर कर रहे व्यक्ति को चाकू दिखाकर 30 हजार छीने

सिरसा, 30 नवंबर (निस)

शहर की रानियां रोड पर शनिवार सुबह सैर कर रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार 2 युवकों ने चाकू की नोक पर 30 हजार रुपये छीन लिये और भाग गये।

मोचियांवाली गली निवासी मुकेश रानियां रोड पर ही मूंगफली की रेहड़ी लगाता है। उसने किसी को 30 हजार रुपये देने थे, जोकि उसकी जेब में थे। शनिवार सुबह करीब 6 बजे वह घूमने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए 2 युवकों ने रानियां रोड पर कुछ दूरी पर जाकर उसे रोक लिया और चाकू दिखाकर जो कुछ है, देने को कहा। डर के मारे जेब में पड़ी 30 हजार रुपये की नकदी निकाल कर उसे दे दी। युवक उसका आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड व आई कार्ड भी छीनकर ले गए। उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते युवक भागने में कामयाब हो गए। जांच अधिकारी एसएचओ सुखबीर सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

बाइक से निकाली पटाखे की आवाज, कटा 30 हजार का चालान

रेवाड़ी, 30 नवंबर (निस)

बावल के गांव खिजूरी में एक युवक को बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालना महंगा पड़ गया। पुलिस ने उसकी बाइक को जब्त कर 30 हजार रुपये का चालान काट दिया। बाइक पर न तो नंबर प्लेट थी और न ही उसका चालक संबंधित कागजात दिखा पाया। बाइक पर भड़काऊ स्टिकर भी लगे हुए थे। गांव खिजूरी में गोली चलाने की आवाज आने की सूचना मिली थी जिसके बाद बावल पुलिस कार्यवाहक प्रभारी गुरदयाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो पता चला कि यह आवाज गोली की नहीं, बल्कि बुलेट बाइक की है।

फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

जींद, 30 नवंबर (हप्र)

पिंडारा गांव के पास युवक पर फायर करने के आरोपी शाहपुर निवासी जयभगवान उर्फ जय को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। गत 21 नवंबर को ईगराह गांव के सोनू ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गोहाना रोड स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में 20 नवंबर को आया हुआ था। इस दौरान उसके गांव के दोस्त मनजीत उर्फ बूंडी, मनजीत उससे मिलने कॉलेज आए हुए थे। उसी समय वहां पर अमन उर्फ गांधी निवासी झांझ तथा शाहपुर निवासी जयभगवान उर्फ जय अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ आए और आते ही उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगे। इसके बाद 21 नवंबर को उसके मोबाइल पर जयभगवान उर्फ जय की फोन कॉल आई और उसे पांडु-पिंडारा पुल के पास बुलाया। वह एक चाय की रेहड़ी के पास खड़े हो गए। उस समय सफेद रंग की आई-20 कार रोहतक रोड बाई पास की तरफ से आई और उनके सामने आकर रुकी। उस कार से जय रेढ़ू नीचे उतरा और उसने पिस्तौल से उस पर कई फायर किए। इसमें वह बाल-बाल बच गया। वहीं, कार में अन्य युवक जो कि तेजधार हथियार लिए हुए थे।

बिजली मंत्री ने अधिकारियों को दी चेतावनी

शिकायत केंद्र पर सुनी जायें समस्याएं, जल्द हो समाधान

लापरवाही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई

सिरसा के गांव संतनगर में शनिवार को लोगों को संबोधित करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह। - निस

सिरसा, 30 नवंबर (निस)

बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह ने कहा कि बिजाई के समय किसान को बिजली की अधिक जरूरत रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए खेतों में बिजली का समय 10 घंटे किया गया है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली शिकायत केन्द्रों में फोन पर मिलने वाली सभी शिकायतों को ध्यान से सुना जाए और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए। इस कार्य में अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चौधरी रणजीत सिंह ने शनिवार को रानियां दौरे के दौरान विभिन्न गांवों में लोगों को संबोधित किया और यह बात कही। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी और मेरे काम की तारीफ बेशक न करना लेकिन कोई कमी हो तो जरूर बताना। तारीफ आदमी को अपने लक्ष्य से भटका देती है जबकि कुछ कमी हो तो कार्य को और बेहतर करने की प्रेरणा देती है। रणजीत सिंह ने गांव ओटू, अभाली, लहरांवाली, नकोड़ा, संतनगर गांवों का दौरा किया। इससे पहले शुक्रवार देर शाम उन्होंने गांव भुन्ना, चक्का, केहरवाला, बचेर, नथोर, मौम्मड़ आदि गांवों में भी दौरा किया।

महंत नरेशगिरि का जन्म दिवस मनाया

नूंह/मेवात(निस) : श्री श्यामगिरि गौशाला संचालक व शिव-शनि पीठ डिढारा के महंत नरेशगिरि महाराज का 46वां जन्म दिवस शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही पीठ व गौशाला पर भक्तों का तांता लगा हुआ था। वयोवृद्ध सामाजिक नेता किशन दत गुप्ता के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में उनकी दीर्घायु की कामना व समाज के क्षेत्र में खासकर गौवंश पालन व उनकी रक्षार्थ छेड़े गये अभियान की जमकर सराहना की गई। इससे पूर्व हवन यज्ञ व पाठ पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सामाजिक नेता नम्बरदार सुरेन्द्र सिंह, राजवीर राठी, भोलू प्रधान, पंडित विनोद शर्मा, निरंजन शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

लोहारू, 30 नवंबर (निस)

12 अप्रैल की रात को बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा विकृत कर भाईचारा खराब करने वाले षड़यंत्रकारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोगों ने शनिवार को कृषि मंत्री जेपी दलाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में विजय गुरावा, भरथराम बॉक्सर और राकेश ने बताया कि इस मामले पर पुलिस ने 3 आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों ने बताया था कि उन्होंने किसी और के इशारे पर यह काम किया। पुलिस आज तक षडयंत्रकारियों को पकड़ नहीं पायी। उन्होंने मांग की है कि षडयंत्रकारियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये।

नारनौल पहुंचे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव

हुडीना-हाजीपुर सड़क का शिलान्यास

नारनौल, 30 नवंबर (हप्र)

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि किसानों के लिए पिछले पांच साल सबसे अच्छे साबित हुए हैं। सरकार ने नहरों में पानी की मात्रा दोगुनी कर दी है जिससे यहां अच्छी फसल हो रही है। वहीं मंडियों तक फसल पहुंचाने के लिए रास्तों को पक्का किया जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अकेले नारनौल हलके में कृषि विपणना बोर्ड द्वारा पिछले पांच साल में 75 किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं। वे शनिवार को गांव हुडीना में हरियाणा राज्य कृषि विपणना बोर्ड द्वारा हुडीना से हाजीपुर तक बनने वाली संपर्क सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि लगभग 75 लाख की लागत से बनने वाली यह 2.7 किलोमीटर लंबी सडक़ 6 माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बनने के बाद हाजीपुर, धरसूं, गहली व गोद बलाहा तक के ग्रामीणों को नारनौल जाने की बजाए सीधे महेंद्रगढ़ रोड़ पर पहुंचने संपर्क मार्ग मिल जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा भी विचार प्रकट किये।

रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

नारनौल में शनिवार को शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। -हप्र

शनिवार को रेडक्रास भवन में रमेश एंड शारदा अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर कैंप की शुरूआत की। शिविर में लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त जगदीश शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, नगर परिषद चेयरपर्सन भारती सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा व रेडक्रास सचिव मनोरंजन शर्मा भी उपस्थित थे।

तावडू वार्ड 13 और 15 में पेयजल किल्लत

नूंह/मेवात (निस) : तावडू कस्बा के वार्ड नं-13 व 15 में पिछले 3 रोज से पेयजल संकट बना हुआ हैं। सर्दी के मौसम में समस्या समाधान न होने से वार्डवासियों में रोष व्याप्त हैं। वार्ड पार्षद से लेकर जलदाय विभाग को शिकायत देने के बावजूद समाधान नहीं हो पा रहा हैं। इस बारे में जलदाय विभाग तावडू के कनिष्ट अभियंता सकील खां ने फोन रिसीव नहीं किया।

नशों के खिलाफ पुलिस का अभियान

कनीना (निस) : जिला पुलिस अवैध शराब को लेकर पूरी तरह से चुस्त हो गई है। कनीना थाने की 3 टीमें लगातार अवैध शराब पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही हैं जिसे देख अवैध शराब के कारोबारी भूमिगत हो गये हैं। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि टीमों की ओर से विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

epaper.dainiktribuneonline.com

स्पोर्ट्स कार्नर

'खेल से चरित्र, चरित्र से होता है राष्ट्र निर्माण'

भिवानी (हप्र) : क्रीड़ा भारती के सौजन्य से चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित वीर जीजा माता सम्मान समारोह में पहलवान योगेश्वर दत्त ने युवाओं को संबोधित किया और कहा कि किसी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए चरित्र का अहम योगदान है। युवा को खेलकूद में सहभागिता कर चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि खेल से चरित्र और चरित्र से राष्ट्र निर्माण होता है। इस अवसर माताओं एवं खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

अंश तोमर ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

गोहाना (निस) : खंदराई मोड़ स्थित जय बालाजी स्पोर्ट्स अकादमी के बॉक्सर अंश तोमर ने मिजोरम की राजधानी आईजोल में आयोजित बॉक्सिंग की नेशनल चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया है। शनिवार को अकादमी में अंश को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। अकादमी के अध्यक्ष अनिल मोर की अध्यक्षता में हुए सम्मान समारोह में अंश तोमर के साथ उनके कोच नवीन हुड्डा को भी सम्मानित किया गया।

योग प्रतियोगिता में भिवानी तीसरे स्थान पर

भिवानी (हप्र) : यमुनानगर में आयोजित इंटर सेंटर योग चैंपियनशिप में भिवानी को तीसरा स्थान मिला है। 15 से 19 आयुवर्ग के अंतर्गत भिवानी की टीम में शामिल करिश्मा ने प्रदेशभर में तृतीय स्थान हासिल किया। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल चहल ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेता खिलाड़ी करिश्मा को बधाई दी है।

सूदखोरों से परेशान ऑटो मार्केट के मिस्त्री ने खुद को लगाई थी आग, अब मौत

परिजनों ने रोड पर शव रखकर लगाया जाम

परिवार ने की 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

हिसार, 30 नवंबर (हप्र)

उधार में लिए 20 हजार रुपये चुकाने के बावजूद गारंटर से 15 हजार और मांगने और इसके लिए दबाव बनाने से परेशान होकर ऑटो मार्केट के एक मिस्त्री ने 12 नवंबर को स्वयं पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। शनिवार को अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को राजगढ़ रोड पर रखकर प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। पुलिस ने 2 दिन में आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने शव उठा लिया। पुलिस ने पातन गांव निवासी विक्रम की शिकायत पर हिसार के विकास नगर निवासी धोला व राजस्थान के धनोटी गांव निवासी पवन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विक्रम ने बताया कि वह ऑटो मार्केट में पंक्चर की दुकान में काम करता है और उसका बड़ा भाई राकेश भी ऑटो मार्केट में अन्य दुकान पर काम करता है। उसके भाई ने 4 माह पहले गांव के बंटी को पवन व धोला से गारंटर बनकर 20 हजार रुपये उधारे दिलवाए थे। बंटी ने दोनों को यह रुपये वापस कर दिए लेकिन दोनों ने बंटी से 15 हजार रुपये और मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद पवन व धोला उसके भाई से 15 हजार रुपये मांगने लगे। इससे परेशान होकर 12 नवंबर को रात दस बजे उसके भाई ने स्वयं पर मिट्टी का तेल छिड़कर आग लगा दी। परिजनों ने बताया कि राकेश को हिसार के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां उपचार के दौरान शनिवार को उसने दम तोड़ दिया।

रिटायरमेंट के बाद भी फिटनेस में हिट हैं रामफल

चरखी दादरी, 30 नवंबर (निस)

इंसान में अगर जज्बा और हौंसला बुलंद हो तो वह कुछ भी हासिल कर सकता है, चाहे उम्र कुछ भी हो। इस बात को चरखी दादरी के गांव कमोद निवासी 72 वर्षीय रामफल ने साबित कर दिखाया है। यहां रामफल की फिटनेस देख युवाओं का भी पसीना छूटा है। जिन्होंने पिछले दिनों मैराथन में रिकार्ड समय में पार करते हुए गोल्ड जीतकर साबित कर दिया है कि ढलती उम्र भी उनकी प्रतिभा को नहीं रोक पाई। सेवानिवृति के बाद भी दादरी के धावक रामफल खेल जगत से जुड़े रहे और अनेकों राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदकों का ढेर लगा लिया है। रामफल ने सेवानिवृत होने के बाद से अब तक 33 मेडल जीते हैं जिनमें 20 गोल्ड मेडल शामिल हैं।

पर्यावरण, जल संरक्षण के लिए स्कूलों को मिलेगी 5 स्टार रैंकिंग

हिसार, 30 नवंबर (हप्र)

श्री महामृत्युंजय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र एवं मिशन ग्रीन फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी सहजानंद नाथ ने हरियाणा स्कूल एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह से मुलाकात की और उनकी फाउंडेशन द्वारा स्कूल को पर्यावरण सुरक्षा के लिए 5 स्टार रैंकिंग देने के प्रस्ताव के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने सभी स्कूलों को इससे जोड़ने का प्रस्ताव रखा। डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि स्कूलों को इस मुहिम से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करेंगे।

स्वामी सहजानंद नाथ ने 5 स्टार रैंकिंग के बारे में बताया और कहा कि इसके तहत बरसात के पानी की रेन हार्वेस्टिंग, गाड़ी, फर्श धोने में पानी को व्यर्थ नहीं करने, मेहमानों को आधा गिलास पानी देने से होने वाली पानी की बचत के लिए वन स्टार की रैंकिंग दी जाएगी। घर के कूड़े को एकत्रित करके गीला कचरा व सूखा कचरा के हिसाब से उसका सही निस्तारण करने पर दो स्टार, घर में प्लास्टिक की चीजों को 'दादी की मटकी' बनाकर उसमें इकट्ठा करना 3 स्टार होगा।

'दूसरे मेडिकल कॉलेज में जल्द किया जाये समायोजित'

झज्जर, 30 नवंबर (हप्र)

वर्ल्ड कॉलेज के विद्यार्थियों का शनिवार को श्रीराम शर्मा पार्क में धरना जारी रहा। इस तरह धरने पर बैठे उन्हें पूरे तीन महीने हो गये। छात्रों ने कहा कि उनकी सरकार से गुहार है कि अब समय बहुत बीत चुका है और उनकी मेडिकल की पढ़ाई चौपट हो चुकी है। अब भी सरकार उन्हें दूसरे मेडिकल कॉलेजों में समायोजित कर देती है तो उनका भविष्य चौपट होने से बच जाएगा।

Pt. J.L.N. Government College
Sector-16A, Faridabad
Ph. No. 0129-2226529
E-mail : gcfaridabad@gmail.com

नोटिस

हरियाणा सरकार से मान्यता प्राप्त कान्ट्रेक्टर से महाविद्यालय में सप्लाई की जाने वाली तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। Terms & Condition के लिए महाविद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। इच्छुक फर्म अपनी निविदाएं **महाविद्यालय कार्यालय में दिनांक** 05 दिसम्बर 2019 तक दोपहर 2:00 बजे तक जमा करवा सकते है। प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद

2 भाइयों और उनकी पत्नियों के खिलाफ केस

गोदनामे की बजाय बच्चे का बनाया झूठा जन्म प्रमाण-पत्र

हिसार, 30 नवंबर (हप्र)

एक युवक ने अपना एक बेटा बेऔलाद भाई को गोद देने की बजाय धोखाधड़ी से बेटे के जन्म के समय अस्पताल व जन्म मृत्यु पंजीकरण शाखा में माता-पिता का गलत नाम दर्ज करवा दिया। पुलिस ने दो भाइयों व उनकी पत्नियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने कैमरी रोड स्थित मॉल कॉलोनी निवासी रामफल पूनिया की शिकायत पर उसके भतीजे सातरोड खुर्द गांव निवासी संजय, उसकी पत्नी रेणु व दूसरे भतीजे परमजीत व उसकी पत्नी नवीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया आरोप लगाया कि शादी के बाद रेणु ने 2 पुत्रों हर्ष व जतिन को जन्म दिया लेकिन रिकॉर्ड में एक ही पुत्र हर्ष को दिखाया हुआ है। रेणु के छोटे बेटे जतिन का जन्म 4 नवंबर, 2009 को चूड़ामणि अस्पताल हुआ और अस्पताल में दाखिल होते समय रेणू ने अपना नाम नवीन पत्नी परमजीत दर्शा दिया और जतिन के जन्म प्रमाण पत्र में भी माता-पिता का नाम नवीन और परमजीत दर्शा दिया। नवीन ने आज तक किसी भी बच्चे को जन्म नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने आंगनवाड़ी में जो रजिस्टर लगाया हुआ है जिसमें गर्भवती महिला का नाम दर्ज किया जाता है। जतिन के समय इस रजिस्टार में रेणु पत्नी संजय का ही नाम दर्ज है और टीकाकरण रजिस्टर में भी रेणु पत्नी संजय का ही नाम दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सारा षडयंत्र इसलिए रचा गया ताकि संजय व रेणु अपने छोटे बेटे जतिन को परमजीत के हिस्से की जमीन दिलवा सके।

ज्यादा ब्याज का लालच देकर सवा 4 लाख हड़पे

हिसार, 30 नवंबर (हप्र)

ज्यादा ब्याज देने का लालच देकर लोगों के सवा 4 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने 6 सोसायटी संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एचटीएम थाना पुलिस ने मिल गेट की गली नंबर 6 निवासी रविंद्र कुमार की शिकायत पर ठंडी सड़क स्थित डबल फाटक निवासी प्रवीण भटनागर, इनकम टैक्स एंड सेंट्रल गवर्नमेंट एमईटीसी सोसायटी लिमिटेड के राय सिंह रावत, जगदीश चंद्र शर्मा, अमर नाथ यादव, अंगूरी देवी, कुलदीप कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

आरोप है कि इन लोगों ने ज्यादा ब्याज देने का लालच देकर अपनी सोसायटी में सवा चार लाख रुपये जमा करवा लिए और मांगने पर वापस पैसे नहीं दिए।

हैदराबाद में रेप के बाद वेटरनरी डॉक्टर की हत्या का मामला

प्रदेशभर में रोष, सड़क पर उतरे लोग

रोहतक, 30 नवंबर (हप्र)

हैदराबाद की वेटरनरी डॉक्टर से गैंगरेप और निर्मम हत्या पर देशभर में रोष की लहर है। इसके विरोध में लोग सड़क पर उतरे और अपना आक्रोष जाहिर किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शनिवार शाम कैंडल मार्च निकाला। विधि विभाग के छात्र परवीन ने बताया कि इस हत्या के विरोध में देश भर में जनता इस घटना के खिलाफ रोष में है। उन्होंने कहा कि बलात्कार विरोधी मानसिकता हमें इस घटना के बाद तेलांगना के गृहमंत्री का बयान से मिलता है जिसमें पीड़िता को ही दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है।

हत्यारों को फांसी देने की मांग

सिरसा (निस) : इस घटना के विरोध में सामाजिक संस्थाओं ने शुक्रवार देर रात कैंडल मार्च निकाला और रोष प्रदर्शन किया। लोगों ने हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।

भिवानी में शनिवार को टीआईटी कॉलेज के सामने विरोध प्रदर्शन करते एंटी यूथ क्लब के सदस्य। -हप्र

शोकसभा का आयोजन

भिवानी (हप्र) : एंटी क्राईम यूथ क्लब ने टीआईटी कॉलेज के सामने विरोध प्रदर्शन किया। रीति संगम शिक्षा एवं जनकल्याणकारी संस्था ने भगत सिंह चौक स्थित अपने कार्यालय में शोकसभा की और जनवादी महिला समिति ने महम गेट पर गुण्डागर्दी व हैवानियत का पुतला फूंका

एनएसयूआई ने जताया विरोध

फरीदाबाद (हप्र) : श्रद्धांजलि सभा का आयोजन एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने किया। प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि वहशी दरिंदो के लिए कड़े से कड़े कानून बनाकर सीधा फांसी दे देनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की अन्य घटना देखने को ना मिले।

काली पट्टी बांधकर किया काम

नारनौल (हप्र) : पशु चिकित्सकों ने शनिवार को काली पट्टी बांधकर पशु चिकित्सालय में सेवाएं दी।

ग्राम पंचायत गुजरवास
खण्ड अटेली नांगल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)

तालाबों की बोली

सभी को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुजरवास में 3 दिसंबर 2019 को प्रात:10 बजे मछली पालन हेतू दो तालाबों की बाबा भैया व ढाणी गुजरवास की बोली छोड़ी जाएगी। इच्छुक बोली दाता उक्त दिवस को पहुंचे। मौके पर बोली के नियम व शर्तें बता दी जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत गुजरवास
खण्ड अटेली नांगल जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)

NOTICE

It is notified that the election of Governing Body of I.P. College of Education, Jassia (Rohtak) for the post of President, Vice President, General Secretary, Treasurer, Eleven members of Governing Body, Two teaching representative and one non teaching representative will be held as per schedule given below :-

Date of Filling of nomination	-	01-01-2020 to 02-01-2020 (8.00 Am to 5.00 pm)
Date of Scrutiny of Nominations	-	07-01-2020 (8.00 am to 5.00 pm)
Date of Withdrawal of Nominations	-	12-01-2020 (8.00 am to 5.00 pm)
Date of Symbols Allotted	-	14-01-2020 (8.00 am to 5.00 pm)
Date of Election	-	21-01-2020 (8.00 am to 5.00 pm)
Date of Declaration of Results	-	21-01-2020 (After the election)

Returning Officer,
I.P. College of Education,
Jassia (Rohtak)

फरीदाबाद पुलिस

सेवा-सुरक्षा-सहयोग

हरियाणा पुलिस

हरियाणा पुलिस

अपने वाहन की सुरक्षा के लिए ध्यान रखें कि, ऐसा कुछ न करे

कि आपकी कीमती बाईक/कार चोरी हो, और वह किसी क्राइम में प्रयोग की जाए

अपराधों के अनुसंधान मे पाया गया कि चोरी हुई बाइक/कार किसी न किसी अपराधा में प्रयोग की जाती है । इसलिए तमाम तरह की परेशानियों से बचने के लिए सचेत रहें और पुलिस का सहयोग करे।

अपनी बाईक/कार को सामान्य सुरक्षा उपाय अपनाकर चोरी होने से बचाएं

हमेशा बाइक/कार को सही प्रकार से लॉक करें और हमेशा अधिकृत पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें

चोरी से बचाव के लिए अतिरिक्त लॉक लगाकर रखें

जब भी अधिकृत पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करें तो पार्किंग स्थल कर्मचारी को चाबी ना सौंपे

बाइक/कार को कभी सुनसान जगह या अंधेरे क्षेत्र में ना छोड़े

वाहन में एंटी थेफ्ट अलार्म उपकरण का इस्तेमाल अवश्य करें

अतिरिक्त सुरक्षा साधन के रूप में अपने वाहन में जीपीएस ट्रैकर लगाना बिल्कुल न भूलें

Police Control Room	Women Helpline No.	Senior Citizen Helpline No.	Traffic Police Station
100/9999150000	1091	7290010000	9582200138/129-2225999

अपराध संबंधी किसी भी तरह की जानकारी देने के लिए हमें ई-मेल करे:-

To avail all citizen services visit us: www.haryanapoliceonline.gov.in

email to cp cp.fbd@hry.nic.in

epaper.dainiktribuneonline.com

कहानी

अनुत्तरित प्रश्न

प्रदीप उपाध्याय

चित्रांकन : संदीप जोशी

आज वास्तव में मैं बहुत घबरा गया था जब उसका मैसेज आया कि 'डार्लिंग, आज रात की फ्लाइट से निकल रही हूं और कल सुबह तुम्हारे इण्डिया के समय के हिसाब से 9.30 बजे पहुंच जाऊंगी।'

मैंने अपनी घबराहट के बावजूद उसे मैसेज किया था कि 'ओ.के. डार्लिंग, आय विल बी देयर, लेकिन तुम कहां पहुंच रही हो, दिल्ली या मुम्बई!'

तब उसने कहा था कि 'मैं अपने एजेंट से बात करके तुम्हें बताऊंगी। वैसे भी इण्डिया में पहली बार विजिट करूंगी। मुझे प्लेस का नाम याद नहीं आ रहा है। पिछली बार तुम्हें जब मैसेज किया था और मैंने पूछा था कि इण्डिया में किस जगह रहते हो, तब तुमने जो जगह बताई थी, वही जगह मैंने अपने एजेंट को बता दी थी।'

इस पर मैंने उससे प्रतिप्रश्न भी किया था कि 'ठीक है एजेंट ने ही टिकट बुक किया होगा लेकिन जब आप किसी अन्य देश में जा रहे हो तो आपको भी इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए।'

इस वार्तालाप के बाद उसका कोई रिप्लाई नहीं आया तो मुझे संशय भी होने लगा कि कोई विदेशी लड़की केवल संदेशों के आदान-प्रदान के आधार पर किसी फेसबुक फ्रेंड पर कैसे आंख मूंदकर विश्वास कर सकती है! उसके बारे में तरह-तरह के विचार मेरे मन में आने लगे। मेरी बेचैनी भी बढ़ती जा रही थी। सामने आती विपत्ति और मन में घबराहट के चलते यह भी विचार आ रहा था कि मैं भी कहां इस सोशल मीडिया के चक्कर में पड़ गया। माना कि साहित्यकारों को पाठकों और श्रोताओं की जरूरत होती है जब तक वे वाह-वाह सुन न लें...उनका खाना हजम नहीं होता है और इसीलिए अपने अनुसरणकर्ताओं की संख्या बढ़ने पर वह फूला नहीं समाता है ...लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि आंखें मूंदकर सभी को मित्र बना लिया जाए! ...उसके आने से सबसे बड़ा डर तो यही सता रहा था कि श्रीमती जी को क्या कहूंगा ...कि स्काटलैंड से मेरी एक मित्र आ रही है और उसके साथ मुझे इण्डिया की सैर पर जाना है। वैसे भी इस लिखने-पढ़ने के चक्कर ने मुझे शौकीन मिजाज का तमगा तो दिलवा ही दिया था, घर वालों की निगाह में भी अपना कैरेक्टर कुछ संदेहास्पद हो गया था। श्रीमतीजी बात-बात पर ताने भी देती रहती हैं कि यह बुढ़ापे में बाल डाई करने और जींस-टीशर्ट पहनने का शौक क्यूं चर्राया हुआ है! तुम अपने जवानी के दिनों में भी इतना बनते संवरते नहीं थे, जितना अब बनने संवरने लगे हो। पहले तो तुम्हारे शर्मीले स्वभाव के कारण कोई महिला मित्र नहीं होती थी अब सोशल मीडिया पर इतनी महिला मित्रों के साथ कैसे चैटिंग कर लेते हो। खैर, उनसे इतना सुनने के बाद भी जैसे-तैसे समझा लेता हूं और मना भी लेता हूं। मुझे लगता है कि इस बार भी मना लूंगा ...कह दूंगा कि प्रिये वह मेरी फॉलोअर है। बहुत बड़ी प्रशंसक है लेकिन बच्चे कहां मेरी बात का विश्वास करेंगे। नई जनरेशन को फुसलाना इतना आसान भी तो नहीं! वे सीधे-सीधे कह देंगे कि 'पापा, क्यों बुढ़ापे में जगहंसाई करवा रहे हैं, अपनी उम्र का तो कुछ ख्याल करिए।'

मैंने सोचा कि घर वालों को सभी को बता दूं कि वह तो फेसबुक फ्रेंड है... पहली बार भारत भ्रमण के लिए आ रही है। हम सभी लोग मिलकर घूमने का प्लान बना लेते हैं लेकिन फिर मेरे मन में विचार आया कि क्या यह संभव है। मैंने अपने से ही प्रश्न किया कि दोस्ती जिस तरीके से हुई और आगे बढ़ी, उसे देखते हुए पारिवारिक स्वरूप देना क्या संभव होगा? मैं अपने लिखने-पढ़ने के समय के अलावा बाकी समय में तो मोबाइल और लैपटॉप से ही चिपका रहता हूं।

कितनी ही तो फ्रेंड रिक्वेस्ट आती रहती हैं। समझ ही नहीं पाते हैं कि कोई क्यों मित्र बनना चाह रहा है या चाह रही है, जिनका साहित्य से दूर-दूर तक कोई नाता ही नहीं है। कई स्त्री वेशधारी यानी मुखौटों वाले पुरुष और ऐसे ही बैंक खातों में साइबर डाका डालने को तत्पर विदेशी महिलाएं भी मित्र बनाने को तत्पर। कई लोगों को न चाहकर भी मित्र बना लिया, अपनी लम्बी-चौड़ी मित्र सूची दिखाने के लिए। कई विदेशी ललनाएं भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती हैं, मालूम रहता है कि फर्जी हैं, इरादे नेक नहीं हैं फिर भी बहुत से लोग झांसे में आ जाते हैं।

जब एनी केविन की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई तो मुझे ऐसा ही लगा कि यह भी फर्जी ही होगी लेकिन जैसा कि मैं मित्रता अनुरोध स्वीकारने के पहले मैसेज कर पूछता भी रहा हूं कि क्या आपकी साहित्य में रुचि है और आपने मित्र अनुरोध क्यों भेजा है। तब एनी का जवाब भी आया। उसने लिखा कि गलती से भेज दिया था, चाहें तो ब्लॉक कर दें। मुझे लगा कि वह ईमानदारी बरत रही है और मुझे भी एक विदेशी मित्र मिल रही है तो मैंने उसकी फेसबुक प्रोफाइल देखी और पुष्टि कर ली। संतुष्ट होने पर मैंने भी मैसेज कर दिया कि नहीं, कोई बात नहीं, आपका मित्रता अनुरोध स्वीकार करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है। वैसे भी मुझे तो अपनी कहानियों के लिए नये-नये किरदारों की जरूरत रहती ही है और फिर इस बार तो एक विदेशी बाला थी। मैंने सोचा चलो अपना टाइम भी पास होगा और लिखने के लिए एक विदेशी कैरेक्टर मिलेगा किन्तु यह किसे पता था कि वह तो गले ही पड़ जाएगी!

फिर भी एक ख्याल मन में था ही कि क्या वास्तव में वह यहां आकर मुझसे मिलने की इच्छुक थी और यहां की सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होना चाहती थी। कई प्रश्न थे, जिनका जवाब मिलना अब मुश्किल था क्योंकि अब उससे संदेशों के माध्यम से भी बात नहीं हो सकती थी, आखिर उसने मुझे सभी जगह ब्लॉक जो कर दिया था।

मित्रता अनुरोध स्वीकारने के बाद कई दिनों तक गुड मॉर्निंग, गुड नाइट, लंच, डिनर हुआ या नहीं, आज का दिन कैसा रहा, अभी क्या कर रहे हो जैसे औपचारिक मैसेज ही चलते रहे। इसके बाद उसी ने मुझसे मेरा वह मोबाइल नंबर मांगा जिस पर मैं वाट्सएप यूज करता हूं। मैंने कारण पूछा तो उसने लिखा कि वह फेसबुक पर कम समय तक ही रह पाती है, वाट्सएप पर चैटिंग में सुविधा होगी। मुझ पर भी बुढ़ापे में जवानी-सी मदहोशी छाने लगी थी तो बिना सोचे-समझे नंबर भी दे दिया। उसने एक किस करते हुए अपनी फोटो वाट्सएप पर भेज दी, जैसा कि आजकल हिन्दुस्तान की नई पीढ़ी पर भी असर देखा जाने लगा है। उसकी फोटो देखकर मेरा मन बाग-बाग हो गया। मुझे भी उससे चैटिंग में आनंद आने लगा था। हालांकि न तो उसने और न ही मैंने कभी मोबाइल पर बातचीत की न वीडियो कॉलिंग की कोशिश की। अपनी दोपहर तो उसकी सुबह, अपने सोने का समय तो उसकी शाम, फिर भी मैसेज का इंतजार तो रहता ही था।

उसने अपने सम्बोधन में डियर से डार्लिंग कर दिया और एक बार तो हद ही कर दी जब उसने भारत आने का प्रोग्राम बताया और अपने मैसेज में लव यू लिख दिया। मुझे लगा कि शायद कहीं कुछ गलतफहमी पैदा हो गई है और इसीलिए पुष्टि के बतौर मैसेज कर दिया कि डार्लिंग, तुमने मेरी प्रोफाइल फेसबुक पर तो देखी ही होगी। उसने बदले में यह लिख भेजा कि क्या तुमने भी देखी है। तब मैं समझ गया कि उसने मेरी प्रोफाइल देखी है। आगे उसने यह भी मैसेज किया कि उसके वेकेशन नेक्स्ट वीक से प्रारंभ होंगे, अतः जल्दी ही पैंडिंग काम निपटाना है। हालांकि मैं अंग्रेजी जानता हूं और उससे संदेशों का आदान-प्रदान भी अंग्रेजी में ही हो रहा था तब भी मैंने उसे यह मैसेज किया था कि 'मैं ज्यादा अंग्रेजी नहीं जानता। हो सकता है कि मेरे मैसेज तुम्हें समझ न आते हों। तुम ही मुझे अंग्रेजी सिखाते रहना।' तब उसने रिप्लाई किया था कि 'डोंट वरी, व्हेन वी विल बी टुगेदर इन योर कन्ट्री, आय विल टीच यू इंग्लिश।' मुझे भी इस तरह के संवादों में मजा आ रहा था। मुझे लगा कि वह भी इन क्षणों का उसी तरह से आनंद ले रही है जिस तरह से मैं ले रहा हूं। फिर भी मुझे इस बात का अहसास नहीं था कि वह भारत आने के मामले में इतनी गंभीर है। मैं तब भी उसकी बातों की गंभीरता को नहीं समझ पाया जब उसने मैसेज किया कि मेरे वेकेशन प्रारम्भ हो चुके हैं और मुझे इण्डिया आने के लिए अपने एजेंट को टिकट बुक कराने के लिए प्लेस बताना है। तुम इण्डिया में कहां रहते हो।

मैंने कहा कि 'सामान्य रूप से विदेशी सैलानी दिल्ली या मुम्बई ही आते हैं।' तब उसने कहा था कि 'नहीं, उस जगह का नाम चाहिए, जहां तुम रहते हो। क्या तुम जहां रहते हो, वहां की खास जगहों पर घुमाना नहीं चाहते हो।' उसे बुरा न लगे, इस लिहाज से मैंने बोल दिया था कि 'नहीं ऐसी बात नहीं है। मैं मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में रहता हूं।'

लेकिन मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि वह वास्तव में वेकेशन पर इण्डिया आने का प्लान कर रही है। आज जब उसने मैसेज किया तो मैंने घबराहट में सबसे पहले वाट्सएप पर उसे ब्लॉक कर दिया और फेसबुक पर मित्रता सूची से निकाल दिया। इतना हो जाने के बाद रात में नींद कोसों दूर थी... कभी किताबों के पन्ने पलटता रहा तो कभी सोने की कोशिश करता रहा। ...घबराहट भी रही कि कहीं वह फोन लगाकर अपना गुस्सा न उतार दे या फिर कल इंदौर पहुंचकर परिवार के सामने अपना आक्रोश प्रकट न कर दे क्योंकि फेसबुक पर मेरी सभी जानकारियां उपलब्ध थीं ही। मुझे अपना बुढ़ापा बिगड़ने और साहित्य के क्षेत्र में बदनामी का डर सताने लगा। रात में बिस्तर पर इधर से उधर करवटें बदलता रहा। आखिरकार मोबाइल फिर से हाथ में थामकर अपनी बेचैनी दूर करने का प्रयास करने लगा। पहले वाट्सएप पर मैसेज चेक किए फिर मैसेंजर पर मैसेज चेक करने लगा। अचानक सामने एनी कैविन का मैसेज देखकर चौंक गया क्योंकि यहां मैंने उसे ब्लॉक नहीं किया था, उसने अंग्रेजी में ही लिखा था जिसका भावार्थ कुछ इस प्रकार था—'तुम्हें क्या हो गया जो अचानक मुझे व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया। मैं बहुत ही निराश हो गई, तुम्हारे इस व्यवहार से। तुम यह सब मुझे पहले ही बता सकते थे इन दिनों में कि तुम इच्छुक नहीं हो। कम से कम मेरा पैसा और समय तो बर्बाद नहीं होता, तुमसे तुम्हारे देश में मिलने के नाम पर। यह कोई समस्या नहीं है। फिर भी जैसा मैंने सुना और मेरी धारणा थी कि इण्डिया के लोग बहुत सभ्य और सुसंस्कृत हैं और उनका व्यवहार दुनिया के देशों में अद्वितीय है लेकिन तुम्हारे व्यवहार ने मेरी धारणा बदल दी। मैंने तुम्हें एक अच्छे मित्र और अभिभावक के रूप में देखा था और सोचा था कि तुमसे इण्डिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने को मिलेगा। तुम्हारे साथ देश की सभ्यता और संस्कृति के दर्शन हो सकेंगे लेकिन बहुत हर्ट किया है तुमने। अब मैं तुम्हारे देश कभी नहीं आना चाहूंगी। गुड बाय। आय हेट यू।'

मैं स्तब्ध रह गया मैसेज पढ़कर... उफ्फ, यह क्या कर दिया मैंने... अपने क्षुद्र स्वार्थ की खातिर। एनी मेरे बारे में जो भी धारणा बना लेती, उसका मुझे इतना अफसोस न होता लेकिन मेरे देश और मेरे देशवासियों के प्रति! मैं अपने आप को माफ नहीं कर पा रहा था। फिर भी एक ख्याल मन में था ही कि क्या वास्तव में वह यहां आकर मुझसे मिलने को इच्छुक थी और यहां की सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होना चाहती थी। कई प्रश्न थे, जिनका जवाब मिलना अब मुश्किल था क्योंकि अब उससे संदेशों के माध्यम से भी बात नहीं हो सकती थी, आखिर उसने मुझे सभी जगह ब्लॉक जो कर दिया था।

कविताएं

रोजमर्रा का आकाश

रोजमर्रा के आकाश में
रोजमर्रा की जरूरतों का प्रकाश है
नन्ही-नन्ही, कोमल-कोमल
किलकारियां हैं बच्चों की
अनुभव का अवकाश नहीं जरा भी
अंगुलियां चटकाने से
अब डरता ही है कौन
मय जबकि समा ही चुका हो
समूची चांदनी में
पसीना अंततः दौड़ेगा कब तक?
मरता आदमी अंततः
बोलेगा कब तक?
खून अंततः खौलेगा कब तक?
सीढ़ियां उतरते वक्त भी
होती है आहटें
सीढ़ियां चढ़ते वक्त भी
होती ही है आहटें
न हो आहटें तो सो जाता है
लोकतंत्र का जादू
आहटों से ही जागती हैं जीवन-तरंगें
जो हर हाल पोंछ रहा है अपने आंसू
और जाग रहा है ठिठुरते हुए रात-दिन
उसकी खांसी से, उसकी हंसी से
खुलती बंद होती हैं खिड़कियां
इस सबके बीच दिखाई देता है
वह एक महीन-सा रास्ता
जिसमें उपवास करते हुए
शहीद होकर
शहद बन जाने की होड़ है
हिटलर ने भी कहा था यही-यही
कि राष्ट्रवाद एक सर्वोच्च सर्वमांगलिक
और सत्कार्य की तरफ
बढ़ने का सन्मार्ग है
फिर फिसल गई तमाम-तमाम चीज़ें
तमाम-तमाम चीजों को फिसलने में
लगती नहीं है देर, आता नहीं है विराम
हर हाल फिसली हैं,
फिसलती हैं हर हाल चीज़ें
रोजमर्रा के आकाश में।

संभव हो रहा है असंभव

हंसी के पीछे छुपे हैं दुःख अनेक
आखिर ये कैसा माहौल हुआ जा रहा है
पिस्तौल में भरी जा रही है शराब
तंग गलियों में खुल रही हैं खिड़कियां
वर्णमाला सुलग रही है अवैध बस्तियों में
मुझे याद आती है झाड़ू, टोपी और जुबान
मुझे याद आती है
दरवाजे से बाहर निकलने की हिम्मत
मुझे याद आती है
कानून की पवित्र-पेचीदगियां
यह सिर्फ किसी एक
किसी एक रात की ही बात नहीं है
हर रात बदले जा रहे हैं परदे
कमजोर हो रही है आदमी की वर्णमाला
और संभव हो रहा है असंभव।

- राजकुमार कुम्भज

पुस्तक समीक्षा

जीवन की तल्ख सच्चाइयों का आईना

पुस्तक : जारी अपना सफर रहा
लेखक : वेदमित्र शुक्ल
प्रकाशक : अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली
पृष्ठ : 135
मूल्य : रु.400.

सुभाष रस्तोगी

वेदमित्र शुक्ल के सद्यः प्रकाशित पहले ग़ज़ल संग्रह 'जारी अपना सफर रहा' में कुल 125 ग़ज़लें संगृहीत हैं। अपने समवेत पाठ में यह ग़ज़लें जीवन का एक व्यापक परिदृश्य उपस्थित करती हैं। शीन-काफ से दुरुस्त यह ग़ज़लें ग़ज़लकार के उज्ज्वल रचनात्मक भविष्य के प्रति हमें आश्वस्त करती हैं।

रचनाकार का कथन है—'मनुष्य होना एक सफर है। सतत जारी इस सफर में कुछ ग़ज़लें भी साथ हो लेती हैं। सुख-दुख के अनेक पड़ावों से हो साथ-साथ गुजरते हुए ग़ज़ल और ज़िदंगी दोनों एक-दूसरे के बहुत नजदीक आ जाती हैं। कभी-कभी दोनों एक रूप-सी भी होने लगती हैं। ऐसे में ग़ज़ल का सौंदर्य निखर कर सामने आ जाता है। यदि ये ग़ज़लें जीवन की तल्ख सच्चाइयों का आईना बनकर सामने आई हैं तो प्रकृति का जीवन चित्रण भी पाठक के मन को बांधता है। श्रृंगार के कुछ चित्र भी इन ग़ज़लों में हैं जो इन ग़ज़लों को रवायती रंग भी देता है। भाषा बिंब धर्मा है और छोटे-छोटे शब्द-बिंबों के माध्यम से जीवन की विरूपता को उजागर करती कटुक्तियां पाठक के मन में गहरा उद्वेलन पैदा करती हैं।

आज की युवा पीढ़ी में अपने पांवों पर खड़े होते ही जो अपना घर बसाने की होड़ मची है, यह अश्आर इसी सत्य का पर्दाफाश करता है :-

हाल पिता का ले न सके
पितृ-तर्पण तो गया क्या?

वास्तव में लोकतंत्र में मतदाता की हैसियत क्या है, इस सत्य को उजागर करते यह दो अश्आर पाठक की चेतना को उधेड़कर रख देते हैं :-

बस देश-गीत ही गाता हूं,
मैं तो निरीह मतदाता हूं।
वो भाषण देने आते हैं,
मैं तो दरियां बिछवाता हूं।
गेरु से हैं लिखे गये नारों को देखिए
जो बोझ ढो रही हैं दीवारों को देखिए।

गांधी जी की उपयोगिता अब केवल नोट पर छपने तक ही रह गयी है या फिर सत्ता हासिल करने का अमोघ अस्त्र। देखिए इसी सत्य को उजागर करते वेदमित्र शुक्ल के दो अश्आर :-

रुपयों पर अब केवल छपे हुए,
गांधी अब भारत में यारो
लेने की ही बस होड़ लगी,
हैं सभी जरूरत में यारो।

कवि की राजनीतिक चेतना बहुत प्रखर है और व्यंग्य इस तरह के अश्आरों का प्रमुख हथियार। कवि को प्रकृति-चित्रण में जैसे महारत हासिल है।

प्रेम जीवन का मूल तत्व है। प्रेम में जब आदमी डूबता है तो पांव जैसे धरती पर नहीं पड़ते। हर जगह उसी का नजारा दिखता है।

लेकिन प्रेम ग़ज़लकार का मुख्य रंग नहीं है। इन ग़ज़लों का मुख्य रंग है पाठक को जीवन की कटुतम सच्चाइयों के रूबरू लाकर खड़ा कर देना :-

भूखे हैं चीथड़ों में, इन्सानियत है रोती,
खेतों में युकेलिप्टस देखो उग रहे हैं।

समग्रतः वेदमित्र शुक्ल का यह सद्यः प्रकाशित ग़ज़ल संग्रह 'जारी अपना सफर रहा' की ग़ज़लों का मूल स्वभाव जीवन के विद्रूप को उजागर करना रहा है।

देश के राजनीतिक परिदृश्य की झांकी

पुस्तक : चुनावी घोषणापत्र और लोकतंत्र
लेखक : राकेश कुमार आर्य
प्रकाशक : डायमंड पॉकेट बुक्स, नयी दिल्ली
पृष्ठ : 224
मूल्य : रु. 250.

नरेश दत्त शर्मा

जिस कृति में किसी मुद्दे विशेष को समझने के लिए उससे जुड़ी बारीकियों को गहराई से रेखांकित किया जाता है, वह उत्कृष्ट लेखन की परिधि में स्वतः आ जाता है। इसके अतिरिक्त यदि तथ्य और सत्य भी संदर्भ के अनुसार लालित्य और रोचकता लिये हों तो लेखन प्रभावोत्पादक बन जाता है। राकेश कुमार आर्य द्वारा लिखित 'चुनावी घोषणापत्र और लोकतंत्र' पुस्तक में भारतीय राजनीति के विभिन्न विषयों को गहनता से समझाया गया है, जिसके तहत अब तक लगभग चार दर्जन प्रकाशित-अप्रकाशित पुस्तकों के इस लेखक ने पहले चैप्टर 'राष्ट्रपति की वैदिक शपथ' पर चर्चा करते हुए यजुर्वेद 10/26 को उद्धृत कर वैदिक साहित्य में राजधर्म का उल्लेख यूं किया है—

'स्योना मासीद सुषदा मासीद क्षत्रस्य योनि मासीद' अर्थात् उक्त वेद में ऋषि कह रहे हैं कि हे राजन (आज के संदर्भ में राष्ट्रपति) यह आसंदी अर्थात राजगद्दी आपके लिए स्योना (आजकल का सोहना शब्द) है। आपके लिए सुखकर है, इस पर बैठिये और प्रजा के सुखार्थ कार्यों को बखूबी अंजाम दें। लेखक ने यह भी कहा कि यदि बड़े पदों पर बैठे लोगों का तेज क्षीण हो जाये तो समझ लीजिये कि लकड़ी पर घुन लगने की शुरुआत लगभग हो चुकी है। जनता के लिए भी सलाह दी है कि जागरूकता अधिकारों के प्रति कम और कर्तव्यों की ओर अधिक रखनी चाहिए ताकि खंडन-विखंडन जैसी सोच से बचा जा सके। वर्चस्वी और ओजस्वी राष्ट्रनायक सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित इस पुस्तक के दूसरे अध्याय 'भारत के आम चुनाव और निर्वाचन आयोग' में देश की 16वीं लोकसभा 2014 तक का संपूर्ण ब्योरा सिलसिलेवार दिया गया है, जिसमें रोचकता का पुट भी बरकरार है।

'भारत का निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र, भारत के चुनाव सुधार और चुनाव आयोग, राजनीतिक दल वचन-भंग के दोषी, क्यों नहीं, नेताओं की फिजूलखर्ची और चुनावी घोषणापत्र, भारत के मुख्य राजनीतिक दलों की सूची आदि लेखों में विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं और राजनीति दलों की कार्यप्रणाली पर संतुलित टिप्पणियां की हैं। सिस्टम में जो झोल हैं, उन्हें निकालने के कुछ मंत्र दिये हैं।'

रामजन्म भूमि और भाजपा, 2014 के आम चुनावों के समय कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र, भाजपा और कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्रों का तुलनात्मक अध्ययन, सपा के चुनावी घोषणापत्र में किये वादे इत्यादि लेखों में उन्होंने आस्था, राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, आत्मकेंद्रित दृष्टिकोण, लूट और तुष्टीकरण जैसे नजरियों को तराजू के दोनों पलड़ों में रखकर किसकी कितनी अहमियत मुद्दे पर विचार और निष्कर्ष निकालने की छूट भी पाठकों पर छोड़ दी है। पुस्तक में भाषा सरल और रोचक, विचार गहन और विस्तृत हैं। देश के राजनीतिक परिदृश्य को देखने-समझने का एक बेहतर झरोखा है यह किताब।

वाकई भारत रत्न

पुस्तक : भारत रत्न नानाजी देशमुख
लेखक : राकेश कुमार
प्रकाशक : डायमंड पॉकेट बुक्स, नयी दिल्ली
पृष्ठ : 144
मूल्य : रु. 150.

केवल तिवारी

हमारे समाज में अनेक ऐसी हस्तियां हुई हैं जिन्होंने समाज सेवा को इस हद तक आत्मसात किया कि जीते जी तो अपना सर्वस्व दे ही गए, मरने के बाद भी उनका शरीर काम आया। नानाजी देशमुख ऐसी ही हस्ती थीं। लेखक राकेश कुमार ने उन पर एक ऐसी पुस्तक लिखी है जो उनके जीवन के कई पड़ावों से हमें रू-ब-रू कराती है। किताब का नाम है, 'भरत रत्न नानाजी देशमुख।'

कुल 40 अध्यायों वाली इस इस किताब में राकेश कुमार ने एक ओर जहां उनके जीवनवृत्त को उजागर किया है, वहीं तत्कालीन विभिन्न हस्तियों के साथ उनके संघर्ष के तालमेल और उसमें फर्क को भी उजागर करने की कोशिश की है। 'नानाजी देशमुख के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य' शीर्षक वाले अध्याय में लेखक ने 11 बिंदुओं में उनके जीवन का सार-संक्षेप दिया है।

बेशक किताब का शीर्षक भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से शुरू होता है, लेकिन 'एक आदर्श राजनीतिज्ञ' वाले शीर्षक वाले अध्याय में संभवतः लेखक से यह बात छूट गयी। वह लिखते हैं, 'देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किए गए नानाजी देशमुख ने शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण लोगों के बीच अनेक कार्य किए...।' हालांकि नानाजी को पद्म विभूषण से भी नवाजा गया था। निस्संदेह यह पुस्तक नानाजी के जीवन के हर पहलू को उजागर करती है।

छोटी कथाओं में आदर्शवाद

पुस्तक : एक रोटी की भूख तथा अन्य लघु कथाएं
लेखक : डॉ. हरीश चन्द्र झण्डई
प्रकाशक : क्रेजी प्रिंटर्ज, कुरुक्षेत्र
पृष्ठ : 114
मूल्य : रु. 150.

रतन चंद 'रत्नेश'

आसपास की छोटी से छोटी घटनाओं और प्रसंगों को कथा में पिरोने की कोशिश है डॉ. हरीश चन्द्र झण्डई की 'एक रोटी की भूख तथा अन्य लघु कथाएं'। कथाओं में संवाद की यथोचित कमी इसकी मुख्य कमजोरी है। अधिकतर लघु यानी छोटी कथाएं वर्णनात्मक शैली में हैं। दरअसल, इन छोटी कथाओं के माध्यम से कहानियों को छोटा रूपाकार देने की कोशिश की गई है। दीगर इसके सही मायने में प्रचलित लघुकथा आज एक ऐसी सशक्त विधा बन चुकी है कि इसके कथ्य और स्वरूप को हल्केपन में नहीं लिया जा सकता।

बहरहाल, लेखक ने छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से विभिन्न मुद्दों, समस्याओं और उनके समाधानों को रेखांकित किया है। बहन की राखी, रक्षा-बंधन और वतन के लिए जैसी लघु-कथाएं देशप्रेम की भावना की द्योतक हैं तो सबला, बस में, मुझे अबला न समझो नारी-सशक्तीकरण को परिभाषित करती हैं। भारतीय संस्कृति और परंपरा का निर्वाह संस्कार, मेरी परछाईं, जीवनधारा, आस्था आदि में देखने को मिलता है। कुछ लघुकथाओं में पेड़ों की महत्ता और उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है।

सामाजिक रिश्तों और उनके ताने-बाने पर आधारित मेरी परछाईं, कर्तव्य, मां का दर्द, गुनाह, राम राम, दूधवाला, पत्नी की सोच, बेसहारों का सहारा अपना मंतव्य स्पष्ट करती हैं। संग्रह में प्रूफ की अनगिनत गलतियां हैं जो स्थान-स्थान पर खटकती हैं। कुल मिलाकर ये छोटी कथाएं आदर्शवाद का प्रतिनिधित्व करती दिखती हैं।

समय के सवालों से संवाद

पुस्तक : भगवा बनाम तिरंगा...
लेखक : ज़ियाउस्सलाम
प्रकाशक : सेज/ भाषा
पृष्ठ : 207
मूल्य : रु. 645.

जतिंदर जीत सिंह

सियासत, जाति-धर्म और समकालीन हालात पर ज़ियाउस्सलाम की किताब आई है 'भगवा बनाम तिरंगा... हिंदुत्व, मुस्लिम अस्मिता और भारत की संकल्पना।' यह मूल पुस्तक 'ऑफ सैफ्रन फ्लैग्स एंड स्कलकैप्स : हिंदुत्व, मुस्लिम आइडेंटिटी एंड द आइडिया ऑफ इंडिया' का अनुवाद है। अनुवाद किया है अशोक लाल ने। पुस्तक में कई जगह सवाल उठाए गए हैं। जैसे पुस्तक के भाग 3 हिंदुस्तान का विचार में शीर्षक है, हर कोई बाहर वाला है— मुहाजिर है...। यहां एक जगह लेखक सवाल पूछते हैं, 'क्या हमने आर्यों की तरह दिल्ली के सुल्तानों और मुगलों को नहीं अपनाया?' उन्होंने उत्तराखंड में वर्ष 2016 का एक उदाहरण दिया है जब गुरुद्वारे को नमाज अदा करने के लिए खोला गया था।

इस्लामी रवायत शीर्षक से एक अध्याय में लेखक ने तीन तलाक आदि के बारे में विस्तार से समझाया है। ज़ियाउस्सलाम खुद जाने-माने समालोचक हैं। विषय पर उनकी गहरी पकड़ है। 3 भागों में बंटी इस पुस्तक में अपना नजरिया और तथ्य रखने के लिए लेखक ने अन्य लेखकों व इतिहासकारों का हवाला दिया है। अलाउद्दीन खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे शासकों के इतिहास की अलहदा तस्वीर खींचते हुए, लेखक इस पुस्तक में मौजूदा वक्त व हालात तक का सफर तय करते हैं। वह लिखते हैं— मैं यहां 1400 साल से हूं, फिर भी मैं दूसरा हूं। आखिर में वह लिखते हैं— हिंदुस्तानी अब अपने हमवतनों की आवाज में आवाज मिलाना शुरू कर रहे हैं, मजहब, जिंस और जाति के बंधनों से परे जैसा कि हमारे संविधान का सपना था।

epaper.dainiktribuneonline.com

गांव टहरकी में चोरी पकड़ने गयी थी टीम

बिजली कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने किया हमला

2 जेई सहित 7 कर्मी घायल। सरपंच व 4-5 अन्य पर केस

पलवल, 30 नवंबर (हप्र)

जिले के टहरकी गांव में बिजली चोरी पकड़ने के लिए गई बिजली निगम की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में 2 जेई सहित 7 कर्मचारी घायल हो गए। घायल बिजली कर्मियों को पलवल के जिला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की लिखित शिकायत घायल जेई ने धतीर चौकी पुलिस को दे दी है। पुलिस ने पीड़ित जेई की शिकायत पर गांव के सरपंच व चार-पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी एएसआई उपदेश कुमार ने बताया कि बिजली निगम के जेई बीरपाल व प्रकाश वीर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वे बिजली कर्मी योगेश, हरकिशन, हरकेश, मेवाराम व चालक देवेंद्र के साथ टहरकी गांव में बिजली चोरी पकड़ने के लिए पहुंचे। उनकी टीम जब गांव में बिजली चोरी पकड़ने के बाद वापस लौट रही थी तभी गांव के 4-5 व्यक्ति आए और उनकी गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी के रुकते ही एक कार व एक स्कूटी पर चार व्यक्ति और मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने आते ही टीम पर लाठी, डंडों से हमला बोल दिया। वे जैसे-तैसे मौके से जान बचाकर भागे।

सरपंच पर धमकी देने का आरोप

जेई ने कहा कि उन्होंने गांव के सरपंच कन्नी के पास फोन किया था, जिस पर सरपंच ने उन्हें धमकी दी थी कि तुम्हें गांव से बाहर नहीं निकलने देंगे। इसके बाद ही उक्त चार-पांच व्यक्तियों ने आकर उनपर हमला किया था। आरोप है कि सरपंच की सोची समझी साजिश के तहत ही उनपर हमला हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

'विकास के मामले में हरियाणा में चमकेगा हथीन'

पलवल, 30 नवंबर (हप्र)

हथीन से भाजपा विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि हथीन का सर्वांगीण विकास ही उनकी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में सबका साथ-सबका विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए कार्य किए जाएंगे। उनका प्रयास रहेगा कि हथीन क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़कर हरियाणा का विकसित क्षेत्र बनाया जा सके। विधायक डागर शनिवार को जनाचौली गांव में सरपंच एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री गीता सौरोत द्वारा आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में गांव की सरपंच गीता सौरोत ने विधायक के समक्ष प्रस्ताव रखा कि अगर हरियाणा या फिर केन्द्र सरकार द्वारा एम्स अस्पताल की शाखा खोलने की कोई योजना है तो जनाचौली गांव पंचायत की ऑन रोड जमीन देने का तैयार है।

खाद में गोलमाल

डीसी दरबार पहुंचा किसान

जींद, 30 नवंबर (हप्र)

गांव पेगां के एक किसान ने पेक्स कर्मियों पर फर्जी कॉपी बनाकर उसकी सहमति के बिना खाद बेचकर गोलमाल करने के आरोप लगाते हुए शिकायत शनिवार को उपायुक्त डा. आदित्य दहिया को दी है। शिकायत में गांव पेगां निवासी किसान मनोज ने बताया कि गांव में को-आप्रेटिव सहकारी समिति बैंक (पेक्स) से 5 दिसंबर वर्ष 2009 को उसके द्वारा ली गई खाद के 56 हजार 700 रुपये की राशि बकाया थी। इसके बाद से पेक्स में किसी प्रकार का कोई लेन-देन नहीं किया। शुक्रवार को वह पेगां पेक्स में सीएम की ब्याज माफी घोषणा के तहत पिछला बकाया अदा करने के लिए गया था। वहां पता चला कि पेक्स कर्मियों द्वारा उसके नाम से फर्जी कॉपी बनाकर खुद ही खाद बेच दी। पेक्स द्वारा अब उसकी तरफ बिना कोई खाद का बैग लिए 74,114 रुपए का बकाया दिखाया गया है। किसान ने उपायुक्त को शिकायत देकर मामले की जांच कराने की मांग की है।

सेल्जमैन की सफाई

सेल्जमैन कृष्ण कुमार ने बताया कि गांव पेगां का किसान मामले को लेकर पेक्स में पहुंचा था। उसका पूरा रिकार्ड दिखाया गया है। फर्जीवाड़ा दूसरे सेल्जमैन के कार्यकाल का है। उसने अभी फोन नंबर बंद किया हुआ है।

होगी कार्रवाई

जीएम को ऑपरेटिव सहकारी समिति जींद के जीएम जयप्रकाश वर्मा ने बताया कि मामले के लेकर फोन आया था, लेकिन फिलहाल शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत मिलती है तो मामले को लेकर दोषी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एनएचएम ने डिप्टी एमएस को सौंपा ज्ञापन

मांगों का समाधान न करने पर जताया रोष

कल कार्यालय घेराव की चेतावनी

जींद में शनिवार को डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी नेता। -हप्र

जींद, 30 नवंबर (हप्र)

एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक द्वारा मांगों का निराकरण न किए जाने के रोष स्वरूप शनिवार को सिविल अस्पताल में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवा के जिला प्रधान अमित समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि गत छह माह से संघ द्वारा कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर मिशन निदेशक से मिलने का समय मांगा जा रहा है, लेकिन उनके द्वारा समय नहीं दिया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर संज्ञान नहीं लिया तो 2 दिसंबर को मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

खबर है...

छात्रा से दुष्कर्म, दोषी को 10 वर्ष की कैद

जींद (हप्र) : एडिशनल सेशन जज देवेंद्र सिंह की अदालत ने नौवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म करने के दोषी रोहतक जिला के पाकस्मा निवासी युवक मुकेश को 10 साल की सजा सुनाई है। दोषी पर कोर्ट ने 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले के अनुसार 12 दिसंबर, 2017 में एक महिला ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्ष की बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। 11 दिसंबर सुबह उसकी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। बाद में पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया। इस दौरान छात्रा ने दिए बयान में बताया कि जब वह स्कूल में जा रही थी तो रोहतक जिले के गांव पाकस्मा निवासी मुकेश उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जहां पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

साइबर कैफे संचालक सहित 3 पर केस

रेवाड़ी (निस) : बावल थाना पुलिस ने बावल रोड निवासी विजय की शिकायत पर तहसील गेट स्थित साइबर कैफे संचालक सहित तीन युवकों के खिलाफ 2.11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है। बावल रोड निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 27 नवंबर को तहसील गेट पर स्थित साइबर कैफे संचालक यश को स्टांप रजिस्ट्रेशन फीस निकलवाने के लिए 2.11 लाख रुपये ले जाने को कहा था। इसके बाद यश द्वारा कैफे पर काम करने वाले विनोद व हेमंत को भेजा तो उसने उनको उक्त राशि दे दी। उसका आरोप है कि रुपये देने के बाद से यश ने अपनी दुकान को बंद कर रखा है तथा तीनों आरोपी फरार है।

सफीदों में तेल टैंकर पलटा

सफीदों में शनिवार को पलटा तेल से भरा टैंकर। -निस

सफीदों (निस) : शनिवार को उपमंडल सफीदों के गांवों मोरखी व माल्सरी खेड़ा के बीच मिट्टी के तेल से भरा एक टैंकर इंजन की कैबिन से अलग होकर पलट गया। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मिट्टी के तेल का टैंकर जींद की तरफ से सोनीपत ले जाया जा रहा था कि माल्सरी खेड़ा व मोरखी गांव के बीच इसके इंजन का केबिन टैंकर की ट्राली से अलग हो गया और सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में चालक व परिचालक दोनों सुरक्षित बच गए।

कस्टडी में किया आत्महत्या का प्रयास

पलवल (हप्र) : सीआईए पुलिस कस्टडी में एक आरोपी ने आत्महत्या का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलते ही उसे तुरंत उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लाया गया। आरोपी संदीप उर्फ गोविंद निवासी गांव पृथला को गांव से काबू कर 29 नवंबर की शाम को सीआईए पलवल में पूछताछ के लिए लाए थे जहां उसने आत्महत्या का प्रयास किया। आरोपी अदालत से भगौड़ा भी घोषित है। आरोपी संदीप अपराधी किस्म का है जिसके खिलाफ जानलेवा हमला करने व अवैध हथियार के तहत कई मामले दर्ज हैं। आरोपी ने बाथरूम करने की इच्छा जाहिर की। बाथरूम में उसने आत्महत्या के लिए अपने सिर को तीन-चार बार पानी के स्टील वाल में मारा। उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाया गया।

पुलिस पार्टी पर किया वाहन चढ़ाने का प्रयास

नूंह/मेवात (निस) : फिरोजपुर झिरका में गौतस्करों द्वारा पुलिस पार्टी पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। इस बारे जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ के एएसआई रमेश चंद ने बताया थाना क्षेत्र के गांव माहोली में गौतस्करी की मिली थी। टीम ने मौके पर दबिश दी तो गौतस्करों ने कैंटरा को पुलिस पर चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस कर्मी तत्परता दिखाते हुए साइड हो गये। आरोपी तस्कर कुछ दूरी पर गौवंश से भरे वाहन को छोड़कर भाग गये। पुलिस ने 14 गौवंश आजाद करा दिया। पुलिस ने मामले में आरिफ निवासी भूडवास, नसीम निवासी नांगल मुबारिकपुर, मुस्ताक निवासी उटावड़ व वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

राजकीय पाठशाला से सामान चोरी

जींद (हप्र) : राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सिंधवी खेड़ा से अज्ञात चोर हजारों रुपये कीमत सामान चोरी कर ले गये। हैड टीचर स्नेहलता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विगत रात्रि चोर स्कूल की रसोई का ताला तोड़कर उसमें रखा गैस चूल्हा, पानी का कैंपर, पानी की टंकी, पतीला, कढ़ाई, 40 गिलास, 40 चम्मच, 50 प्लेट चोरी कर ले गए। चोरी की घटना का उन्हें जब लगा तब जब स्कूल पहुंचने पर रसोई का ताला टूटा मिला। सदर थाना पुलिस ने हैड टीचर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शराब के नशे में महिला से मारपीट

कनीना (निस) : शराब का सेवन कर महिला को परेशान करने के आरोप में पुलिस ने पड़ताल के एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। महिला किरण ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत कर पवन नामक व्यक्ति पर मारपीट करने तथा परेशान करने का आरोप लगाते हुए कनीना थाने में शिकायत दी। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि आरोपी पवन कुमार के केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मंत्री बनवारी लाल ने सुनीं समस्याएं

रेवाड़ी, 30 नवंबर (निस)

सहकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि बावल की जनता ने उन्हें लगातार दूसरी बार जिताकर विधानसभा में भेजा है। वे क्षेत्र की जनता के कर्ज को कभी उतार नहीं सकते। उनका वादा है, वे उनकी उम्मीदों व आशाओं पर पूरी तरह खरा उतरते हुए बावल हलके का और अधिक विकास कराएंगे।

उन्होंने शनिवार को बावल विस क्षेत्र के गांवों में धन्यवादी दौरे पर समस्याएं भी सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। गांव में धन्यवादी दौरे के दौरान लोगों ने मालाओं व पगड़ियों से उनका स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन अमर सिंह महलावत, डा. अरविंद यादव, हेमलता तंवर, पार्षद नीतू चौधरी, अजय पाटौदा भी मौजूद थे।

कार्ड धारकों को नहीं मिला राशन, सरसों का तेल

करसोला में उपभोक्ताओं ने जताया रोष

जुलाना/जींद, 30 नवंबर (हप्र)

गांव करसोला में राशन कार्ड धारकों को तेल नहीं मिलने से हताश राशन उपभोक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। शनिवार को करतार, बारू, धर्मबीर, राजबाला, गीता, जगदीश, अनूप, सुरेन्द्र आदि ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव करसोला के डिपो पर लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो पिछले महीने पूरा राशन मिला था और न ही अबकी बार उन्हें सरसों का तेल दिया गया हैं। वहीं, डिपो होल्डर का कहना था कि उनके यहां पर 150 कार्ड धारक हैं। एक कार्ड धारक को दो लीटर सरसों का तेल दिया जाता हैं। इसके हिसाब से उनके पास 300 लीटर सरसों का तेल की सप्लाई दी जानी चाहिए थी लेकिन पिछले महीने भी कार्ड धारकों के लिए पूरा राशन नहीं आया था और नवंबर माह का राशन कार्ड धारकों के लिए केवल 160 लीटर ही सरसों का तेल आया था।

जुलाना के करसोला गांव में शनिवार को रोष व्यक्त करते ग्रामीण। -हप्र

क्या कहते हैं फूड सप्लाई इंस्पेक्टर

फूड सप्लाई के इंस्पेक्टर दमन ने बताया कि चंडीगढ़ से जो अलोकेशन उनके पास आती है,उसके हिसाब से डिपो होल्डर को सप्लाई भेजी जाती है। ऐसे में गांव करसोला के डिपो के लिए जितने राशन की एलोकेशन उनके पास आई थी, उसी के हिसाब से राशन भेजा गया था।

फेसबुक आईडी हैक कर ठगे 15 हजार

रेवाड़ी, 30 नवंबर (निस)

रेवाड़ी में फेसबुक आईडी हैक कर रुपये मांगने का एक और मामला सामने आया है। पहले बावल एसडीएम, फिर जिला पार्षद के बाद अब एक नौजवान की आईडी हैक पर हैकर्स ने पीड़ित के दोस्तों से 15 हजार रुपये ठग लिये। गांव काकाड़िया निवासी जयप्रकाश ने सदर थाना को दी शिकायत में बताया है कि किसी ने उसकी फेसबुक आईडी हैक कर ली और दोस्तों को मैसेज किया कि मैं आपत्ति में हूं और मुझे पैसों की बहुत जरूरत है। हैकर्स ने अपना बैंक खाता नंबर भी शेयर किया। उसके एक दोस्त ने 5-5 हजार दो बार और दूसरे ने 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये। दोपहर को दोस्त ने उसे फोन किया तब आईडी हैक होने की सूचना मिली।

एनएसयूआई ने फूंका सांसद साध्वी प्रज्ञा का पुतला

सिवानी मंडी, 30 नवंबर (निस)

आज यहां राजकीय सेठ मेघराज जिंदल महाविद्यालय के कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहे जाने पर में रोष जताया और पुतला जलाकर विरोध दर्ज करवाया।

एनएसयूआई के छात्र नेता नितिन सिधनवा के नेतृत्व में सिवानी के सेठ मेघराज जिन्दल कालेज के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई नेता नितिन सिधनंवा ने बताया कि एनएसयूआई आलाकमान के आदेशानुसार देशभर में विभिन्न जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

हजारों की नकदी, आभूषण लूटे

कार सवार भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला

पलवल 30 नवंबर (हप्र)

यहां हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने लुटेरे हजारों रुपये व सोने के आभूषण लूटकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पहली घटना में कार में सवार 2 भाइयों पर लाठी-डंडा व सरिया से हमला कर सोने की चेन को लूट ले गए। गांव जाजरु निवासी अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने पिता गिराधारी लाल व भाई सुनील के साथ कार में सवार होकर जनौली मार्ग होते हुए अपने गांव जा रहे थे। जब गाड़ी गांव बघौला से जनौली मार्ग पर थोड़ा आगे पहुंची तो सामने से एक कार आकर रुकी जिसमें 6-7 युवक उतरे और लाठी-डंडों व सरिया से हमला कर दिया तथा गले से सोने की चेन को लूटकर व जान से मारने की देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि उन पर हमला करने वाले गांव मनोज, भागीरथ, जयवीर, सतपाल निवासी गांव मीरापुर व महेश निवासी गांव घर्रोट थे।

स्कूटी सवार को लूटा

दूसरी घटना में स्कूटी पर सवार व्यक्ति को रोककर बाइक सवार दो युवक हजारों रुपये की नकदी को लूटकर फरार हो गए। चांदहट थाना पुलिस में गांव शेरगढ़ जिला मथुरा (यूपी) निवासी रमेश चंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह स्कूटी पर गांव से आया और गांव अमरौली की तरफ जा रहा था। जब वह गांव बाता के समीप पहुंचा तो एक बाइक पर दो युवक आए और हालचाल पूछने लगे। इसी दौरान उक्त युवक जबरन जेब से 7500 रुपये की नकदी को लूटकर फरार हो गए।

कर्मचारी से लूटपाट के तीनों आरोपी पकड़े

रेवाड़ी, 30 नवंबर (निस)

फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को लूटने की वारदात में शामिल तीनों आरोपियों गांव कतोपुरी निवासी राजबीर उर्फ भालू, सतेन्द्र व नूरगढ़ निवासी धर्मेन्द्र को रोहड़ाई थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से एक पिस्तौल, वारदात में प्रयोग की गई कार व लूटी नकदी बरामद कर ली गई है।

रोहड़ाई थाना प्रभारी रणसिंह ने बताया कि भिवानी के दिनोद रोड़ निवासी प्रवीण कुमार ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह एक फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करता है। शुक्रवार सुबह वह कई स्थानों से रिकवरी कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पाल्हावास की नहर के पास कार सवार बदमाशों ने उसे रुकवा कर उससे 38 हजार रुपए छीन लिये।

रोहड़ाई थाना पुलिस ने सीआईए रेवाड़ी की टीम के साथ मिलकर देर शाम ही वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को काबू कर लिया है। उनसे पूछताछ के बाद आरोपी राजबीर से 15 हजार रुपए, एक मोबाइल, एक पिस्टल बरामद की है। वहीं सतेन्द्र से एक मोबाइल व एक हजार तथा धर्मेन्द्र से 11 हजार रुपए, एक मोबाइल व वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैफेटेरिया में झलकी दक्षिण भारत की संस्कृति

गोहाना (निस) : गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में शनिवार को एक दिन के लिए कैफेटेरिया (कॉफी हाउस) आयोजित किया गया। कैफेटेरिया में दक्षित भारत की संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। कैफेटेरिया में विभाग की छात्राओं द्वारा दक्षिण भारत की प्रसिद्ध जायकेदार रेसिपी इडली-सांबर परोसा गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि विभाग की प्राचार्य डा. वीना रहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं को अपने देश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और वहां की रेसिपी का ज्ञान होता है। कैफेटेरिया के आयोजन में डा. नूतन, डा. परविंद्र और प्रीति धनखड़ का विशेष योगदान रहा।

युवा उत्सव 200 विद्यार्थी सम्मानित

रेवाड़ी के गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शनिवार को युवा उत्सव के विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व कुलपति। -निस

रेवाड़ी (निस) : गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में युवा उत्सव हिंडोला-2019 के सफल आयोजन मजबूत कड़ी की भूमिका निभाने वाले 200 विद्यार्थियों को कुलपति आवास पर शनिवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के लगभग सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्वयंसेवक संघ के प्रचारक चरणजीत व विशिष्टातिथि रामअवतार व कंवपाल सिंह ने शिरकत की। कुलपति प्रो. एसके गक्खड़ ने छात्र कल्याण विभाग को हिंडोला उत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर छात्र कल्याण विभाग की निदेशक डा. सीमा, सह निदेशक डा. अदिति व डा. पूजा ने सभी स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद किया।

स्लोगन से प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

भिवानी में शनिवार को पंडित सीताराम शास्त्री महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। -हप्र

भिवानी (हप्र) : पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में बिट प्लास्टिक पोल्यूशन विषय पर यूथ रेडक्रास प्रभारी डा. विकास शर्मा व श्रीमती रंजना की अध्यक्षता में स्लोगन व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया। प्रथम स्थान निशा यादव, द्वितीय मोनिका, तृतीय सोनिया नागरवाल व भारती कौशिक ने प्राप्त किया। संस्था के प्रधान शिव प्रकाश शर्मा ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रश्नोत्तरी में छाये जगरामबास के विद्यार्थी

बाढड़ा (निस) : कस्बे के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जोनल स्तरीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें जगरामबास व बाढड़ा के विद्यार्थी अव्वल रहे। प्राचार्य भूपसिंह की अध्यक्षता में कस्बे के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा में आयोजित जोनल स्तरीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कक्षा 3 से 5 कक्षा तक की श्रेणी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला जगरामबास प्रथम व बाढड़ा की टीम द्वितीय रही। कक्षा 6 से 8 कक्षा तक की श्रेणी में राजकीय माध्यमिक विद्यालय जगरामबास प्रथम व रावमा विद्यालय बाढड़ा की टीम द्वितीय रही। कक्षा 9 वीं व 10 कक्षा तक की श्रेणी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा की टीम प्रथम व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढड़ा की टीम द्वितीय रही।

युवा संसद में रनरअप बच्चे सम्मानित

बल्लभगढ़ में शनिवार को युवा संसद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित करते चेयरमैन नयनपाल रावत। -निस

बल्लभगढ़ (निस) : हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि देश के ज्यादातर आईएएस और आईपीएस सरकारी स्कूलों में पढ़कर ही बने हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर अपना मानसिक व शारीरिक विकास करें। नयनपाल रावत शनिवार को पृथला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हरियाणा में स्टेट लेवल पर आयोजित युवा संसद कंप्टीशन में दूसरा स्थान हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। रावत ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक उत्सव में सोनीपत प्रथम

सोनीपत (हप) : राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में सोनीपत जिले ने ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया है। सोनीपत जिले की टीमों ने चार विभिन्न स्पर्धाओं में पहला स्थान पाया है। तीन स्पर्धाओं में अकेले राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मुरथल अड़ डा की छात्राओं ने झंडे गाड़े। शनिवार को स्कूल पहुंची छात्राओं का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य संतोष राठी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में इस बार सोनीपत जिला ओवरऑल चैंपियन बना है। ग्रुप डांस वरिष्ठ वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राओं ने पहला स्थान पाया है। इसी तरह जूनियर वर्ग में फिर से स्कूल ने बाजी मारी। सांझी प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में भी स्कूल की टीम पहले स्थान पर रही और ग्रुप डांस सोलो के वरिष्ठ वर्ग में बडवासनी स्कूल ने पहला स्थान पाया है।

न्यू जेन मोबिलिटी समिट 2019 में बोले केंद्रीय मंत्री मेघवाल

देश के विकास में ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का होगा अहम योगदान

गुरुग्राम, 30 नवंबर (हप्र)

केंद्रीय भारी उद्योग एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आइकेट की ओर से आयोजित न्यू जेन मोबिलिटी समिट 2019 में नेशनल आटोमोटिव बोर्ड के गठन का जो प्रस्ताव सामने आया है उस पर भारत सरकार गंभीरता से विचार करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि आइकेट की ओर से इस संबंध में जो प्रस्ताव उनके मंत्रालय को भेजा जाएगा उसको लेकर केंद्र सरकार में इस पर विचार किया जाएगा। उनकी पूरी कोशिश होगी कि इस प्रकार की कोई राष्ट्रीय संस्था का गठन हो, जिसकी जिम्मेदारी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार करने और विभिन्न मंत्रालयों के साथ कोआर्डिनेशन स्थापित करने की हो। इससे इस इंडस्ट्री के लिए नीति निर्धारित करना व उन पर निर्धारित समय सीमा में अमल कराना संभव होगा। वह मानेसर स्थित आइकेट सेंटर में आयोजित न्यू जेन मोबिलिटी समिट 2019 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का होगा अहम योगदान होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान जो विचार विमर्श किया गया इससे देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की आवश्यकता एवं इनके अनुकूल नीतियों के निर्धारण की दृष्टि से विभिन्न मंत्रालयों के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए जिस राष्ट्रीय संस्था के गठन की बात इस सम्मेलन में सामने आई है उसको लेकर वे स्वयं भी उत्साहित हैं और आइकेट के विशेषज्ञों के इस प्रस्ताव का पुरजोर वकालत करेंगे।

मानेसर में शनिवार को आईकैट के तीन दिवसीय समारोह के समापन अवसर पर मौजूद केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अन्य वरिष्टजन। -हप्र

15 देशों के विशेषज्ञ ले रहे भाग

आइकेट के निदेशक दिनेश त्यागी ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि सम्मेलन के 3 दिन में लगभग 100 से अधिक टेक्निकल रिसर्च पेपर्स प्रदर्शित किए गए। 15 से अधिक देशों के तकनीकी विशेषज्ञों एवं ऑटोमोबाइल प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए. सम्मेलन में 200 से अधिक स्टाल पर ई - मोबिलिटी, हाइड्रो-मोबिलिटी सहित अन्य अल्टरनेटिव ऑटोमोबाइल फ्यूल से संबंधित कंपोनेंट्स एवं वाहनों का भी शानदार प्रदर्शन किया गया।

प्रशासन को हाईकोर्ट का आदेश

384 एकड़ जमीन से छुड़वायें अवैध कब्जा

गोहाना, 30 नवंबर (निस)

हाईकोर्ट ने गांव सिरसाढ़ में पंचायत की करीब 384 एकड़ जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने के आदेश दिए हैं। गांव की पंचायती जमीन पर करीब 2 दशक से कई लोगों ने कब्जे कर रखे हैं। पंचायत ने जमीन से कब्जे हटवाने के लिए हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने करीब तीन साल पहले पंचायत के पक्ष में फैसला सुना दिया था। इसके बाद जिन लोगों ने कब्जे कर रखे हैं, उन्होंने सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर कर दी। सुप्रीमकोर्ट ने केस वापस हाईकोर्ट के पास भेज दिया। हाईकोर्ट ने 13 नवंबर को पंचायत के पक्ष में फैसला दिया है और साथ प्रशासन को जल्द जमीन से कब्जा हटवाने के आदेश दिए। पंचायत के प्रतिनिधि सरपंच अनिल के साथ हाईकोर्ट के आदेश की प्रति लेकर जिला उपायुक्त और गोहाना एसडीएम से मिले हैं। अधिकारियों ने कहा कि न्यायालय से आदेश की प्रति आने पर कार्रवाई की जाएगी।

हरजीत हत्याकांड में है मुख्य अभियुक्त

इनामी बदमाश राजीव पंडित को एसटीएफ ने दबोचा

सोनीपत, 30 नवंबर (हप्र)

एसटीएफ सोनीपत की टीम ने हाईवे स्थित नाथूपुर मोड़ से हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाखड़ी, रंगदारी मांगने के मामले में फरार कुख्यात बदमाश भिवानी के गांव नंगला के पूर्व सरपंच राजीव उर्फ राजू पंडित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर भिवानी पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी 21 मामलों में नामजद है और करीब आधा दर्जन मामलों में अभी फरार चल रहा था। एसटीएफ आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसटीएफ प्रभारी सतीश देशवाल ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कुख्यात बदमाश राजू पंडित जीटी रोड पर नाथूपुर मोड़ के पास अपने किसी साथी से मिलने आ रहा है। इस पर उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए जाल बिछा दिया। थोड़ी देर बाद एक युवक वहां आया। उसकी संदिग्ध गतिविधि देख एसटीएफ टीम को शक हुआ, तो उसे रोक कर पूछताछ की गई। युवक ने अपनी पहचान भिवानी के गांव नांगल निवासी राजीव उर्फ राजू पंडित के रूप में दी।

21 केस है दर्ज

पूछताछ में पता चला है कि वह राजू नांगल गैंग का सरगना है। उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट, रंगदारी की 21 मुकदमे दर्ज है। एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 29 मार्च को हुए भिवानी के हरजीत उर्फ हेता की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गांव पालुवास में प्रॉपर्टी डीलर हरजीत उर्फ हेता की गोली मारकर हत्या की गई थी। पंडित ने पुलिस को बताया कि वह सोनीपत में रहने वाले अपने साथी प्रदीप से मिलने आया था। हालांकि उससे मिलने से पहले ही एसटीएफ ने उसे दबोच लिया। अब एसटीएफ उसके साथी का भी पता लगा रही है। साथ ही पता लगाएगी कि प्रदीप आरोपी की मदद तो नहीं कर रहा था।

दहशत फैलाने के लिए कार पर चलाई गोली

रोहतक, 30 नवंबर (निस)

शिवाजी कालोनी थाना के अंतर्गत जनता कालोनी में दहशत फैलाने के लिए एक पत्रकार की कार पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले आरोपी ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी थी और इसी के चलते आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संबंधित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित हर्षवर्धन ने शिवाजी थाना में शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार सुबह वह अपनी कार घर के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। इस दौरान गोली चलने की आवाज आई। बाहर आकर देखा तो उसकी कार में गोली चलाई गई थी। पीड़ित ने बताया कि जनता कालोनी का नवीन बुधवार कई दिनों से उसके साथ रंजिश रखे हुए है और तीन दिन पहले उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने इस संबंध में नामजद युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर है...

लोगों की राय से तैयार होगा विकास का खाका

गुरुग्राम (हप्र) : पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि गांवों में विकास कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। इसके आधार पर सभी गांवों के विकास का खाका खींचा जाएगा। यह सारा काम लोगों की सलाह लेकर किया जाएगा। जरावता यहां बिरहेडा, राजूपुर गुगाना, फरीदपुर, कारौला और सुंदपुर जराऊ गांवों में ग्रामीणों की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंचायतों के विकास कार्यों की समीक्षा की तथा ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर सरपंच किरण यादव बिरहेड़ा, सरपंच उषा चौहान, राजपाल चौहान, नपा पार्षद श्रीपाल चौहान, दलीप पहलवान छिलरकी आदि मौजूद थे।

अंबेडकर चौक का 15 दिनों में पुनर्निर्माण करे निगम

फरीदाबाद (हप्र) : दलित महापंचायत ने नगर निगम को चेतावनी दी है कि 15 दिनों के अंदर डा.भीमराव अंबेडकर चौक का सौंदर्यीकरण, बीके चौक पर भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापित नहीं की गई तो भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा बौद्ध विहार के नाम पर चौक पर बोर्ड लगाने, अंबेडकर लाइब्रेरी जल्द बनाई जाए। इससे पहले दो दिसंबर को निगम महापौर एवं सदन के सभी सदस्यों तथा निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके अलावा सांसद, विधायकों व मंत्रियों को भी ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

4 मैरिज गार्डन पर गिरी गाज, मुकदमा दर्ज

फरीदाबाद (हप्र) : सूरजकुंड रोड पर बृहस्पतिवार रात लंबा जाम लगने के कारण चार मैरिज गार्डन पर गाज गिरी है। सूरजकुंड थाना पुलिस ने चारों गार्डन संचालकों के खिलाफ लापरवाही से जाम लगने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सूरजकुंड रोड पर एक दर्जन मैरिज गार्डन हैं। यह मुकदमा सूरजकुंड थाने में तैनात एएसआइ महावीर सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ है। महावीर सिंह ने बताया है कि उन्हें बृहस्पतिवार रात कंट्रोल रूम से सूरजकुंड रोड पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लगने की वीटी प्राप्त हुई थी। सूचना पाकर वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि यहां चार मैरिज गार्डन में शादियों के कार्यक्रम चल रहे थे। शादियों में आए लोगों की कारें सड़क पर पार्क की हुई थीं। इसके कारण सड़क पर वाहनों के आवागमन का रास्ता बाधित हो रहा था।

ड्राइवर से मारपीट कर पिकअप ले गए बदमाश

सोनीपत (हप्र) : शहर के राठधना रोड पर युवकों ने चालक व उसके साथी को पीटकर घायल कर दिया। मारपीट कर आरोपी चालक की पिकअप गाड़ी ले भागे। चालक व उसका साथी पीछा करते हुए आरोपियों के पीछे गए, तो आरोपियों ने अन्य युवकों को बुलाया और दोबारा उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें छुड़ाया। सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव मुकिमपुर निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि वह मयूर विहार निवासी प्रवीन का ट्रक चलाता है। शुक्रवार की देर रात वह जींद के अलीगढ़ के रहने वाले अपने दोस्त सोनू के साथ पिकअप गाड़ी में सवार होकर राठधना रोड पर खड़े ट्रक को लेने के लिए गए थे।

स्क्रैप कारोबारी का लिफ्ट में फंसकर पैर कटा

बल्लभगढ़ (निस) : सेक्टर-7 थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक फैक्टरी में प्लास्टिक के पुराने ड्रम लेने गए स्क्रैप कारोबारी माल लाने ले जाने के लिए लगाई गई लिफ्ट में फंसकर घायल हो गए। ऑपरेशन के दौरान उनका बायां पैर काटना पड़ा। स्थानीय भड़ाना चौक, गली नंबर 3 के निवासी पीड़ित दयाराम कर्दम की शिकायत पर फैक्टरी मालिक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिप्टी स्पीकर गंगवा बोले

विपक्ष को नहीं होगी कोई शिकायत, सबको साथ लेकर चलेंगे

रोहतक, 30 नवंबर (निस)

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार पांच साल चलेगी और जो वादे सरकार ने किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। गंगवा ने कहा कि भाजपा में दलित और पिछड़े वर्गों का मान सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जिन परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है उनको सरकार द्वारा 5 प्रतिशत अधिक अंक दिए जाने से भी उनका मान सम्मान बढ़ा है। उन्होंने सदन में विपक्ष की भूमिका पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि विपक्ष का सकारात्मक भूमिका निभाना भी प्रजातंत्र का ही हिस्सा है और विपक्ष सरकार को अच्छे सुझाव दें। उन्होंने सदन में परिवारिक टिप्पणी व आरोप-प्रत्यारोप के सवालों पर भी कहा कि भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप की जगह नहीं है।

रोहतक में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा। -निस

उन्होंने कहा कि चुनकर गए जनप्रतिनिधियों का प्रभाव आम लोगों पर अच्छा खासा असर डालते हैं, इसलिए पक्ष हो या विपक्ष निजी टिप्पणी छोड़कर विकास के मुद्दे को ही उठाएं। डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सदन में जितना महत्व पक्ष का है उतना ही विपक्ष का भी है। विपक्ष की सकारात्मक भूमिका होनी चाहिए और ज्वलंत ओर जनता के हित के मुद्दों पर आवाज उठानी चाहिए। मनोहर लाल खट्टर सरकार-2 के एक्शन मोड में आने के सवाल पर गंगवा ने कहा कि पिछले पांच साल के कार्यकाल में भी सरकार एक्शन मोड में रही है। उन्होंने जजपा से समर्थन के सवाल पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश में जनता को स्थाई सरकार मिले इसलिए एक विचारधारा रखने वाले लोग इकट्ठा हुए हैं और मिलकर सरकार बनाई है। साथ ही दुष्यंत चौटाला के चुनाव में 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन करने के सवाल पर गंगवा ने कहा कि दोनों दल मिलकर योजनाएं तैयार करते हैं और साथ मिलकर फैसला करेगी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री सुरेश भट्ट, जिला अध्यक्ष अजय बंसल, बैकवर्ड निगम के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, विकास रोहिल्ला, राजसिंह गुढान, चाचा नाथी, सुरजीत जसिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विधायक ने उठाया मुद्दा

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में चला सघन सफाई अभियान

फरीदाबाद के एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा शनिवार को एयरफोर्स रोड पर सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए। -हप्र

फरीदाबाद, 30 नवंबर (हप्र)

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले एयर फोर्स रोड पर विधायक नीरज शर्मा द्वारा सघन सफाई अभियान चलवाया गया। सफाई अभियान में 200 सफाई कर्मी, सात जेसीबी व दर्जनभर ट्रैक्टर लगाए गए। गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र के अति व्यस्त एयर फोर्स रोड पर पिछले पांच वर्षों से नालों की सफाई न होने के चलते अकसर सीवर का गंदा पानी भरा रहता था। जिसके चलते आम जन को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। ऐसा कई बार देखने को भी मिला जब सड़क पर सीवर का पानी जमा रहने के चलते दुर्घटनाएं घटी और आम जन को सड़क पर उतरना पड़ा। इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं और खास कर गंदगी का मुद्दा उठाया था। इसके बाद निगमायुक्त सोनल गोयल ने इस क्षेत्र में व्याप्त गंदगी की समस्या के निराकरण के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई थी तथा अल्टीमेटम के बाद सफाई शुरू न होने पर क्षेत्र के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ एक कनिष्ठ अभियंता व एक सहायक सफाई निरीक्षक की सेवाएं भी समाप्त कर दी थी।

युवती ने दोस्त पर लगाया रेप का आरोप, शादी का वादा कर मुकरा

आरोपी के पिता, मां, भाई और भाभी पर केस

गुरुग्राम, 30 नवंबर (हप्र)

दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने नरेला थाना से आई शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। युवक-युवती दोनों लंबे समय तक रिलेशन में रहे हैं।

दिल्ली के नरेला क्षेत्र की रहने वाली 23 साल की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2014 में उसकी मुलाकात नरेला के संदीप से हुई। दोनों के बीच यह मुलाकात दोस्ती और बाद में प्यार में बदल गई। इस दौरान संदीप ने उसे शादी का झांसा दिया तथा उसे विश्वास में लेकर गुरुग्राम के डीएलएफ फेस 3 स्थित एक होटल में ले आया। आरोप है कि यहां संदीप ने युवती की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने जब उसकी इस हरकत का विरोध किया तो संदीप ने वादा किया कि जल्द ही उसके साथ शादी कर लेगा। इस बीच संदीप ने अपने परिजनों से युवती को मिलवाया भी।

परिजनों ने भरी थी विवाह की हामी

संदीप के परिजनों ने दोनों की शादी को सहमति देते हुए जल्द ही विवाह करवाने की बात कही। इसके बाद दोनों काफी समय तक गुरुग्राम में लिव इन रिलेशन में रहे। युवती का आरोप है कि अब आरोपी युवक और उसके परिजन शादी करने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी युवक के पिता प्रेम सिंह, मां कैलाश देवी, भाई राकेश उर्फ सोनू व भाभी संध्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह एफआईआर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर थाना नरेला से आई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वायु प्रदूषण को लेकर निगम आयुक्त ने ली बैठक

फरीदाबाद, 30 नवंबर (हप्र)

नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने निगम मुख्यालय में फरीदाबाद में वायु प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में बैठक कर समीक्षा की। उपरोक्त मीटिंग में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ठोस कचरा निष्पादन, जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण आदि के बारे में निगम अधिकारियों द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर जानकारी ली और अधिकारियों को वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने के निर्देष दिए। उपरोक्त बैठक में निग्मायुक्त ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए एंटी स्मॉग गन, स्मॉग टावर आदि जैसे कि सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिए है को अपनाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए।

कार की टक्कर से गैस एजेंसी कर्मी की मौत

फरीदाबाद, 30 नवम्बर (हप्र)

गांव मोहब्ताबाद के पास कार की टक्कर लगने से गैस एजेंसी के कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान डबुआ कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय सुधीर के रूप में हुई है। भाई सिकंदर ने बताया कि सुधीर यहां पत्नी व बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता था। उसके तीन बच्चे हैं। एक गैस एजेंसी में वह सिलेंडर सप्लाई का काम करता था। शुक्रवार रात वह सिलेंडर सप्लाई के रुपये एजेंसी के गोदाम में जमा कराने स्कूटी पर जा रहा था। मोहब्ताबाद के पास एक कार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। लोगों ने घायल सुधीर को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इंदिरा कैनाल में दरार, सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न

चरखी दादरी, 30 नवंबर (निस)

जिले के गांव अचिना व झिंझर के बीच से निकलने वाली इंदिरा कैनाल में करीब 20 फूट चौड़ी दरार आने से आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। जलभराव होने से धान, सरसों व गेहूं की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। देर शाम सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पीछे से पानी को बंद करवाया गया। देर रात तक नहर पाटने का कार्य शुरू हो पाया। दक्षिण हरियाणा में नहरी पानी के लिए बनाई गई इंदिरा कैनाल में शनिवार को गांव अचिना व झिंझर के बीच काफी चौड़ी दरार आने के कारण सैकड़ों एकड़ सरसों, धान व अन्य फसलें बर्बाद हो गई। कैनाल टूटने के बाद पानी का बहाव इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्रों में बड़े-बड़े कटाव हो गए और दूर-दूर तक खेतों में पानी ही पानी भर गया।

चरखी दादरी के गांव अचिना के समीप शनिवार को टूटी इंदिरा कैनाल से खेतों में जाता पानी। -निस

शिक्षाविदों ने किया शोध कार्य पर मंथन

रोहतक, 30 नवंबर (हप्र)

वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने, गुणवत्तापरक शिक्षा प्रणाली सृजित करने और उच्चतर शिक्षा को सामाजिक उत्थान के लिए प्रयोग में लाने के लिए आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंथन किया गया। शोध प्रविधि विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की उन्नति का रास्ता उच्च स्तरीय शोध कार्य से प्रशस्त होगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शोध संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया।

बाबा-शिष्य हत्याकांड

नहीं मिले सुराग, पुलिस को हत्यारों की तलाश

सोनीपत, 30 नवंबर (हप्र)

खरखौदा शहर के गोपालपुर मार्ग पर स्थित जाली सैय्यद पीर की मजार पर हुए दोहरे हत्याकांड के हमलावरों का अभी तक सुराग नहीं मिला है। पुलिस मामले की गुत्थी को सुलझा नहीं सकी है। पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में कई लोगों से पूछताछ की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा। पुलिस बाबा व उनके सेवक की रंजिश का भी पता लगा रही है।

गौरतलब है कि गांव झरोठ निवासी रामनाथ (55) फिलहाल शहर के गोपालपुर मार्ग पर जाली सैयद पीर पर रहते थे। बाबा रामनाथ के पास अकसर मूलरूप से यूपी के जिला गोरखपुर के गांव सिकरीगंज फिलहाल खरखौदा निवासी राम आशीष (40) आ जाता था। पत्थर घिसाई का काम करने वाला राम आशीष बाबा रामनाथ की सेवा किया करता था। वीरवार रात को राम आशीष बाबा रामनाथ के साथ सैयद पीर के परिसर में ही सो रहा था। शुक्रवार सुबह गोपालपुर मार्ग पर निर्माणाधीन नाले में बाबा रामनाथ व करीब आधा किलोमीटर दूर पीर स्थल प्रांगण में सेवक राम आशीष का शव पड़ा मिला था। पुलिस मामले में कोई सबूत नहीं जुटा सकी है। राम आशीष के परिजनों ने भी किसी से रंजिश होने की बात से इंकार किया है।

कई पहलुओं पर की जा रही जांच

पुलिस मामले में एक दिन पहले मजार पर आए अन्य बाबा के बारे में भी सुराग लगा रही है। इस बारे में डीएसपी हरेंद्र कुमार का कहना है कि इस मामले में कई पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। दोनों मृतकों की किसी से रंजिश को लेकर भी पूछताछ जारी है। इसके लिए उनके परिजनों से भी बातचीत की गई है। पुलिस जल्द मामले का पटाक्षेप करेगी।

दिव्यांग क्रिकेट के फाइनल में मुंबई ने 6 रन से यूपी को हराया

कैथल में शनिवार को टूर्नामेंट के दौरान गौरव पाडला को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक। -हप्र

कैथल, 30 नवंबर (हप्र)

नेशनल दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एमडीएन ग्लोबल पब्लिक स्कूल, कैथल में हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में युवा भाजपा नेता गौरव पाडला ने शिरकत की। प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, उतराखंड व पूर्वांचल राज्यों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रथम मैच हरियाणा और यूपी की टीम के खिलाड़ियों के बीच हुआ जहां रोमाचंक मुकाबले में हरियाणा की टीम को यूपी की टीम ने पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइल मैच यूपी व हरियाणा के बीच खेला गया। इसमें यूपी ने विजयी हासिल की। इसके बाद फाइनल मैच यूपी व मुंबई के बीच खेला गया। इसमें मुंबई ने 6 रनों से मैच जीता। इस मौके पर सीता राम महासचिव, संदीप प्रधान, अरुण खुराना कोषाध्यक्ष, खड़क सिंह प्यौदा आदि मौजूद रहे।

शिमला में उत्तर क्षेत्रीय बैंड प्रतियोगिता शुरू

शिमला, 30 नवंबर (निस)

शिमला में उत्तर क्षेत्रीय बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया। इसमें पंजाब हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर व चंडीगढ़ के छात्र-छात्राओं की 9 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को राष्ट्रीय स्तर के बैंड कांपटीशन में भाग लेने का मौका दिया जाएगा।

छात्र वर्ग में सैनिक पब्लिक स्कूल कपूरथला प्रथम, होली चाईल्ड पब्लिक स्कूल फरीदाबार द्वितीय, सैनिक स्कूल जम्मू तृतीय तथा छात्रा वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल अम्बाला सिटी प्रथम, सेक्रेटहार्ट गर्ल्स स्कूल चंडीगढ़ द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

					9		7	
7	6					4	5	
	4		6		7			
3		1	5		4	7		
		5	2		8	6		3
			3		5		8	
	3	9					2	4
	8		4					

पिछले कल का उत्तर

9	8	6	2	3	1	5	7	4
1	2	7	5	8	4	6	3	9
4	5	3	7	6	9	1	2	8
6	7	9	3	2	5	4	8	1
2	1	4	8	9	7	3	5	6
5	3	8	4	1	6	2	9	7
8	6	5	1	7	2	9	4	3
3	4	1	9	5	8	7	6	2
7	9	2	6	4	3	8	1	5

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

रविवार, 01 दिसंबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत्, 2076, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 5 तिथि (सायं 7.14 तक), उत्तराषाढ़ा नक्षत्र (सुबह 9.40 तक),वृद्धि योग (दोपहर 1.30 तक), मार्गशीर्ष 16 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : दिसंबर (2019) माह प्रारंभ, श्री पंचमी, श्री राम विवाहोत्सव, नाग पंचमी।

दिशाशूल : पश्चिम दिशा की यात्रा करने पर पान और घी खाकर जाएं।

राहुकाल : सायं 4.30 से 6.00 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	7.18	7.00	7.06
सूर्यास्त	5.20	5.20	5.16

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 1 दिसंबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल

आप धनु राशि के अंतर्गत आते हैं। आप गोरे चेहरे के, आकर्षक व्यक्तित्व, सुंदर आंखों, चौड़े मस्तक और सुंदर मुखड़े के मालिक हैं। यह अग्नि तत्वीय राशि गुरु ग्रह द्वारा संचालित हैं। आने वाले साल में आपके जीवन में कई परिवर्तन होने वाले हैं। इस वर्ष आपको संसार में अपनी प्रतिभा और अपने कार्यों को प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर मिलने वाला है। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। इस वर्ष कई सफलतायें मिलने की संभावना है। अप्रैल का महीना सबसे अच्छा रहने वाला है। आप अपने कई प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे।

शुभ रंग : गोल्डन, लाल, भूरा, सफेद

शुभ दिन : रविवार और सोमवार

शुभ अंक : 1, 4, 2, 7

शुभ रत्न : पुखराज, मूंगा, माणिक्य

जन्मदिन को ताबे, माणिक्य पत्थर, लाल फूल, लाल कपड़े, गेहूं और गुड़ आदि का दान करें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
धन मिल सकता है। निवेश कर सकते हैं। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
आय-प्रतिष्ठा में कमी संभव है। अनुबंध मिलने में समय लग सकता है।

मिथुन 22 मई से 21 जून
विवाह संबंधी निर्णय न लें। बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान दें। पदोन्नति में अभी देर है।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
अनुबंध मिल सकता है। संगीत में रुचि हो सकती है। निवेशक मिल सकता है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
उच्चशिक्षा में प्रगति संभव है। सामाजिक समारोह में सराहना संभव है।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
निवेशक का सम्मान करें। पदोन्नति को लेकर विवाद हो सकता है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
कानूनी विवाद से बचें। धन मिलने में बाधा है। बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान दें।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
संगीत में रुचि संभव है। धन मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
आय में कमी हो सकती है। निवेशक का सम्मान करें। संगीत में रुचि हो सकती है।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। कृषि-व्यापार में लाभ संभव है। प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
अनुबंध मिलने में बाधा है। निवेश प्रस्ताव पर निर्णय न लें। सुख में कमी हो सकती है।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
प्रतियोगी परीक्षा में सफलता संभव है। धन मिल सकता है। निवेशक मिल सकता है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

डेविस कप भारत ने 2014 के बाद पहली बार सभी मैच जीते

चारों खाने चित हुआ पाक

भारत 4-0 से जीत विश्व ग्रुप क्वालीफायर में। पेस ने बेहतर किया रिकार्ड

नूर सुल्तान, 30 नवंबर (एजेंसी)

अनुभवी टेनिस स्टार लिएंडर पेस ने अपना डेविस कप रिकार्ड बेहतर करते हुए जीवन नेदुंचेझियान के साथ अपना 44वां डबल्स मैच जीता जबकि भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर 2020 क्वालीफायर में जगह बना ली। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब और हुफैजा अब्दुल रहमान की जोड़ी पेस और जीवन के आगे टिक नहीं सकी। उन्होंने सिर्फ 53 मिनट में 6 -1, 6-3 से जीत दर्ज की। पिछले साल अपना 43वां डबल्स मैच जीतकर डेविस कप के इतिहास में सफलतम खिलाड़ी बने पेस ने इटली के निकोला पी को पछाड़ा था। पेस ने 56वें मुकाबले में 43वीं जीत दर्ज की थी जबकि निकोला ने 66 में से 42 मैच जीते। भारत ने फरवरी 2014 के बाद पहली बार किसी मुकाबले में सारे मैच जीते हैं। उस समय इंदौर में भारत ने चीनी ताइपै को 5-0 से हराया था।

नूर सुल्तान (कजाखस्तान) में शनिवार को मुकाबला जीतने के बाद खुशी जाहिर करती भारतीय टीम। -प्रेट्र

पेस का रिकार्ड तोड़ना असंभव

पेस का 44 जीत का रिकार्ड जल्दी टूट पाना संभव नहीं क्योंकि उनके अलावा कोई मौजूदा डबल्स खिलाड़ी शीर्ष 10 में नहीं है। बेलारूस के मैक्स मिरनी तीसरे नंबर पर हैं जिनके नाम 36 जीत दर्ज है लेकिन वह 2018 से टूर पर नहीं खेल रहे हैं। पेस डबल्स मुकाबले में जीत के मामले में भले ही शीर्ष पर हों लेकिन यह दिग्गज भारतीय कुल जीत के मामले में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 92 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि 35 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी के नाम पर अब कुल 92 जीत दर्ज हैं जिसमें एकल की 48 जीत भी शामिल हैं। एक और जीत के साथ पेस स्पेन के मैनुएल सेंटाना को पीछे छोड़ देंगे जिनका जीत-हार का रिकार्ड 92-28 है।

रिवर्स सिंगल में सुमित नागल ने युसूफ खलील को हराया

रिवर्स सिंगल में सुमित नागल ने युसूफ खलील को 6-1, 6-0 से मात दी। दोनों टीमों ने बेमानी हो चुका पांचवां मुकाबला नहीं खेलने का फैसला किया। पहले 3 मैच जीतने पर भी टीम के लिये चौथा मैच खेलना जरूरी था लेकिन नियम पांचवां मैच छोड़ने की इजाजत देते हैं।

क्वालीफायर्स में सामना क्रोएशिया से

अब क्वालीफायर्स में भारत का सामना क्रोएशिया से होगा और यह मुकाबला 6-7 मार्च को खेला जायेगा। डेविस कप फाइनल्स में 12 क्वालीफाइंग स्थानों के लिये 24 टीमें आपस में भिड़ेंगी। हारने वाली 12 टीमें सितंबर 2020 में विश्व ग्रुप वन खेलेंगी। विजेता टीमें फाइनल्स में खेलेंगी जिसके लिये कनाडा, ब्रिटेन, रूस, स्पेन, फ्रांस और सर्बिया पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने जीत को देश के सैन्य बलों को समर्पित किया।

बीसीसीआई एजीएम आज

लोढा सुधारों में ढिलाई, सीएसी की नियुक्ति पर होगी चर्चा

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसी)

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की अध्यक्षता में बीसीसीआई रविवार को जब अपनी पहली वार्षिक आम बैठक का आयोजन करेगा। इसमें सुप्रीमकोर्ट द्वारा स्वीकृत कुछ सुधारवादी कदमों में ढिलाई बरतने, क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) जैसी क्रिकेट समितियों का गठन और आईसीसी में बोर्ड का प्रतिनिधि नियुक्त करने पर चर्चा होगी। सुप्रीमकोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने 33 महीने तक बीसीसीआई का संचालन किया जिसके बाद पिछले महीने गांगुली की अगुआई में नये पदाधिकारियों ने प्रभार संभाला।

सौरव गांगुली का कार्यकाल विस्तार प्रमुख मुद्दा

बीसीसीआई अगर लोढा समिति के सुधारवादी कदमों में ढिलाई देता है तो गांगुली का 9 महीने का मौजूदा कार्यकाल बढ़ सकता है। लोढा समिति के सुधारवादी कदमों को सुप्रीमकोर्ट से स्वीकृति मिली हुई है। एजीएम के लिए जारी एजेंडा में बीसीसीआई के मौजूदा संविधान में अहम बदलाव का प्रस्ताव रखा गया है। सुप्रीमकोर्ट द्वारा स्वीकृत मौजूद संविधान के अनुसार अगर कोई पदाधिकारी बीसीसीआई या राज्य संघ में 3 साल के 2 कार्यकाल पूरा कर लेता है तो उसे 3 साल का अनिवार्य ब्रेक लेना होगा।

सुप्रीमकोर्ट से लेनी होगी स्वीकृति

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बताया कि सभी प्रस्तावित संशोधनों का लक्ष्य बोर्ड के ढांचे को मजबूत करना है और सुप्रीमकोर्ट से स्वीकृति मिलने पर ही इसे लागू किया जाएगा। हालांकि अब प्रस्ताव दिया गया है भविष्य में एजीएम में तीन-चौथाई बहुमत ही संविधान में किसी संशोधन को स्वीकृत देने के लिए पर्याप्त होगा क्योंकि सुप्रीमकोर्ट की स्वीकृति लेना व्यावारिक नहीं होगा जो मौजूदा संविधान के अनुसार जरूरी है।

खुल सकते हैं श्रीनिवासन के रास्ते

पिछले 3 साल में प्रशासनिक संकट के कारण आईसीसी में बीसीसीआई का रुतबा काफी कम हुआ है और ऐसे में बोर्ड ने प्रस्ताव रखा है कि वैश्विक संस्था में अनुभवी व्यक्ति बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करे और इसके लिए 70 साल की आयु सीमा का नियम लागू नहीं हो। ऐसी स्थिति में पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के बीसीसीआई की ओर से आईसीसी बैठक में हिस्सा लेने का रास्ता साफ हो सकता है। श्रीनिवासन को 2013 में खेल को झकझोरने वाले स्पाट फिक्सिंग प्रकरण के सामने आने के बाद पद छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा था। अनिवार्य ब्रेक बोर्ड और राज्य संघ में 2 कार्यकाल का प्रस्ताव तीन-चौथाई बहुमत से पारित होता है तो गांगुली और सचिव जय शाह का कार्यकाल भी बढ़ जाएगा।

अफगानिस्तान ने जीता मैच, भारत ने अंडर-19 श्रृंखला

लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)

गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन के बाद सूझबूझ भरी बल्लेबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने अंडर-19 क्रिकेट सीरीज के आखिरी मैच में भारत को दो विकेट से शिकस्त दी। हालांकि भारत ने यह श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, मगर उसकी पूरी टीम 49.3 ओवर में 157 रन बनाकर आउट हो गई। जवाब में अफगानिस्तान ने 45.3 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मात्र 63 रन के स्कोर पर उसकी आधी टीम पवेलियन लौट गई। बाद में ऋषभ बंसल 14) और सीटीएल रक्षण (15) ने स्कोर को आगे बढ़ाया और पूरी टीम मात्र 157 रन बनाकर आउट हो गई। अफगानिस्तान की तरफ से चाइनामैन गेंदबाज नूर अहमद ने 39 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा शफीक उल्ला गफ्फारी और आबिद मोहम्मदी ने भी दो-दो विकेट चटकाए। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 29 रन विक्रांत भदौरिया ने बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की भी शुरुआत खराब रही और उसके दोनों सलामी बल्लेबाज मात्र आठ रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उसके बाद इमरान मीर (31) और आसिफ मूसाजई (42) ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। हालांकि बाद में अफगानिस्तान के 7 विकेट मात्र 106 रन पर गिर गए।

सैयद मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट

सौरभ फाइनल में, रितुपर्णा हारकर बाहर

लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)

सौरभ वर्मा ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में कोरिया के हियो क्वांग ही पर तीन गेम की जीत के बाद सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल फाइनल में प्रवेश किया। इस साल हैदराबाद और वियतनाम में बीडब्ल्यूएफ 100 खिताब जीतने वाले 26 साल के भारतीय ने रोमांचक मुकाबले में दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी पर 21-17, 16-21, 21-18 से जीत दर्ज की।

अब फाइनल में सौरभ की भिड़ंत आठवें वरीय ताईवान के वांग जु वेई से होगी जिन्होंने दुनिया के पूर्व नंबर एक कोरियाई खिलाड़ी सोन वान हो को दूसरे सेमीफाइनल में 21-9 21-7 से शिकस्त दी। इससे पहले पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रितुपर्णा दास कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद थाईलैंड की फितायापोर्न चाइवान के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

न्यूजीलैंड के 375 रन, इंगलैंड को शुरू में ही झटके

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), 30 नवंबर (एजेंसी)

न्यूजीलैंड ने 375 रन बनाने के बाद इंगलैंड के दो विकेट जल्दी चटकाकर दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा। न्यूजीलैंड की टीम जब 191 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी तब पहले टेस्ट के हीरो बीजे वाटलिंग (55) ने पदार्पण कर रहे डेरिल मिशेल (73) के साथ छठे विकेट के लिए 124 रन जोड़कर पारी को संभाला। इसके जवाब में इंगलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दिन का खेल खत्म होने तक सलामी बल्लेबाज डाम सिब्ले (04) और जो डेनली (04) के विकेट गंवाकर 2 विकेट पर 39 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स 24 जबकि कप्तान जो रूट 6 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत 3 विकेट पर 173 रन से की लेकिन जल्द ही कल के दोनों नाबाद बल्लेबाजों टाम लैथम (105) और हेनरी निकोल्स (16) के विकेट गंवा दिए।

लैथम को स्टुअर्ट ब्राड (73 रन पर 4 विकेट) ने बोल्ड किया जबकि निकोल्स को सैम कुरेन (63 रन पर 2 विकेट) ने ब्राड के हाथों कैच कराया।

सीनियर कुश्ती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

विनेश, साक्षी ने जीते स्वर्ण, अनीता ने दिव्या को हराकर किया उलटफेर

जालंधर, 30 नवंबर (एजेंसी)

स्टार पहलवान विनेश फोगाट (55 किग्रा) और साक्षी मलिक (62 किग्रा) ने शनिवार को टाटा मोटर्स सीनियर कुश्ती राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के फाइनल में शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किये। हालांकि दिन का दिलचस्प मुकाबला हरियाणा की पहलवान अनीता श्योराण और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदकधारी दिव्या काकरान के बीच रहा। 68 किग्रा के फाइनल में अनीता ने रेलवे की पहलवान को हराकर उलटफेर किया।

35 साल की अनीता वापसी कर रही हैं और पिछले साल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली अनीता ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। पंजाब की गुरशरण कौर भी 6 साल के बाद वापसी कर रही हैं, उन्होंने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा की पूजा को 4-2 से मात दी। रेलवे की विनेश और साक्षी ने अपने फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। विनेश ने 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंजू को 7-3 से शिकस्त देकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपिक कांस्य पदकधारी साक्षी ने हरियाणा की राधिका को 62 किग्रा वर्ग के फाइनल में 4-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। चंडीगढ़ की पहलवान नीतू को 57 किग्रा वर्ग में अनुभवी सरिता मोर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा की निशा ने 65 किग्रा के फाइनल में रेलवे की नवजोत को 4-1 के अंतर से शिकस्त दी। पदक तालिका में हरियाणा की पहलवानों का दबदबा रहा जिन्होंने कुल 215 अंक जुटाये।

वार्नर का तिहरा शतक, स्मिथ का रिकार्ड

पाक के 6 विकेट पर 96 रन, 493 रन पीछे। 335 रन बनाकर नाबाद रहे वार्नर

एडीलेड, 30 नवंबर (एजेंसी)

पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा दिन-रात टेस्ट आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ के नाम हो गया। शनिवार को वार्नर ने नाबाद 335 रन और स्टीव स्मिथ ने सबसे तेज 7,000 रन जुटाने का रिकार्ड कायम कर दिया। आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शिकंजा कस लिया। कप्तान टिम पेन ने दूसरे दिन के डिनर ब्रेक से पहले 3 विकेट पर 589 रन के स्कोर पर अपने खिलाड़ियों को बुलाकर पहली पारी घोषित की। तब तक वार्नर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और 10वां सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर बना चुके थे। जवाब में पहली पारी में पाकिस्तान के 6 विकेट 96 रन पर गिर चुके हैं।

पारी घोषित करने के इस फैसले ने हालांकि उन्हें ब्रायन लारा के सर्वकालिक नाबाद 400 रन के रिकार्ड को तोड़ने से महरूम कर दिया। लेकिन यह निर्णय इस लिहाज से अच्छा था कि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में तेजी से पाकिस्तान के कमजोर शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। स्टंप तक पाकिस्तानी टीम मुश्किल में थी और उसका स्कोर 6 विकेट पर 96 रन हो गया था। मिशेल स्टार्क ने इनमें से 4 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। बाबर आजम 43 और यासिर शाह चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

आस्ट्रेलिया में लगातार 13 टेस्ट गंवा चुकी पाकिस्तानी टीम ने हालांकि सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन को 162 रन के स्कोर पर आउट किया। शाहीन अफरीदी की गेंद पर स्मिथ 36 रन बनाकर विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच देकर आउट हुए।

एडीलेड में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा शतक जड़ने के बाद खुशी जाहिर करते डेविड वार्नर। -एएफपी

आस्ट्रेलिया की शानदार बल्लेबाजी

आस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 302 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब वार्नर 166 और लाबुशेन 126 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने 67 रन और जोड़े जिसके बाद पाकिस्तान को इस 361 रन की रिकार्ड भागीदारी को तोड़ने में सफलता मिली। अफरीदी ने 25 साल के लाबुशेन को बोल्ड किया जो 162 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटे तो सभी ने खड़े होकर तालियां बजायी और यह उनकी लगातार दूसरी शतकीय पारी थी। उन्होंने और वार्नर ने दूसरे विकेट के लिये 361 रन की मैराथन रिकार्ड साझेदारी खेली जो आस्ट्रेलिया की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ और गुलाबी गेंद के टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ भागीदारी थी। कुछ मिनट बाद वार्नर ने अपना दूसरा टेस्ट दोहरा शतक पूरा किया। अपने 81वें टेस्ट में खेल रहे वार्नर ने अफरीदी की गेंद पर एक रन लेकर 200 रन पूरे किये। वार्नर को 'नो बॉल' के कारण 226 रन पर जीवनदान मिला और उन्होंने इस मौके का पूरा फायदा उठाया।

स्मिथ ने 73 साल का रिकार्ड तोड़ा

एडीलेड में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ शॉट जड़ते स्टीव स्मिथ। -एएफपी

इस दौरान स्मिथ ने 1946 से चले आ रहे रिकार्ड को तोड़ दिया। उन्होंने मुहम्मद मूसा की गेंद पर एक रन लेकर अपनी 126वीं पारी में 7,000 रन पूरे किये और इंगलैंड के महान खिलाड़ी वाली हैमंड के 73 साल से चले आ रहे रिकार्ड को तोड़ा। उन्होंने यह उपलब्धि 131वीं पारी में हासिल की थी। स्मिथ इस तरह देश के महान खिलाड़ी डोनाल्ड ब्रैडमैन के 6,996 टेस्ट रन के रिकार्ड को तोड़ने में भी सफल रहे।

epaper.dainiktribuneonline.com

सेंटा की गोद में खिलखिलाता बच्चा

बीवर क्रीक में शनिवार को वार्षिक ट्री लाइटिंग के दौरान एक बच्चे को गोद में उठाये सेंटा क्लॉज। -प्रेट्र

इंद्राणी की जमानत पर 10 को आ सकता है फैसला

मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसी)

मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर 10 दिसंबर को फैसला सुना सकती है। इंद्राणी ने करीब 6 महीने पहले विशेष न्यायाधीश जेसी जगदले के समक्ष स्वास्थ्य आधार पर जमानत याचिका दायर की थी और यह उसकी चौथी कोशिश है। इंद्राणी के वकील तनवीर अहमद ने शनिवार को दलील दी कि वह 'घातक बीमारी' से जूझ रही है। अहमद ने उस दावे का विरोध किया कि इंद्राणी को जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकती है।

दिल्ली महिलाओं के खिलाफ अपराधों से नाराज

संसद के सामने प्रदर्शन कर रही युवती को थाने ले गई पुलिस

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसी)

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों से नाराज एक युवती ने राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह संसद के बाहर फुटपाथ पर धरना दिया। पुलिस ने बताया कि युवती की पहचान अनु दुबे के तौर पर हुई है, जो संसद के प्रवेश द्वार 2-3 के समीप फुटपाथ पर हाथ में एक तख्ती लिए बैठी थी, जिस पर लिखा था 'मैं अपने भारत में सुरक्षित क्यों नहीं महसूस करती।'

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उसे जंतर-मंतर जाकर प्रदर्शन करने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद उसे पुलिस अपनी गाड़ी में संसद मार्ग स्थित थाने ले गई। इस दौरान युवती की आंखें नम थीं। उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारियों ने युवती की बात सुनी और उसके बाद उसे छोड़ दिया गया। मीडिया से बातचीत में दुबे ने कहा कि वह अधिकारियों से मिलना चाहती है। दुबे के प्रदर्शन से एक दिन पहले हैदराबाद के पास एक पुलिया के नीचे से 27 वर्षीय युवती का झुलसा हुआ शव मिला था। उसे जलाने से पहले उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। इससे पहले रांची में 25 वर्षीय एक युवती के साथ हथियारों से लैस कुछ पुरुषों के समूह के गैंगरेप करने की घटना सामने आई थी।

नयी दिल्ली में शनिवार को अनु दुबे को हिरासत में ले जाती पुलिस। -मुकेश अग्रवाल

तेलंगाना थाने में चारों आरोपी, बाहर लोग बोले

आरोपियों के साथ वैसा ही किया जाए, जैसा पीड़िता के साथ हुआ

हैदराबाद (एजेंसी) : हैदराबाद में शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों ने उस थाने के बाहर प्रदर्शन किया जहां महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार एवं हत्या के आरोपियों को बंद किया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों को 'कड़ी' सजा देने की मांग की। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शादनगर पुलिस थाने के बाहर एकत्रित हुए और आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी की। इनमें से कुछ लोगों ने मांग की कि आरोपियों को मौत की सजा दी जाए।

एक व्यक्ति ने कहा, 'यदि उन्हें अदालत ले जाया जाता है तो यह पर्याप्त नहीं होगा। उनसे वैसा ही व्यवहार होना चाहिए जैसा उन्होंने पीड़िता के साथ किया।' एक अन्य व्यक्ति ने कहा, 'यदि आप वैसा नहीं कर सकते तो उन्हें हमें सौंप दें।' पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि वे आरोपियों की 100 फीसदी दोषसिद्धि सुनिश्चित करेंगे और लोगों से सहयोग करने का अनुरोध किया।

वकीलों ने किया कानूनी सहायता उपलब्ध न कराने का फैसला

स्थानीय बार एसोसिएशन ने आरोपियों को कोई भी विधिक सहायता उपलब्ध नहीं कराने का फैसला किया है।

सरकारी अस्पताल में कार्यरत 25 वर्षीय पशु चिकित्सक से चार युवकों ने बृहस्पतिवार रात में शहर के बाहरी इलाके में बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी थी। ये चारों युवक लॉरी मजदूर हैं। इस जघन्य अपराध के सिलसिले में 4 युवकों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। इस घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश है।

चिन्मयानंद की कोर्ट में पेशी, अगली सुनवाई 16 को

शाहजहांपुर (यूपी), 30 नवंबर (एजेंसी)

अपने ट्रस्ट द्वारा संचालित कॉलेज की एक छात्रा से बलात्कार के आरोप में जेल में बंद में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद को शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।

अभियोजन अधिकारी लाल साहब ने बताया कि आज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ओमवीर की अदालत में स्वामी चिन्मयानंद की पेशी हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने अगली पेशी की तारीख 16 दिसंबर तय की है।

पाक ने छेड़ रखा है छद्म युद्ध : राजनाथ

पुणे, 30 नवंबर (एजेंसी)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ने 'छद्म' युद्ध छेड़ रखा है क्योंकि उसे अहसास हो चुका है कि वह 'परंपरागत' युद्ध नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जो 'छद्म' युद्ध का रास्ता अख्तियार किया है, वह एक दिन उसकी हार की वजह बनेगा। सिंह पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 137वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में बोल रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को 1948 से लेकर 1965, 1971 और 1999 से यह अहसास हो गया था कि वह किसी भी परंपरागत या सीमित युद्ध में भारत के खिलाफ जीत नहीं सकता। सिंह ने कहा कि भारत के अन्य देशों के साथ हमेशा शिष्ट और मैत्रीपूर्ण रिश्ते रहे हैं। भारत की अपने क्षेत्र से अतिरिक्त कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही लेकिन अगर उसे उकसाया गया तो वह किसी को नहीं बख्शेगा। उन्होंने कहा, 'हम देश की संप्रभुत्ता और लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध हैं। लेकिन अगर कोई हमारी धरती पर आतंकवादी शिविर चलाता है या कोई हमला करता है तो हम जानते हैं कि मुंहतोड़ जवाब कैसे दिया जाता है।' भारतीय सेना न केवल देश की सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि यह सीमाओं के पार कार्रवाई करने में भी सक्षम है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट में हवाई हमले भारत की सैन्य क्षमताओं के उदाहरण हैं।'

पुणे में शनिवार को एनडीए की पासिंग आउट परेड के दौरान कैडेट्स को बैज लगाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। - प्रेट्र

महिला आयोग ने पुलिस को दिया नोटिस

नयी दिल्ली (एजेंसी) : दिल्ली महिला आयोग ने शनिवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा कि अनु दुबे नामक प्रदर्शनकारी ने संसद मार्ग थाने के पुलिस कर्मियों पर 'दुर्व्यवहार तथा हिंसा' का आरोप लगाया। पीड़िता ने इस संबंध में संसद मार्ग थाने में एक शिकायत दर्ज करायी है। दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी कर 4 दिसंबर तक रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि हेड कांस्टेबल कुलदीप एवं मंजू तथा एक और पुलिसकर्मी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया, पीटा और धमकी दी। आयोग ने नोटिस में कहा कि पीड़ित महिला को कथित रूप से एक बिस्तर पर फेंका गया जहां 3 महिला पुलिसकर्मी उसके ऊपर बैठ गयीं और उसे पीटा। आयोग ने नोटिस में कहा है कि उसके शरीर पर चोट के निशान हैं और जख्मों से रक्तस्राव हो रहा था।

गुजरात मां के साथ सो रही 8 साल की बच्ची अगवा, बलात्कार

राजकोट : एक अज्ञात व्यक्ति ने मां के साथ बगीचे में सो रही एक 8 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर उससे बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि जिले के थोराला इलाके में एक बगीचे में मां-बेटी सो रही थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर किसी सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया। बच्ची की मां ने शनिवार सुबह एफआईआर दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि राजकोट पुलिस आयुक्त ने अपराधी के बारे में जानकारी देने वाले को 50 हजार रुपये ईनाम देने की गोषणा की है।

6 दिसंबर को शौर्य दिवस न मनाएं : महंत नृत्य गोपाल

अयोध्या (यूपी), 30 नवंबर (एजेंसी)

राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अयोध्या में 6 दिसंबर को विवादित ढांचा विध्वंस की बरसी पर इस साल से 'शौर्य दिवस' नहीं मनाने की अपील करते हुए कहा कि अदालत से मंदिर निर्माण का रास्ता साफ होने के बाद अब 'खुशी और गम' जैसे कार्यक्रमों का कोई औचित्य नहीं है। महंत दास ने यहां एक बयान में कहा कि 9 नवंबर को देश की सबसे बड़ी अदालत ने श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले के दौरान जिस प्रकार सभी देशवासियों ने एक साथ मिलकर सम्पूर्ण विश्व को शान्ति और आपसी समन्वय का संदेश दिया, ठीक उसी तरह हम किसी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन कर तनाव का माहौल न बनने दें।

इस बीच, विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि उनका संगठन भी 6 दिसंबर को 'शौर्य दिवस' नहीं मनाएगा। मालूम हो कि 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा ढहाये जाने के बाद से विहिप समेत कई हिन्दू संगठन हर साल इस दिन 'शौर्य दिवस' मनाते रहे हैं। वहीं, मुस्लिम संगठन इसे 'यौम-ए-गम' के तौर पर याद करते हैं।

इराक पीएम के इस्तीफे की घोषणा के बाद भी जारी हैं प्रदर्शन

नासिरिया, 30 नवंबर (एजेंसी)

इराक में प्रधानमंत्री आदिल अब्दुल मेहदी के इस्तीफे की घोषणा के बावजूद सरकार विरोधी प्रदर्शन थम नहीं रहे हैं। प्रदर्शनकारी 'भ्रष्ट' व्यवस्था को दुरुस्त करने और विदेशी शक्तियों से मुक्त कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। इराक के लोग खस्ताहाल अनिवार्य सेवाओं, नौकरियों के अभाव और भ्रष्टाचार के खिलाफ अक्टूबर की शुरुआत से प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 420 लोगों की मौत हो चुकी है और 15,000 लोग घायल हुए हैं। इस सप्ताह राजधानी बगदाद, पवित्र शहर नजफ और प्रधानमंत्री मेहदी के जन्मस्थान नासिरिया शहर में हुई झड़पों में दर्जनों लोगों की मौत हुई है। इस बीच प्रधानमंत्री मेहदी ने प्रदर्शकारियों और शीर्ष शिया धर्मगुरु आयतुल्ला अली सिस्तानी की ओर से बढ़ते दबाव के कारण शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह रविवार तक संसद को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। बहरहाल, प्रदर्शनकारी इससे संतुष्ट नहीं है।

गैस सिलेंडर फटने से परिवार के 6 लोगों की मौत

जम्मू, 30 नवंबर (हप्र)

रामबन जिले के बनिहाल में रसोई गैस सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके 5 बच्चों की मौत हो गयी, जबकि एक रिश्तेदार की हालत नाजुक है। बनिहाल के बलोट गांव में शुक्रवार रात दर्शना देवी खाना बनाने की तैयारी में थी। उनकी 4 बेटियां, डेढ़ साल का बेटा और एक रिश्तेदार घर में मौजूद था। इसी दौरान सिलेंडर में आग लग गई वह फट गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला व 3 बेटियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य को जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया। शनिवार को एक अन्य बेटी और बेटे की भी मौत हो गयी।

झारखंड विधानसभा चुनाव

पहले चरण में हल्की हिंसा, 62.87% वोटिंग

रांची, 30 नवंबर (एजेंसी)

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शनिवार को 13 सीटों पर 62.87 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान दोपहर बाद 3 बजे खत्म हुआ। अधिकारियों ने बताया कि कुछ स्थानों पर हिंसा की मामूली वारदात देखने को मिलीं। प्रदेश की 81 विधानसभा सीटों के लिये 5 चरणों में मतदान होना है।

अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्वाधिक मतदान की खबर है। दूसरी ओर डाल्टनगंज में कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी और भाजपा समर्थकों में झड़प की घटना हुई है, जिसकी जांच के आदेश दिये गये हैं।

चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि मतदान का समय दोपहर बाद 3 बजे समाप्त होने तक कुल 62.87 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि अभी दूरदराज के कई नक्सल प्रभावित इलाकों से अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद मतदान का प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है।

कहां, कितने प्रतिशत मतदान

उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक चतरा में 56.59, गुमला में 67.30, बिशुनपुर में 67.04, लोहरदगा में 64.16, मनिका में 57.61, लातेहार में 61.26, पांकी में 64.10, डाल्टनगंज में 63.90, बिश्रामपुर में 61.60 प्रतिशत, छतरपुर में 62.30, हुसैनाबाद में 60.90, गढ़वा में 66.04 और भवनाथपुर में 65.52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सुबह लगभग साढ़े 8 बजे नक्सलियों ने बिशुनपुर के घाघरा गांव के जंगल में एक पुलिया के निकट विस्फोट किया।

कर्ज में डूबे किसान ने लगाया फंदा

बांदा (उप्र) 30 नवंबर (एजेंसी)

बांदा से सटे महोबा जिले के पनवाड़ी कस्बे में कर्ज में डूबे एक किसान ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। तहसीलदार सुबोधमणि शर्मा ने शनिवार को बताया कि पनवाड़ी कस्बे के सुभाष नगर निवासी किसान राकेश साहू (40) ने शुक्रवार को अपने घर में पंखे के हुक से कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत किसान राकेश की पत्नी बुधिया ने बताया कि उसके पति ने इलाहाबाद बैंक की पनवाड़ी शाखा से 2013 में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 1.40 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जो अब बढ़कर 2 लाख 11 हजार रुपये हो गया। कर्ज की एक भी किश्त न अदा कर पाने पर बैंक ने हाल ही में जमीन नीलाम करने का नोटिस दिया था।

अमेरिका में मैसूर के युवक की गोली मारकर हत्या

बेंगलुरु, 30 नवंबर (एजेंसी)

अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान में परास्नातक (मास्टर डिग्री) की पढ़ाई कर रहे मैसूर के एक व्यक्ति की एक अज्ञात हमलावर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। परिवार के सदस्यों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

25 वर्षीय व्यक्ति के चचेरे भाई श्रीवत्स ने बताया कि अभिषेक सुदेश भट्ट कैलिफोर्निया में एक मोटल में अस्थायी तौर पर काम कर रहा था, जहां उसे गुरुवार को गोली मार दी गई।

वह सैन बर्नार्डिनो में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था। यह घटना गुरुवार सुबह 11.30 से दोपहर 12.30 बजे के बीच की है।

चूंकि पोस्टमार्टम समेत कानूनी प्रक्रिया में कुछ समय लग सकता है, इसलिए परिवार ने कैलिफोर्निया में ही अंतिम संस्कार करने का फैसला किया है। परिवार ने कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कैलिफोर्निया के अधिकारियों के अलावा भारतीय दूतावास के साथ-साथ यहां के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है।

इराक में शनिवार को प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार करते सुरक्षाकर्मी। - एएफपी

सूरीनाम के राष्ट्रपति को 20 साल कैद

पैरामारिबो, 30 नवंबर (एजेंसी)

सूरीनाम के राष्ट्रपति डेजी बोउटर्स को एक सैन्य अदालत ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्या के मामले में शुक्रवार को 20 साल कैद की सजा सुनाई। मामला 1982 का है, जब बोउटर्स दक्षिणी अमेरिकी देश के तानाशाह थे।

बोउटर्स के वकील इरविन कैनहई ने कहा कि राष्ट्रपति अभी चीन यात्रा पर हैं और अगले सप्ताह वापस आने के बाद फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

तैयारी में जुटे कांग्रेस, भाजपा और आप

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अनधिकृत कालोनियां बनेंगी मुद्दा

हरीश लखेड़ा/ट्रिब्यून

नयी दिल्ली, 30 नवंबर

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शपथ के बाद भाजपा और कांग्रेस भी अब दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। आम आदमी पार्टी (आप) पहले से चुनावी ताल ठोकने लगी है। प्रदेश के इन तीनों प्रमुख दलों की तैयारी को देखकर साफ हो गया है कि इस बार अनधिकृत कालोनियों का मामला सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनने जा रहा है।

दिल्ली की 1731 अनधिकृत कालोनियों के 40 लाख लोगों को मालिकाना हक दिलाने संबंधी बिल को लोकसभा से हरी झंडी मिल जाने के बाद इस मुद्दे पर दिल्ली की सियासत गरमा गई है।

दिल्ली में लगभग हर चुनाव में अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने का मामला चुनाव में उछलता रहा है, कई बार इस कालोनियों को पास किया गया है, लेकिन अगले चुनाव तक नयी अनधिकृत कालोनियां बस जाती हैं। इससे यह मुद्दा तब तक सामप्त होने के आसार नहीं है, जब तक कि दिल्ली में जमीन बची है। दिल्ली के लगभग 60 फीसदी मतदाता अनधिकृत अथवा नियमित अनधिकृत कालोनियों में ही रहते हैं। ये लोग ही चुनाव नतीजों की दिशा तय करते हैं। इसलिए तीनों की दल इनके हिमायती बनने की कोशिश में लग गए हैं।

कांग्रेस यह कहकर इन दोनों दलों को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि अब तक इन कालोनियों को नियमित क्यों नहीं किया गया। केजरीवाल सरकार प्रदेश की सभी अनधिकृत कालोनियों में बने सेफ्टी टैंकों की सफाई सरकारी खर्च पर कराने का फैसला कर पहले ही इन कालोनियों के लोगों को लुभाने का प्रयास कर चुके हैं। अब भाजपा केजरीवाल से एक कदम आगे जाने के लिए संसद से इन कालोनियों को नियमित कराने जा रही है।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, प्लाट नं. 123, सेक्टर-37, पेस सिटी-1, गुरुग्राम से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर CHAHIN/ 2017/ 72698
गुरुग्राम फोन : 0124-2210033, 2210044.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

epaper.dainiktribuneonline.com